# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार 19 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 63 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




बारिश के बीच रांची में छात्रवृत्ति के लिए प्रदर्शन करते आदिवासी छात्र संघ से जुड़े छात्र

## संक्षिप्त समाचार

### गृह विभाग के संयुक्त और अवर सचिव निलंबित

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** सरकार ने राज्य गृह विभाग के संयुक्त सचिव मनीषा जोसेफ तिग्गा और अवर सचिव संजय झा को निलंबित कर दिया है। इन दोनों अधिकारियों को सीसीटीवी लगाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायालय का मित्र को बिना अनुमति रिपोर्ट भेजने के आरोप में निलंबित किया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के सभी थानों में सीसीटीवी लगाने से संबंधित एक मुकदमा चल रहा है। इसमें सभी राज्यों को थानों में सीसीटीवी लगाने के सिलसिले में रिपोर्ट दायर करना है।

### विवाहिता की मौत के बाद बवाल

**चक्रधरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम में एक महिला की मौत के बाद दो परिवारों के बीच विवाद गहरा गया है। मायके पक्ष का आरोप है कि डायन के शक में हत्या की गई है जबकि ससुराल पक्ष ने आरोप से इनकार किया है। घटना झींकपानी थाना क्षेत्र अंतर्गत चंद्री पंचायत के पनसुवां गांव की है। मृतका की पहचान 24 वर्षीय करिश्मा राय के रूप में हुई है।

### माढ़ोजोरा जंगल में मिला अज्ञात युवक का शव

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** टुंडी प्रखंड स्थित मनियाडीह थाना क्षेत्र की जीतपुर पंचायत के माढ़ोजोरा जंगल में शनिवार को एक अज्ञात युवक का शव मिला। शव मिलने की सूचना से इलाके में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार कुछ ग्रामीण जंगल में गए थे, जहां उन्होंने शव देखा। ग्रामीणों ने तत्काल जीतपुर पंचायत के मुखिया इंदरलाल बास्की को इसकी सूचना दी। मुखिया ने बिना देरी किए मनियाडीह थाना पुलिस को मामले से अवगत कराया।

### बाइकों की टक्कर में कोल नेता का निधन

**जामताड़ा(नबिटा ब्यूरो)।** भारत प्राचीन आदिवासी कोल जाति कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमा नाथ कोल का शनिवार को फतेहपुर थाना क्षेत्र में डिग्री कॉलेज के समीप एक सड़क हादसे में निधन हो गया। इस घटना से कोल समाज में शोक व्याप्त है। उमा नाथ कोल झारखंड आंदोलन के वरिष्ठ नेता शिबू सोरेन के पुराने सहयोगी रहे थे। वे लंबे समय से समाज के उत्थान के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे थे।

### छात्रवृत्ति नहीं मिलने पर छात्रों का प्रदर्शन

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के छात्रों की लंबित छात्रवृत्ति को लेकर शनिवार को आदिवासी छात्र संघ ने जोरदार प्रदर्शन किया। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से अल्बर्ट एक्का चौक तक रैली निकालकर छात्रों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और कल्याण मंत्री चमरा लिंडा के इस्तीफ़े की मांग की। प्रदर्शनकारी छात्रों का आरोप है कि पिछले डेढ़ से चार वर्षों से हजारों छात्रों को छात्रवृत्ति भुगतान नहीं हुआ है।

## झारखंड हाई कोर्ट का अहम फैसला

# राज्य में चौकीदार भर्ती में बीट निवासी होने की अनिवार्यता खत्म

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** हाई कोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने गोड्डा जिले की चौकीदार भर्ती मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि केवल संबंधित बीट क्षेत्र का स्थायी निवासी नहीं होने के आधार पर किसी योग्य अभ्यर्थी को नियुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने राज्य सरकार और गोड्डा जिला प्रशासन को प्रार्थियों के मामलों पर दोबारा विचार कर नियमानुसार नियुक्ति देने का निर्देश दिया है। अदालत ने विशाल हेंब्रम एवं अन्य की याचिका स्वीकार करते हुए निष्पादित कर दिया। याचिका में कहा गया था कि गोड्डा जिले में चौकीदार के 276 पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू की गई थी। प्रार्थियों ने लिखित परीक्षा और शारीरिक दक्षता परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की थी। इसके बाद अंतिम परिणाम में केवल 109 पदों का ही परिणाम प्रकाशित किया गया और बड़ी संख्या में पद रिक्त छोड़ दिए गए। प्रार्थियों का आरोप था कि उनसे कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों का चयन कर लिया गया, जबकि उन्हें केवल इस आधार पर नियुक्ति नहीं दी गई कि वे संबंधित बीट क्षेत्र के निवासी नहीं हैं। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार यह साबित नहीं कर सकी कि याचिकाकर्ताओं को किसी अन्य वैध कारण से अयोग्य ठहराया गया था। रिकार्ड से यह स्पष्ट हुआ कि उनके दावे को केवल संबंधित बीट का निवासी नहीं होने के आधार पर अस्वीकार किया गया था। हाई कोर्ट ने अपने पूर्व के खंडपीठ के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि झारखंड चौकीदार कैडर नियमावली, 2015 तथा भर्ती विज्ञापन की शर्तों में संबंधित बीट का निवासी होना अनिवार्य नहीं है। यदि किसी बीट में उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हो तो पड़ोसी बीट के योग्य अभ्यर्थी की भी नियुक्ति की जा सकती है। अदालत ने कहा कि केवल स्थायी निवास के आधार पर इस तरह का भेदभाव या आरक्षण कानून की भावना के अनुरूप नहीं है। कोर्ट ने राज्य सरकार और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ताओं के मामलों पर नए सिरे से विचार करें और यदि वे अन्य सभी पात्रता शर्तें पूरी करते हों तथा कोई कानूनी बाधा न हो तो उन्हें नियुक्ति पत्र जारी किया जाए।




# दम घुटने से मां और मासूम बच्चे की मौत, दो गंभीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक घटना सामने आया है। यहां एक मां और उसके ढाई साल के मासूम बच्चे की मौत हो गई। यह भयानक हादसा घर में कोयले के चूल्हे की वजह से हुआ है। इस हादसे में दो अन्य लोग गंभीर है जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। रातू थाना क्षेत्र के चटकपुर में कोयले के चूल्हे की वजह से बड़ा हादसा सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार बिहार के छपरा की रहने वाली 40 वर्षीय पिंकी देवी अपने दो बच्चों और ननद के साथ चटकपुर स्थित एक किराये के मकान में रहती थी। शुक्रवार की रात पिंकी देवी ने कोयले के चूल्हे पर खाना पकाया और सभी ने एक साथ खाना भी खाया लेकिन पिंकी कोयले के चूल्हे को कमरे से बाहर निकालना भूल गई और कमरा बंद करके सो गई। शनिवार की सुबह जब काफी देर हो जाने के बाद भी कमरे का दरवाजा नहीं खुला तब दरवाजे को किसी तरह से खोला गया जहां पिंकी देवी, उनके दोनों बच्चे और ननद बेहोश पड़े थे। स्थानीय लोगों के द्वारा ही सभी को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने बताया कि पिंकी देवी और उसके ढाई साल के बेटे की मौत अस्पताल लाने से पहले ही हो चुकी थी। दम घुटने की वजह से दोनों की मौत हुई है। इस हादसे में पिंकी देवी की साढ़े तीन साल की बेटी और 17 साल की ननद की हालत बेहद गंभीर है। दोनों का इलाज किया जा रहा है। मामले की जानकारी मिलने के बाद रातू पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन की। रातू थाना प्रभारी आदिकांत महतो ने बताया कि मां और बच्चे की मौत दम घुटने की वजह से हुई है। कमरे से कोयले का चूल्हा बरामद किया गया है। कमरे में वेंटिलेशन का कोई रास्ता नहीं था, इस वजह से लोगों का दम घुट गया होगा। वहीं मृतक पिंकी देवी की बेटी और ननद का इलाज चल रहा है।

# विधानसभा के कर्मचारी विवेक राउत के आवास पर वन विभाग का छापा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दुमका।** जिले के महुआडंगाल इलाके में शनिवार सुबह वन विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने विवेक राउत के आवास के घर पर छापेमारी की। विवेक राउत दिशोम गुरु एवं झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन के पूर्व पर्सनल सेक्रेटरी थे। कार्रवाई के दौरान इलाके में काफी देर तक गहमागहमी का माहौल बना रहा। जानकारी के अनुसार छापेमारी का नेतृत्व प्रशिक्षु आईएफएस अधिकारी ने किया। संयुक्त टीम में 20 से 25 फॉरेस्ट गार्ड, महिला पुलिसकर्मी, नगर थाना और मुफस्सिल थाना की पुलिस शामिल थी। टीम ने घर को चारों ओर से घेरने के बाद अंदर सघन तलाशी अभियान चलाया। तलाशी कई घंटों तक जारी रही। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने घर के विभिन्न हिस्सों की बारीकी से जांच की। हालांकि कार्रवाई के दौरान क्या-क्या जांच की गई और टीम किस उद्देश्य से पहुंची थी, इस संबंध में किसी अधिकारी ने आधिकारिक जानकारी नहीं दी। सर्च अभियान समाप्त होने के बाद स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से लिखित रूप में यह प्रमाणित करने की मांग की कि जांच के दौरान घर से कोई आपत्तिजनक या अवैध सामग्री बरामद नहीं हुई है। इस संबंध में अधिकारियों ने मौके पर कोई सार्वजनिक टिप्पणी नहीं की। वन विभाग और पुलिस की ओर से अब तक छापेमारी के कारणों का खुलासा नहीं किया गया है। यह कार्रवाई किस मामले में की गई और जांच का आधार क्या था, इसे लेकर विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। ऐसे में पूरे मामले को लेकर इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।


## दिनदहाड़े युवक की हत्या

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के व्यस्त इलाकों में से एक गम्हरिया के बोलियाडीह में शनिवार दोपहर एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। मंदिर के ठीक सामने करीब दोपहर एक बजे चार-पांच अज्ञात अपराधियों ने एक युवक की धारदार हथियार से काटकर निर्मम हत्या कर दी। मृतक की पहचान गम्हरिया निवासी जगन्नाथ गोप उर्फ कड़ा के रूप में हुई है।

# पलामू सांसद की पहल पर पांच सड़कों को मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** भाजपा सांसद विष्णुदयाल राम की पहल पर पांच रोड को बनाने की मंजूरी मिली है। ये सभी रोड महत्वपूर्ण हैं। रोड बनने से हजारों लोगों को फायदा होगा। पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने झारखंड सरकार से रोड बनाने के लिए अनुशंसा की थी जिसके बाद राज्य सरकार ने रोड बनाने की मंजूरी दे दी है। पलामू सांसद की अनुशंसा पर नेशनल हाइवे 139 से हरिहरगंज के दुबटिया मोड़ से पिपरा होते हुए हुसैनाबाद तक रोड बनाने की मंजूरी मिली है। यह काफी महत्वपूर्ण रोड माना जाता है। इस रोड के बन जाने से हुसैनाबाद से बिहार और छत्तीसगढ़ से बिहार के कनेक्टिविटी बेहद ही आसान हो जाएगी। वहीं चेचरिया से जमडीहा, करकट्टा होते हुए बसरिया वाया जोगा तक लगभग 13 किलोमीटर रोड बनाने की मंजूरी मिली है। जपला-छतरपुर से मझौली, पीपरा बाजार, वाया सरहू, झगराखांड, हसनपुर, मधुबाना तक 15 किलोमीटर रोड बनाने की मंजूरी मिली है। गढ़वा के अतिनक्सल प्रभावित इलाके बूढ़ापहाड़ से सटे हुए परो से कुरून, तिहारो, हरता, चपलसी होते हुए पाट फकीराडीह तक लगभग 24 किलोमीटर रोड निर्माण को मंजूरी मिली है। गढ़वा के हई पनघटवा टाटीदीरी मार्च धुरकी तक लगभग 13 किलोमीटर रोड की मंजूरी मिली है। पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम का कहना है कि सभी पांच रोड महत्वपूर्ण है। रोड के बन जाने से एक बड़ी आबादी को लाभ होगा। अगले कुछ दिनों में विभाग के इंजीनियर इलाके में जाएंगे और रोड निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा।



# क्रिमिनल बैकग्राउंड वाले दो हजार लोगों पर शुरू हुआ सर्विलांस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने क्रिमिनल बैकग्राउंड वाले 2000 लोगों को सर्विलांस पर रखा है। उनकी गतिविधियों पर पुलिस खास नजर रखी हुई है। इससे पहले पलामू पुलिस ने क्रिमिनल बैकग्राउंड वाले लोगों की सूची तैयार की थी। सूची को अलग-अलग कैटेगरी में बांटा गया है और सभी के खिलाफ सर्विलांस शुरू की गई। आपराधिक संगठनों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पुलिस ने तीन अलग-अलग स्पेशल टीम गठित की है। नारकोटिक्स, आर्म्स एक्ट और प्रॉपर्टी ऑफेंस से जुड़े अपराधियों के खिलाफ मुकदमों के लिए पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। तीनों टीम का नेतृत्व सब इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी कर रहे हैं। पलामू पुलिस पूरे जिले को सेनीटाइज करने और आपराधिक गतिविधि को खत्म करने के लिए इस कदम को उठाया है। पलामू एसपी कपिल चौधरी के निर्देश पर सर्विलांस शुरू किया गया है और अपराधियों की सूची तैयार की गई है। पलामू पुलिस की सूची में आपराधिक बैकग्राउंड वाले सबसे अधिक मेदिनीनगर, चैनपुर और लेस्लीगंज के इलाके के लोग हैं। चैनपुर में 330 लोगों पर सर्विलांस शुरू किया गया है जबकि 100 लोग ऐसे हैं जो बाहर के रहने वाले हैं और चैनपुर में मुकदमा दर्ज है। लेस्लीगंज के इलाके में 100 लोगों पर सर्विलांस शुरू किया गया है जबकि मेदिनीनगर के इलाके में 350 से अधिक लोगों पर निगरानी शुरू की गई है। इस सूची में कई ऐसे बड़े नाम हैं जो संगठित अपराध से जुड़े हुए हैं। सूची में शामिल लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हैं या उनकी गतिविधि आपराधिक संगठनों से जुड़ी हुई है। पुलिस ने वैसे लोगों को चिन्हित किया है जिनके खिलाफ पिछले एक दशक में गंभीर अपराध के मामले दर्ज हुए हैं या पिछले एक दशक में वह आपराधिक गतिविधि में शामिल रहा है।






# रांची पहुंची 135वें डूरंड कप की ट्रॉफी

## 26 जुलाई से 16 अगस्त के बीच बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में गूंजेगा फुटबॉल का रोमांच

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** एशिया के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट 135वें डूरंड कप 2026 की ट्रॉफी शनिवार को रांची पहुंची। दीपाटोली मिलिट्री स्टेशन स्थित केरकेट्टा ऑडिटोरियम में ट्रॉफी शोकेस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुदिव्य कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जबकि आईबीजी-23 के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल सज्जन सिंह मान सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में डूरंड कप की तीनों प्रतिष्ठित ट्रॉफियों डूरंड कप, प्रेसिडेंट्स कप और शिमला ट्रॉफी का प्रदर्शन किया गया। सेना के अधिकारियों, खेल विभाग के प्रतिनिधियों, फुटबॉल प्रेमियों और मीडिया के बीच ट्रॉफियों का भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखंड लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी कर रहा है। डूरंड कप जैसे ऐतिहासिक टूर्नामेंट का रांची में आयोजन राज्य के लिए गर्व की बात है। इससे फुटबॉल संस्कृति को नई ऊर्जा मिलेगी और हमारे युवा खिलाड़ियों को बड़े मंच पर प्रेरणा मिलेगी। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं मेजर जनरल सज्जन सिंह मान ने कहा कि डूरंड कप केवल एक फुटबॉल प्रतियोगिता नहीं बल्कि भारतीय सेना की गौरवशाली परंपरा और खेल भावना का प्रतीक है। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में स्टेडियम पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की। इस वर्ष डूरंड कप का 135वां संस्करण देश के छह शहरों में खेला जाएगा। रांची में मुकाबले 26 जुलाई से 16 अगस्त के बीच बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होंगे। देश के शीर्ष क्लबों के साथ सर्विसेज टीमों की भागीदारी टूर्नामेंट को और रोमांचक बनाएगी।



# उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा कर दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी ।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग, खूंटी के कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अप्रैल 2026 से जून 2026 तक एएनसी रजिस्ट्रेशन, संस्थागत प्रसव, वीएचएसएनडी दिवस, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम, ल्कटर एवं वहक्ठ रिपोर्टिंग, एमटीसी केंद्रों का संचालन, आरबीएसके, आईडीएसपी, टीबी, मलेरिया सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने रानियां, तोरपा, अड़की सहित सभी प्रखंडों में शत-प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन एवं संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिना उचित कारण मरीजों को रेफर नहीं करने तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया। उपायुक्त ने ल्कटर एवं वहक्ठ पोर्टल पर शत-प्रतिशत रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कर्रा, तोरपा, खूंटी एवं मुरहू में संचालित एमटीसी केंद्रों की समीक्षा करते हुए बेड ऑक्यूपेंसी बढ़ाने, गंभीर कुपोषित बच्चों का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित करने तथा पात्र बच्चों को उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक श्ल्ठश्ठ दिवस का प्रभावी आयोजन करने एवं इस अवसर पर एमटीसी केंद्रों की सेवाओं एवं लाभों की जानकारी आमजनों तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में एमएएम एवं एसएएम बच्चों के लिए जिला स्तर पर पोषाहार की उपलब्धता, वर्तमान व्यवस्थाओं एवं कवरेज बढ़ाने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जून माह के दौरान सर्पदंश के मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने तथा जनजागरूकता हेतु एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने आमजनों को सर्पदंश की स्थिति में क्या करें एवं क्या न करें, इसकी सही जानकारी व्यापक रूप से उपलब्ध कराने पर बल दिया। टीबी एवं मलेरिया की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने संभावित मरीजों की सघन जांच, समय पर पहचान एवं उपचार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मलेरिया नियंत्रण के लिए आईआरएस (क्स) दवा का प्रभावी छिड़काव करने तथा इसके महत्व के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने एवं कवरेज बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में कुष्ठ रोग, अंधत्व निवारण कार्यक्रम एवं नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने मोबाइल आई वैन एवं मोबाइल डेंटल वैन का निर्धारित रोस्टर के अनुसार नियमित एवं प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना, आभा (अइलअ) कार्ड एवं आयुष्मान भारत कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने पात्र लाभुकों का अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने एवं लंबित कार्यों का शीघ्र निष्पादन करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी एमओआईसी से कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों के संचालन में यदि किसी प्रकार की समस्या या बाधा हो तो उसे तत्काल साझा करें, ताकि समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने अस्पताल भवनों की मरम्मत, जीर्णोद्धार अथवा अन्य आधारभूत संरचना संबंधी आवश्यकताओं का आकलन कर यथाशीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे आवश्यक कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ किया जा सके। उपायुक्त ने अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, मरीजों के लिए बेड की नियमित साफ-सफाई, पेयजल, स्वच्छ एवं क्रियाशील शौचालय, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए पर्याप्त बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में आने वाले प्रत्येक मरीज एवं उनके परिजनों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही सभी चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को आपसी समन्वय के साथ सेवा भाव से कार्य करते हुए प्रत्येक मरीज को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने तथा मरीजों के प्रति संवेदनशील एवं जिम्मेदार व्यवहार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# एसआइआर में 99.21% गणना प्रपत्रों का वितरण, शत-प्रतिशत लक्ष्य का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर 2026 के तहत गिरिडीह जिले में गणना प्रपत्रों के वितरण में 99.21 प्रतिशत प्रगति दर्ज की गई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने शनिवार को अभियान की या विलंब नहीं होने की चेतावनी दी। उन्होंने वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया को समानांतर रूप से संचालित करने का निर्देश दिया ताकि निर्वाचन आयोग की समयसीमा के भीतर सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरे हो सकें। बैठक में 18 और 20 जुलाई को आयोजित होने वाले विशेष



समीक्षा बैठक में अधिकारियों को शेष कार्य मिशन मोड में समयसीमा के भीतर शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए बैठक में प्रखंडवार और विधानसभावार प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ और संबंधित नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कोई भी पात्र मतदाता गणना प्रपत्र से वंचित नहीं रहना चाहिए।

उन्होंने घर-घर संपर्क अभियान तेज कर शेष प्रपत्रों का वितरण जल्द पूरा करने पर जोर दिया।समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में अब तक 58.30 प्रतिशत गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों और कंप्यूटर ऑपरेटरों को डिजिटाइजेशन कार्य में तेजी लाने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही शिविरों की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने बीएलओ सुपरवाइजरों को मतदान केंद्रों का लगातार निरीक्षण करने और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो मतदाता अपने मतदान क्षेत्र से बाहर हैं, वे भी संबंधित बीएलओ से संपर्क कर गणना प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की कि जिन्होंने अभी तक गणना प्रपत्र नहीं भरा है, वे जल्द से जल्द अपने बीएलओ या बीएलओ सुपरवाइजर से संपर्क करें। विशेष रूप से शहरी क्षेत्र के मतदाताओं से उन्होंने 18 और 20 जुलाई को आयोजित विशेष शिविरों में अपने मतदान केंद्र पहुंचकर गणना प्रपत्र भरने और जमा करने का आग्रह किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सगीर मोटर गैरेज एवं पार्ट्स में लगाई आग

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के भेड़मारा पंचायत के फोरलेन एनएच 131ए राघोपुर चौक में सगीर मोटर गैरेज पार्ट्स की दुकान में विगत रात्रि 1:10 मिनट पर आग लगने का मामला प्रकाश में आया हैं। इस बाबत सगीर मोटर गैरेज एवं पार्ट्स के प्रोपराइटर मो. सगीर आलम ने बताया कि राघोपुर चौक में 11 कट्ठा जमीन शौकत अली साकिन रसलपुर थाना मनिहारी निवासी से 10 जून 2023 को लीज के तौर पर 10 जून 2044 तक के लिए लिए हैं जिसमें गैरेज निर्माण करने के लिए मिट्टी भराई एवं टिन के घर का निर्माण करने में 2 लाख 40 हजार खर्च आया हैं जबकि एक मुस्त 2लाख 52 हजार भुगतान भी कर दिए हैं। अब शौकत अली कह रहे हैं इस लीज की जमीन को खाली करो नहीं तो तुम्हें तुम्हारा परिवार को जान से मार देंगे कई बार धमकी दिया हैं। इसकी जानकारी मनसाही थाना,मनिहारी थाना,जिला पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को दिए हैं। लेकिन शौकत अली दबंग किस्म के रहने के कारण विगत रात्रि अपने चारों पुत्र मो. तासीम,मो. नौरज उर्फ यासीन,मो. मुन्नू एवं मो. चुन्नू को लेकर रात्रि के 12:30 के आसपास दुकान पर पहुंचकर दुकान में आग लगा दिया इस घटना की जानकारी लोगों ने मोबाइल पर दिया जब दुकान पर पहुंचे पूरा दुकान जल रहा था तो तुरंत ग्रामीण ने आग लगाने की जानकारी फायर ब्रिगेड को दिए। फायर ब्रिगेड की टीम पहुंचकर आग पर काबू पाया तब तक तीन बोलेरो एक पिकअप दो मोटरसाइकिल सहित नगद राशि के साथ 75 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया हैं। इस घटना की लिखित जानकारी थाना मनिहारी,मनसाही थाना, अनुमंडल पदाधिकारी कटिहार,मनिहारी, जिला पदाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक को भी दिए हैं । शौकत अली एवं उनके चारों पुत्र दबंग किस्म के हैं जो बार-बार धमकी देते रहता हैं की जान से मार देंगे और विगत रात्रि मेरे दुकान को जलाकर राख कर दिये ।

### इंडियन बैंक कुमारीपुर शाखा के शाखा प्रबंधक ने पूर्व मत्स्यजीवी मंत्री के आवास को किया सील

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** इंडियन बैंक कुमारीपुर के शाखा प्रबंधक निशांत आनंद ने प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के पूर्व मत्स्यजीवी मंत्री सह पूजा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर नूतन देवी के आवास को मनसाही अंचलाधिकारी मोहम्मद इस्माइल,मनसाही थाना के एसआई राजेश कुमार की उपस्थिति में सील कर दिया हैं। इस बाबत शाखा प्रबंधक निशांत आनंद ने बताया कि पूजा ट्रेडर्स के प्रोपराइटर नूतन देवी पति सुभाष सिंह ने कुमारीपुर इंडियन बैंक से 22 लाख लोन लिए थे कई बार बैंक की तरफ से नोटिस किया गया पैसे रिटर्न करने के लिए लेकिन 22 लाख रुपए नहीं रिटर्न किए। थक हार कर मनसाही अंचलाधिकारी मोहम्मद इस्माइल एवं मनसाही थाना के एसआई राजेश कुमार एवं पुलिस बल के द्वारा उनके आवास बड़ी मोहनपुर पहुंचकर लोन की राशि की मांग किए नहीं देने पर उनके घर को सील कर दिया गया है। जब तक लोन के पैसे वापस नहीं करते हैं उनका घर सील रहेगा। अगर कोई व्यक्ति उनके घर खरीदना चाहते हैं तो कुमारीपुर इंडियन बैंक जाकर संपर्क कर सकते हैं।

### अंचल निरीक्षक ने किया श्री श्री 108 कालिका देवी जमीन का निरीक्षण

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के कुरेठा पंचायत के अंतर्गत पिंडा में श्री श्री 108 कालिका देवी के नाम से अवस्थित 1.14 डिसमिल जमीन को लेकर कमेटी एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा अंचलाधिकारी मनसाही को लिखित आवेदन देकर निरीक्षण एवं मापी कराने को लेकर दिया गया हैं। इस दौरान अंचल निरीक्षक महबूब आलम एवं अंचल अमीन आकाश कुमार,पंचायत के मुखिया अवधेश प्रसाद यादव,सरपंच प्रमोद कुमार सिंह,पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी,राजस्व मुंशी गणेश चौधरी,वार्ड सदस्य मनोज उरांव कमेटी के लोगों के बीच निरीक्षण किया। इस दौरान जल्द ही मंदिर की जमीन को मापी कर सीमांकन कंप्लीट करने का कार्य करने का अंचलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया।

### दो दिवसीय स्कूली किशोर शिक्षा एवं स्वास्थ्य प्रशिक्षण का समापन

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सदर अस्पताल सभागार में किशोर शिक्षा एवं किशोर स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम दुसरे दिन भी आयोजित की गयी। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. आर एस सुमन ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण का आयोजन डेफ्कू कटिहार सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में कोढ़ा, कटिहार, फलका , हसनगंज. प्राणपुर ,कदवा एवम मनिहारी प्रखंड के चयनित शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। इस अवसर पर वाइआरजी केयर बीएसएससी पटना के टेक्निकल एक्सपर्ट अजय कुमार बरनवाल ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में दो बैचों में कुल 100 शिक्षकों प्रत्येक बैच में 50 प्रतिभागी ने भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक परिवर्तनों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को बताया गया कि किशोरों के समग्र विकास के लिए सही मार्गदर्शन, सकारात्मक संवाद तथा वैज्ञानिक एवं आयु-उपयुक्त जानकारी अत्यंत आवश्यक है।अजय कुमार बरनवाल ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षक केवल शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, बल्कि किशोरों के विश्वासपात्र मार्गदर्शक भी होते हैं। यदि शिक्षक किशोर स्वास्थ्य, जीवन कौशल एवं व्यवहार परिवर्तन से संबंधित विषयों की सही जानकारी रखेंगे, तो वे विद्यार्थियों को जोखिमपूर्ण व्यवहार से बचाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रभावी रूप से प्रेरित कर सकेंगे। डीपीएम शौनिक प्रकाश ने कहा कि किशोरों में नशा सेवन की रोकथाम, प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, जीवन कौशल, एचआईवी एवं एड्स की रोकथाम तथा सुरक्षित एवं स्वस्थ व्यवहार को बढ़ावा देने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि जागरूकता, समय पर परामर्श और सही जानकारी के माध्यम से किशोरों को अनेक स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों से सुरक्षित रखा जा सकता है।उद्घाटन सत्र में डॉ. आरएस सुमन ने कहा कि किशोरावस्था जीवन का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। इस अवधि में सही शिक्षा और उचित परामर्श युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण, बेहतर स्वास्थ्य तथा जिम्मेदार नागरिक बनने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यालयों में किशोर स्वास्थ्य एवं जीवन कौशल शिक्षा को प्रभावी ढंग से विद्यार्थियों तक पहुंचाएं।

# सुरक्षित सिजेरियन प्रसव में तीसरा स्थान पाने पर डॉ. मेघा शर्मा सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन, गिरिडीह की ओर से समाज की प्रतिभाशाली चिकित्सक डॉ. श्रीमती मेघा शर्मा को झारखंड में सबसे सुरक्षित सिजेरियन प्रसव कराने में तीसरा स्थान प्राप्त करने पर मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया डॉ. मेघा शर्मा गिरिडीह के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रवि महर्षि की पत्नी एवं कोडरमा जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष राम रतन महर्षि की पुत्रवधू हैं। वर्ष 2018 से डॉ. मेघा शर्मा और डॉ. रवि महर्षि गिरिडीह में चिकित्सीय सेवाएं दे रहे हैं। दोनों ने अपने



समर्पण, कुशल चिकित्सा और मरीजों के प्रति सेवा भाव से समाज में विशेष पहचान बनाई है। सम्मान समारोह के दौरान जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री राकेश मोदी, उपाध्यक्ष सुनील मोदी, कार्यकारिणी सदस्य अनिल टिबलेवाल, सदस्य निखिल झुनझुनवाला तथा डॉ. रवि महर्षि सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सम्मेलन के पदाधिकारियों ने डॉ. मेघा शर्मा की इस उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी सफलता पूरे जिले और समाज के लिए गौरव का विषय है।

# एसआइआर को लेकर सभी मतदान केंद्रों पर होगी बीएलओ और बीएलए-2 की तीसरी बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर -2026 अभियान के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर 22 जुलाई को बीएलओ एवं बीएलए-2 की तीसरी समन्वय बैठक के साथ चुनाव पाठशाला बैठक आयोजित की जाएगी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह-उपायुक्त रामनिवास यादव ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है उपायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता, पारदर्शिता और त्रुटिरहित तैयारियों के लिए बीएलओ तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बीएलए 2 के बीच नियमित समन्वय और तथ्यात्मक सत्यापन बेहद जरूरी है। उन्होंने निर्देश दिया कि आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के अनुसार सभी मतदान केंद्रों पर बैठकें अनिवार्य रूप से आयोजित की जाएं तथा उनकी कार्यवाही और फोटोग्राफ का समुचित अभिलेखीकरण किया जाए उन्होंने बताया कि 22 जुलाई को आयोजित होने वाली बैठक में मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन से पहले प्रारूप मतदाता सूची और एएसडीडी सूची का अंतिम परीक्षण किया जाएगा। साथ ही आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों और अभिलेखों की समीक्षा कर संभावित त्रुटियों का समय रहते निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रत्येक चरण की नियमित मॉनिटरिंग करें और किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए।

# एसआइआर के 185 मतदान केंद्रों पर शिविर, उपायुक्त ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) अभियान के तहत शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की सुविधा के लिए 18 और 20 जुलाई को विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देश पर 32-गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के शहरी इलाके के 185 मतदान केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर लगाए गए हैं उपायुक्त ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच बनाना और मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और संबंधित अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता, जवाबदेही और



गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रत्येक मतदान केंद्र पर पर्याप्त संख्या में गणना प्रपत्र उपलब्ध रखने और मतदाताओं को प्रपत्र भरने एवं जमा करने में हरसंभव सहायता देने को कहा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि जो मतदाता फिलहाल अपने मतदान क्षेत्र से बाहर हैं, वे भी अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर गणना प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। बीएलओ सुपरवाइजरों को शिविरों की लगातार निगरानी करने और आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कर्मियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।उपायुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण विशेष शिविर के दौरान उपायुक्त रामनिवास यादव ने एच.ई. हाई स्कूल, गिरिडीह तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बस स्टैंड, गिरिडीह स्थित मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने मतदाताओं से बातचीत कर गणना प्रपत्र भरने की प्रक्रिया की जानकारी ली और मतदान केंद्रों पर उपलब्ध व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया उन्होंने जिले के सभी शहरी मतदाताओं से अपील की कि वे 18 और 20 जुलाई को अपने संबंधित मतदान केंद्र पर आयोजित विशेष शिविर में पहुंचकर गणना प्रपत्र भरें और जमा करें, ताकि मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन और समावेशी बनाया जा सके।

# आर्या पलक ने नीट में ऑल इंडिया 1378वीं रैंक लाकर बढ़ाया जिले का मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** वार्ड संख्या-09 की प्रतिभाशाली छात्रा आर्या पलक ने नीट-यूजी परीक्षा में ऑल इंडिया 1378वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर वार्ड पार्षद संगीता कुमारी एवं समाजसेवी रमेश सिन्हा ने उन्हें सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं सम्मान समारोह में वार्ड पार्षद संगीता कुमारी ने कहा कि आर्या पलक की यह उपलब्धि पूरे वार्ड के लिए गर्व का विषय है। उनकी मेहनत, लगन और अनुशासन अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि आर्या भविष्य में एक सफल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगी समाजसेवी रमेश सिन्हा ने कहा कि ऐसे होनहार विद्यार्थियों का सम्मान करना समाज का दायित्व है। आर्या की सफलता यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प और निरंतर परिश्रम से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उन्होंने क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों से भी आर्या पलक से प्रेरणा लेकर अपने सपनों को साकार करने का आह्वान किया सम्मान समारोह के दौरान आर्या पलक को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनकी सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# नगर निगम की ओर से एसडब्ल्यूएम नियम के प्रति चलाया गया अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** नगर निगम कटिहार की ओर से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम -2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वार्ड संख्या-5 स्थित हरिशंकर नायक विद्यालय एवं वार्ड संख्या-40 में एसडब्लूएम रूल -2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर आयुक्त संतोष कुमार ने उपस्थित नागरिकों को घर-घर चार डस्टबिन प्रणाली अपनाने, गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण करने तथा स्वच्छता नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ शहर के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।इस अवसर पर स्वच्छता पदाधिकारी



राहुल कुमार ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए कचरे के वैज्ञानिक निस्तारण, स्रोत पर कचरा पृथक्करण तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संबंधित वार्ड पार्षद,नगर निगम के पदाधिकारी, कर्मी एवं स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने स्वच्छ कटिहार के निर्माण हेतु नगर निगम के स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प लिया।

# भाकपा माले की जिला कमिटी की बैठक संपन्न, 20 जुलाई को अनुमंडल स्तरीय मार्च का ऐलान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** भाकपा-माले गिरिडीह जिला कमिटी की बैठक शुक्रवार को जमुआ प्रखंड के पालमो पंचायत सचिवालय में कॉमरेड जनार्दन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में पूर्व विधायक विनोद सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत दिवंगत कॉमरेड प्रेम सिंह गहलोत, आर.एन. ठाकुर, गांडेय के जाकिर अंसारी तथा जमुआ के उप प्रमुख रबानी को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई बैठक में शिक्षा व्यवस्था में सुधार, कथित नीट पेपर लीक मामले और विभिन्न जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर 20 जुलाई को अनुमंडल स्तर पर मार्च निकालने का



निर्णय लिया गया। यह मार्च दिल्ली के जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन के समर्थन में आयोजित किया जाएगा। आंदोलन में पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई जाएगी पार्टी के अनुसार, जिले के विभिन्न अनुमंडलों में आईसा, इंकलाबी नौजवान सभा और अन्य जनसंगठनों के सहयोग से भाकपा माले के बैनर तले मार्च निकाले जाएंगे। बगोदर विधानसभा क्षेत्र में सरिया, धनवार एवं जमुआ विधानसभा क्षेत्र में धनवार हाई स्कूल मैदान से गांधी चौक तक, गांडेय एवं गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र में जमुआ प्रखंड के पूर्वी क्षेत्र तथा डुमरी प्रखंड में झंडा मैदान से मार्च निकाला जाएगा बैठक में 27 सदस्यीय जिला स्थायी कमिटी का भी गठन किया गया। कमिटी में विनोद सिंह, राजकुमार यादव, अशोक पासवान, सीताराम सिंह, जयंती चौधरी, पूनम महतो, कौशल्या दास, मीना दास, उस्मान अंसारी, परमेश्वर महतो, पूरन महतो, पवन महतो, संदीप जायसवाल, भोला मंडल, मुस्तकीम अंसारी, रामेश्वर चौधरी, राजेश सिन्हा, मुन्ना राणा, लालमनी यादव, शेखर सुमन, क्यूम अंसारी, मनोवर हसन बंटी, सकलदेव यादव, कन्हाई पांडेय, विजय पांडेय, रामु बैठा और रामकिशुन यादव को शामिल किया गया। वहीं शंकर पांडेय को आमंत्रित सदस्य बनाया गया बैठक में मधुबन में आयोजित जिला सम्मेलन की समीक्षा करते हुए नेताओं ने कहा कि सम्मेलन से संगठन को मजबूती मिली है और लोगों के बीच सकारात्मक संदेश गया है। इसके अलावा झारखंड मजदूर सभा (झामस) एवं अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्यता अभियान को तेज करने तथा 28 जुलाई के आह्वान को लोकल कमिटी और शाखा स्तर तक पहुंचाने का भी निर्णय लिया गया।

# सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के एक वर्ष पूरे होने पर सम्मान समारोह

**बुजुर्गों की आस्था को मिला सम्मान, सांसद मनीष जायसवाल ने की तीर्थ यात्रा के लिए एक और बस जोड़ने की घोषणा**

**भाजपा कार्यकर्ताओं की सेवा भावना का जीवंत उदाहरण है यह अभियानः कर्मवीर सिंह**

**बुजुर्गों के सपनों को साकार करने का माध्यम बना तीर्थ दर्शन महाअभियानः मनीष जायसवाल**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हजारीबाग**। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा बुजुर्गों के सम्मान और सेवा की भावना से संचालित सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के सफलतम एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को प्रथम वर्षगांठ सम्मान समारोह का आयोजन हजारीबाग शहर के डाक बंगला चौक स्थित होटल पैराडाइज रिसॉर्ट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा झारखंड प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, बरही विधायक मनोज कुमार यादव, मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो, भाजपा जिला संगठन प्रभारी सह पूर्व विधायक किसुन दास, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, नगर निगम डिप्टी मेयर अविनाश कुमार यादव, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रदेश मंत्री अमरदीप यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रो. के.पी. शर्मा, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला, चतरा भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता, आजसू जिला अध्यक्ष परमेश्वर महतो, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक यादव, के.पी. ओझा,



हरीश श्रीवास्तव, उदयभान नारायण सिंह, अनिल मिश्रा, प्रवीण मेहता, अमरेंद्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान की शुरुआत से लेकर 70वें जत्थे तक की यात्रा पर आधारित एक प्रेरणादायी लघु वीडियो एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्रदर्शित किया गया, जिसमें अभियान की अवधारणा, संचालन और हजारों बुजुर्गों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव को दर्शाया गया। उपस्थित लोगों ने वीडियो को तालियों की गड़गड़ाहट के साथ सराहा। बीते एक वर्ष में इस अभियान के तहत 70 पंचायतों एवं वार्डों से 70 जत्थों के माध्यम से करीब पांच हजार श्रद्धालुओं को उत्तर प्रदेश के चार प्रमुख तीर्थ स्थल जिसमें काशी, विध्यांचल, प्रयागराज (संगम) और अयोध्या का तीर्थाटन कराया गया। इस अभियान के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले लगभग 250 कार्यकर्ताओं, भाजपा मंडल अध्यक्षों, सांसद प्रतिनिधियों, सांसद सेवा केंद्र से जुड़े सेवाकर्मियों तथा विभिन्न जत्थों के स्वागत में सक्रिय यूथ विंग के सदस्यों को सम्मान पत्र, प्रभु श्रीराम की स्मृति तस्वीर एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने तीर्थ दर्शन महाअभियान के विस्तार की घोषणा करते हुए कहा कि एक और नई बस इस सेवा से जोड़ी जाएगी। उन्होंने बताया कि सावन माह में यह बस पहले एक महीने तक हजारीबाग से बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर जाने वाले कांवरियों की सेवा में संचालित होगी, जिसके बाद इसे पुनः तीर्थ दर्शन अभियान में शामिल किया जाएगा। बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि भाजपा अंत्योदय से उत्थान के मंत्र के साथ अपने कार्यकर्ताओं को संस्कारित करती है। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने इसी विचारधारा को धरातल पर उतारते हुए सेवा के अनेक आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल बुजुर्गों को तीर्थाटन कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक चेतना और सेवा भाव को भी मजबूत कर रहा है। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में भाजपा के समर्पित कार्यकर्ताओं के लिए भी जगन्नाथ पुरी जैसे पवित्र स्थलों का भ्रमण कराया जाए। सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि इस योजना की प्रेरणा उन्हें क्षेत्र की एक महिला समूह से मिली थी। बचपन से ही उनके मन में बुजुर्गों के लिए कुछ विशेष करने का सपना था, जिसे सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के माध्यम से साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों और समाज के सहयोग से चलने वाला जनसेवा का अभियान है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि उन्हें इतनी शक्ति मिले कि यह सेवा कार्य भविष्य में भी निरंतर और निर्बाध रूप से चलता रहे। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान समाज में आपसी भाईचारा, एकता और धार्मिक संस्कृति को मजबूत करने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिन बुजुर्गों ने कभी तीर्थ यात्रा की कल्पना भी नहीं की थी, उन्हें यह अभियान सम्मानपूर्वक आस्था के प्रमुख स्थलों तक पहुंचाने का कार्य कर रहा है। यह जनसेवा का एक अनुकरणीय मॉडल है। मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल समाज के सच्चे सेवक हैं और हर वर्ग की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जिसके माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर और तीर्थाटन में असमर्थ लोगों को भी देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। यह अभियान सेवा, संस्कार और समर्पण का अद्भुत उदाहरण बन चुका है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सह हजारीबाग जिला संगठन प्रभारी किसुन दास, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, हजारीबाग भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बावला सहित अन्य वक्ताओं ने भी अभियान की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए सांसद मनीष जायसवाल की इस जनसेवा आधारित पहल को समाज के लिए प्रेरणादायी बताया और इसके सफल एक वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उक्त सम्मान समारोह में मंच संचालन भाजपा नेता सुमन कुमार ने और धन्यवाद ज्ञापन पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक यादव ने किया। उक्त अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी भाजपा मंडलों के नेता, कार्यकर्ता, सांसद प्रतिनिधिगण और सांसद मनीष जायसवाल के शुभचिंतक सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहें ।

## देवघर में पहले ग्रीनलैम शॉपी का शुभारंभ, झारखंड में रिटेल नेटवर्क हुआ मजबूत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर**। ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने झारखंड के देवघर स्थित रुद्रा प्लाईवुड में अपने पहले ग्रीनलैम शॉपी का शुभारंभ किया। पालिका बाजार चौक, असम एक्सेस रोड, देवघर – 814112 स्थित इस 500 वर्ग फुट के शोरूम में 100 वर्ग फुट का विशेष ग्रीनलैम डिस्प्ले एरिया बनाया गया है। यहां ग्रीनलैम 1.00 मिमी कलेक्शन, ग्रीनटच 0.80 मिमी कलेक्शन और लेक्सस 1.50 मिमी कलेक्शन प्रदर्शित किए गए हैं, जिससे घर के मालिकों, आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनरों, ठेकेदारों और ट्रेड पार्टनर्स को डेकोरेटिव सरफेस सॉल्यूशंस की व्यापक रेंज उपलब्ध होगी।ग्रीनलैम शॉपी का उद्घाटन रुद्रा प्लाईवुड के प्रोपराइटर श्रीकांत केशरी ने किया। इस अवसर पर ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के कंट्री हेड (ग्रीनलैम लैमिनेट एंड एलाइड) अनुज संगल तथा कंपनी की टीम मौजूद रही। लॉन्च कार्यक्रम में क्षेत्र के लगभग 30 ठेकेदारों और प्रमुख ट्रेड पार्टनर्स ने भाग लिया। इस अवसर पर अनुज संगल ने कहा कि कंपनी की रिटेल विस्तार रणनीति मजबूत चैनल पार्टनरशिप और बेहतर रिटेल अनुभव के माध्यम से ग्राहकों तक प्रीमियम सरफेस सॉल्यूशंस पहुंचाने पर केंद्रित है। वहीं श्रीकांत केशरी ने कहा कि ग्रीनलैम के साथ यह साझेदारी ग्राहकों को विश्वस्तरीय गुणवत्ता, इनोवेशन और व्यापक डिजाइन पोर्टफोलियो वाले लैमिनेट उत्पाद उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण साबित होगी।ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के अनुसार, देवघर में यह कंपनी की पहली एक्सक्लूसिव रिटेल उपस्थिति है। यह नया ग्रीनलैम शॉपी झारखंड में कंपनी की रिटेल उपस्थिति को और मजबूत करेगा तथा ग्राहकों को प्रीमियम लैमिनेट सॉल्यूशंस तक बेहतर पहुंच उपलब्ध कराएगा।

## कोडरमा में मातृ वंदन योजना संवाद कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**कोडरमा**। मातृ पोषण की डोर, उज्ज्वल भविष्य की ओर के संदेशों के साथ आज कोडरमा से प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना संवाद कार्यक्रम की शुरुआत की गई। यह कार्यक्रम झूमरी तिलैया के शिव वाटिका में आयोजित की गई। इस दौरान नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से लोगों को मातृ वंदना योजना के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, बरकट्ठा विधायक अमित यादव शामिल हुए। इसके अलावा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविका, सहिया, गर्भवती महिलाएं और किशोरी बालिकाओं ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में गर्भधारण से लेकर 1000 दिन स्वस्थ मां, स्वस्थ शिशु और सशक्त भारत की परिकल्पना के बारे में मौजूद लोगों के साथ सीधा संवाद किया गया। इस दौरान योजना से गर्भवती महिलाओं को कैसे



लाभ मिल रहा है, इसके बारे में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को बताया गया कि गर्भवती महिलाओं के लिए क्यों पहले 1000 दिन जरूरी होता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अमित यादव ने कहा कि पहले 1000 दिन से नई कहानी, नई पहचान की शुरुआत होती है। वहीं, मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि मातृ योजना एक बहुत बड़ी पहल है, जिससे गर्भवती मां और बच्चों को भरपूर लाभ मिल रहा है। इसे लेकर लोगों के बीच लगातार जागरूक भी किया जा रहा है, ताकि स्वस्थ्य बच्चे हो सके। अगर बच्चे स्वस्थ्य होंगे तभी हमारा देश का भविष्य आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि योजना की शुरुआत और जनजागरूकता से मातृ मृत्यु दर, शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। बता दें कि योजना के तहत गर्भधारण के साथ बच्चे के पालन पोषण के लिए गर्भवती महिलाओं आर्थिक सहायता दी जाती है।

## डोरंडा कॉलेज के बाहर छात्रों का प्रदर्शन, मानव श्रृंखला बनाकर सड़क जाम

**रांची/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। राजधानी के डोरंडा कॉलेज में छात्रों ने विभिन्न मांगों को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कॉलेज के मुख्य गेट के बाहर एकत्र हुए और मानव श्रृंखला बनाकर सड़क जाम कर दी। इस दौरान छात्रों ने कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जाहिर की। प्रदर्शन के कारण कॉलेज के बाहर सड़क पर कुछ समय के लिए यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा। प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में सीटों की संख्या कम कर दी है, जिससे बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को नामांकन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों का कहना है कि उच्च शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक कई अभ्यर्थी सीटें कम होने के कारण प्रवेश से वंचित हो रहे हैं।

## रांची नगर निगम सक्रियः सामुदायिक भवनों के सौंदर्यीकरण, वेंडरों के पुनर्वास और डूरंड कप की तैयारियां तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। शहर की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में रांची नगर निगम ने गतिविधियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में सामुदायिक भवनों के रखरखाव एवं सौंदर्यीकरण, मोरहाबादी मैदान से हटाए गए वेंडरों के पुनर्वास तथा डूरंड कप की तैयारियों को लेकर अलग-अलग समीक्षा बैठकें और स्थलीय निरीक्षण किए गए। बैठक में निगम के पदाधिकारियों के साथ अभियंत्रण एवं उद्यान (हॉर्टिकल्चर) शाखा के अधिकारियों ने भाग लिया। नगर आयुक्त ने निगम स्वामित्व वाले सामुदायिक भवनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन भवनों में रंग-रोगन, मरम्मत और मूलभूत सुविधाओं की आवश्यकता है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक भवन स्वच्छ, आकर्षक और नागरिकों के उपयोग के अनुरूप होने चाहिए। उन्होंने भवनों को अतिक्रमण मुक्त रखने, लंबित सिविल कार्यों को शीघ्र पूरा करने तथा वाटरप्रूफिंग, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, शौचालय और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। साथ ही भवन परिसरों में हरित क्षेत्र विकसित करने पर भी जोर दिया। इधर, मोरहाबादी मैदान से हटाए गए वेंडरों के पुनर्वास की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। नगर निगम ने टैगोर हिल के समीप लगभग 45 डिसमिल भूमि पर वेंडरों को व्यवस्थित रूप से बसाया है। निगम की टीम ने वेंडरों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और नए स्थान पर व्यवसाय संचालन के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराईं। निगम का कहना है कि उसका उद्देश्य किसी भी वेंडर की आजीविका प्रभावित करना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित एवं व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराना है। इससे शहर की यातायात और स्वच्छता व्यवस्था में भी सुधार होगा। वहीं, एशिया के प्रतिष्ठित फुटबॉल टूर्नामेंट डूरंड कप के 135वें संस्करण की तैयारियों का जायजा लेने के लिए नगर आयुक्त ने भगवान बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम एवं आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम की साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समय पर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने कहा कि टूर्नामेंट के दौरान खिलाड़ियों, दर्शकों और आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए विशेष सफाई अभियान, पार्किंग प्रबंधन, पेड़ों की छंटाई और यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

## सुब्रतो कप फुटबॉलः दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले, कई टीमों ने अगले दौर में बनाई जगह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची**। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में खेलगांव, बीआईटी मेसरा और जैप-1 मैदान में आयोजित 65वीं राज्य स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को विभिन्न प्रमंडलों के बीच रोमांचक मुकाबले खेले गए। अंडर-15 बालक, अंडर-17 बालक और अंडर-17 बालिका वर्ग में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-15 बालक वर्ग में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल (हजारीबाग) ने पलामू प्रमंडल को 8-0 से हराकर एकतरफा जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में कोल्हान प्रमंडल ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल को 2-0 से पराजित किया। वहीं तीसरे मैच में संथाल परगना प्रमंडल ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल को 2-0 से शिकस्त देकर अगले चरण में जगह बनाई। अंडर-17 बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। पहले मुकाबले में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल ने पलामू प्रमंडल को 14-0 के बड़े अंतर से हराया। दूसरे मैच में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल ने कोल्हान प्रमंडल को 9-0 से पराजित किया। दिन के तीसरे मुकाबले में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल ने संथाल परगना प्रमंडल को 1-0 से मात



देकर अगले दौर में प्रवेश किया। अंडर-17 बालक वर्ग में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल ने कोल्हान प्रमंडल को 3-1 से हराकर जीत के साथ अभियान की शुरुआत की। दूसरे मुकाबले में पलामू प्रमंडल ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल को 2-1 से हराया। दिन के अंतिम मैच में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल ने संथाल परगना प्रमंडल को 4-0 से पराजित कर अगले चरण में अपनी जगह सुनिश्चित की। तीनों मैदानों पर खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने अनुशासन, टीम भावना और उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया। राज्य के विभिन्न प्रमंडलों से आई टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। प्रत्येक टीम ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबलों का आनंद मिला। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता का उद्देश्य स्कूली स्तर पर फुटबॉल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना है। अगले दौर के मुकाबलों को लेकर खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है तथा क्वालीफाई कर चुकी टीमें खिताब की दौड़ में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। राज्य परियोजना अधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग ने कहा कि सुब्रतो कप जैसी प्रतियोगिताएं स्कूली खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का उत्कृष्ट मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को भी अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिले। उनके अनुसार इस प्रतियोगिता के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और खेल संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है, जो भविष्य के खिलाड़ियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## भाकपा माले की प्रखंड प्रभारी ने पीड़ित परिवारों से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा**। भाकपा माले की नारदीगंज प्रखंड प्रभारी सावित्री गुप्ता ने क्षेत्र में हुई दो दुखद घटनाओं को लेकर शनिवार को पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने दरियापुर बलवा पर (नारदीगंज कॉलेज के पास) और रामे गांव के अनुसूचित टोला पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया और उन्हें हर हाल में न्याय दिलाने का भरोसा दिया। माले नेता ने इन मामलों में स्थानीय पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, साथ ही मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। सावित्री गुप्ता ने दरियापुर वलबा पर पहुंचकर मृतक योगेंद्र राजवंशी के पिता मौला राजवंशी और अन्य ग्रामीणों से मुलाकात की। परिजनों ने बताया कि योगेंद्र अपने पांच साथियों के साथ कमाने के लिए परदेस गया था, जहां ट्रेन में उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। परिजनों का आरोप है कि इस संबंध में नारदीगंज थानाध्यक्ष को दो बार आवेदन दिया गया, लेकिन पुलिस की घोर लापरवाही के कारण कोई कार्रवाई नहीं हुई। नतीजा यह हुआ कि शव का महाराष्ट्र में ही अंतिम संस्कार कर दिया



गया। माले प्रखंड प्रभारी ने इस मामले में तुरंत प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। इसके अलावा पीड़ित परिवार को 20 लाख का मुआवजे और बच्चों के भरण पोषण के लिए प्रतिमाह 4000 हजार रुपये माह पेंशन देने की मांग सरकार से की है। इसके बाद सावित्री गुप्ता रामे अनुसूचित टोला पहुंचीं, जहां सड़क हादसे में मोहन मांझी की पत्नी मीना देवी की मौत हो गई थी। मृतका अपने पीछे छह छोटे-छोटे बच्चे छोड़ गई है। इस घटना पर गहरा दुख जताते हुए माले नेता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने दुर्घटना को अंजाम देने वाली बाइक को पकड़कर डायल 112 पुलिस के हवाले किया था, लेकिन पुलिस ने साठगांठ कर दूसरी बाइक जब्त कर ली और अब तक मामला दर्ज नहीं किया है। उन्होंने मृतका के आश्रितों को भी 20 लाख मुआवजा और बच्चों की परवरिश के लिए 4,000 प्रति माह देने की मांग की है। भाकपा माले नेता सावित्री गुप्ता ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि दोनों पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द न्याय नहीं मिला, दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और मुआवजा राशि घोषित नहीं की गई, तो भाकपा माले चुप नहीं बैठेगी। जनता के अधिकार और न्याय के लिए जल्द ही नारदीगंज थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया जाएगा।

## बारिश को लेकर कई जिलों में अलर्ट, 20 जुलाई तक दिखेगा असर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची**। झारखंड में मानसून पूरी तरह सक्रिय बना हुआ है। राजधानी रांची में शनिवार सुबह से लगातार अच्छी बारिश रिकॉर्ड हुई है, जिससे मौसम सुहावना हो गया है। मौसम केंद्र रांची के ताजा पूर्वानुमान के अनुसार 18 जुलाई को राज्य के अधिकांश हिस्सों में बादल छाए रहेंगे। साथ ही कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।



**18 जुलाई को इन जिलों पर सबसे ज्यादा असर**

शनिवार को दक्षिण-पश्चिम के पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां और सिमडेगा के अलावा निकटवर्ती मध्य के लोहरदगा, गुमला, खूंटी में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। वहीं रांची, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, धनबाद, देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, पाकुड़ और आसपास के इलाकों में भी हल्की से मध्यम बारिश के साथ मेघ गर्जन और वज्रपात की संभावना बनी हुई है। राज्य के कई हिस्सों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

रविवार को भी मौसम में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिलेगा। पूरे राज्य में बादलों का डेरा बना रहेगा और कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। दक्षिण-पूर्वी, उत्तर-पूर्वी और धनबाद से सटे मध्य झारखंड के कुछ हिस्सों में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। गरज-चमक और तेज हवाओं का दौर भी जारी रहने के आसार हैं। 19 जुलाई को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, गिरिडीह, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, साहिबगंज, और गोड्डा में भारी बारिश का पूर्वानुमान है।

**20 जुलाई को उत्तर-पूर्वी और मध्य झारखंड पर नजर**

सोमवार को भी मानसूनी गतिविधियां जारी रहेंगी। राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। मौसम केंद्र के मुताबिक कोडरमा, धनबाद और आसपास के मध्य एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों में शुमार गिरिडीह, देवघर, दुमका, जामताड़ा, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज में कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसके साथ ही कई जिलों में वज्रपात और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना बनी रहेगी।

पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई, जबकि कुछ इलाकों में भारी वर्षा दर्ज की गई। मौसम केंद्र के अनुसार सबसे अधिक 195.2 मिलीमीटर बारिश पूर्वीसिंहभूम के जमशेदपुर में रिकॉर्ड की गई। इसके बाद खूंटी के तोरपा में 110 मिमी, रानिया में 72.2 मिमी और पश्चिमी सिंहभूम के कुमारडुंगी में 71 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके अलावा बुड़मू, जामताड़ा, खरसावां और पुटकी समेत कई क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश हुई।

तापमान की बात करें तो पिछले 24 घंटों में राज्य का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज में दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 22.3 डिग्री सेल्सियस लातेहार में रिकॉर्ड किया गया। रांची में 31.1, जमशेदपुर में 29.2, बोकारो में 31.5 और चाईबासा में 32.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ है।

मौसम केंद्र रांची के मुताबिक अधिकतम तापमान में अधिकांश स्थानों पर कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है। हालांकि कुछ इलाकों में इसमें 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। वहीं न्यूनतम तापमान भी राज्य के अधिकांश हिस्सों में सामान्य के आसपास बना रहा।

## टीबी मरीजों के बीच पोषण फूड बास्केट का वितरण, नियमित जांच व दवा लेने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हसपुरा**। प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में शनिवार को राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत 12 टीबी मरीजों के बीच पोषण फूड बास्केट का वितरण किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) पंकज कुमार ने मरीजों को फूड बास्केट प्रदान किए। इस पहल का उद्देश्य उपचाररत टीबी मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराकर उनके स्वास्थ्य में शीघ्र सुधार लाना तथा



उन्हें नियमित रूप से उपचार जारी रखने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर बीडीओ पंकज कुमार ने कहा कि टीबी को जड़ से समाप्त करने के लिए समय पर जांच और उपचार जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि एक सप्ताह से अधिक समय तक खांसी रहने या लगातार वजन कम होने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज न करें और तत्काल अस्पताल पहुंचकर जांच कराएं। चिकित्सा प्रभारी डॉ. कुणाल कामख्या नारायण ने कहा कि टीबी पूरी तरह से ठीक होने वाली बीमारी है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकीय सलाह के अनुसार नियमित दवा लेने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार का सेवन करने तथा दवा का पूरा कोर्स पूरा करने से मरीज शीघ्र स्वस्थ हो सकते हैं। स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि सरकार टीबी उन्मूलन के लिए लगातार अभियान चला रही है। इसके तहत मरीजों को निःशुल्क जांच, दवाएं और पोषण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि आर्थिक बाधाओं के बिना उनका उपचार पूरा हो सके। फूड बास्केट प्राप्त करने के बाद कृष्णा कुमार, अन्नू कुमारी, धर्मेंद्र कुमार, बिंदा राम, पंकज कुमार, अरमान विश्वकर्मा समेत अन्य मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया और नियमित उपचार जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बीसीएम सूरज कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक हेमंत राजन, एसटीएस अंकित मनोहर, लैब टेक्नीशियन संजीत कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर की ट्राली से टकरायी ट्रेन

## टला बड़ा हादसा, सभी यात्री सुरक्षित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** किऊल-जमालपुर रेलखंड पर रामपुर हाल्ट के समीप शनिवार को रेलवे क्रासिंग पर एक लकड़ी लदी ट्रैक्टर-ट्राली फंस जाने से बड़ा रेल हादसा होते-होते टल गया। अप भागलपुर-मुजफ्फरपुर जनसेवा एक्सप्रेस के चालक ने सामने ट्रैक पर फंसी ट्राली को देखकर तत्काल इमरजेंसी ब्रेक लगाया।

इसके बावजूद ट्रेन पूरी तरह रुकने से पहले ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। टक्कर की तीव्रता कम होने के कारण कोई यात्री हताहत नहीं हुआ, लेकिन इंजन का अगला शीशा, हेडलाइट सहित अन्य हिस्से क्षतिग्रस्त हो गए।

घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर के बाद जनसेवा एक्सप्रेस करीब 45 मिनट तक रामपुर रेलवे गुमटी के पास खड़ी रही। रेलवे कर्मियों ने ट्रैक से ट्रैक्टर-ट्राली हटाने के बाद परिचालन सामान्य कराया। घटना के दौरान ट्रेन में सवार सभी यात्री सुरक्षित रहे।

घटना में रेलवे गेटमैन की लापरवाही भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर-ट्राली के रेलवे ट्रैक पर फंसने के बाद भी उसने नजदीकी स्टेशन मास्टर या कंट्रोल को इसकी सूचना नहीं दी। यदि समय पर सूचना दी जाती तो ट्रेन को पहले ही रोका जा सकता था और इंजन को नुकसान से बचाया जा सकता था।

रामपुर रेलवे क्रासिंग मुंगेर-लखीसराय एनएच-80 से दर्जनों गांवों को जोड़ने वाली ग्रामीण सड़क पर स्थित है। इस मार्ग से बालू और लकड़ी लदे ट्रैक्टरों की लगातार आवाजाही होती है। क्रासिंग पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में भारी वाहनों के पहिए अक्सर फंस जाते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद रेलवे क्रासिंग की मरम्मत नहीं कराई गई। ट्रेन के चालक ने बताया कि अचानक उनकी नजर क्रासिंग पर खड़ी ट्राली पर पड़ी तो इमरजेंसी ब्रेक ली बावजूद ट्राली से टक्कर हो गई।

# अब डिजिटल रुप से झारखंड पुलिस लगायेगी अपराधियों पर लगाम

## एक क्लिक में मिलेगी अपराधी की पूरी प्रोफाइल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अपराध और संगठित अपराधियों पर लगाम कसने के लिए राज्य पुलिस अब तकनीक का सहारा ले रही है। अपराधियों की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए सी-360 (360 डिग्री) नाम का अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है। इस सिस्टम की मदद से पुलिस को किसी भी अपराधी की लोकेशन, संपत्ति, सोशल मीडिया गतिविधियों, रिश्तेदारों, जमानतदारों और पूरे आपराधिक नेटवर्क की जानकारी एक क्लिक में मिल जाएगी। इससे अपराधियों पर तेजी से कार्रवाई करने और संगठित अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने में मदद मिलेगी। सी-360 सॉफ्टवेयर को पलामू प्रक्षेत्र के डीआईजी कौशल किशोर की पहल पर तैयार किया गया है। सबसे पहले इसे पलामू जिले में लागू किया जाएगा। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से पूरे झारखंड में इस सिस्टम का विस्तार किया जाएगा।

पुलिस अधिकारियों का मानना है कि यह डिजिटल डेटाबेस संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी भूमिका निभाएगा। इस सॉफ्टवेयर में अपराधियों के घर की लोकेशन, चल और अचल संपत्ति, सोशल मीडिया अकाउंट, परिवार, रिश्तेदार, पनाहगार, जमानतदार, वाहन और उनसे जुड़े लोगों की पूरी जानकारी दर्ज रहेगी। इतना ही नहीं, अपराधियों को संरक्षण देने वाले लोगों और जमानतदारों के घरों के लोकेशन की जानकारी भी इसमें सुरक्षित रखी जाएगी।

सी-360 में अपराधियों के खिलाफ दर्ज सभी मुकदमों, अदालतों में लंबित मामलों और उनके पूरे आपराधिक इतिहास का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहेगा। इससे किसी भी आरोपी के बारे में जानकारी जुटाने में पुलिस को अलग-अलग दस्तावेज खंगालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

# पुलिस वाहन से युवक की मौत

## चालक पर लगाया नशे में धूत होने का आरोप



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** जिले के चेनारी-कुदरा पथ पर शुक्रवार देर रात पुलिस वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना चेनारी नगर पंचायत स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप हुई। मृतक की पहचान चेनारी थाना क्षेत्र के पलौंधा गांव निवासी करीब 30 वर्षीय कृपा शंकर तिवारी के रूप में हुई है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, जबकि गांव में मातम का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, कृपा शंकर तिवारी शुक्रवार देर रात चेनारी बाजार से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक पुलिस गाड़ी ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरातफरी मच गई

### गुस्साये लोगों ने किया सड़क पर हंगामा

और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जुट गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। लोगों का आरोप है कि पुलिस वाहन का चालक शराब के नशे में गाड़ी चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद पुलिस वाहन मौके से चला गया। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की। बाद में वरीय पुलिस अधिकारियों के मौके पर पहुंचकर उचित कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद स्थिति सामान्य हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कराया और फिर परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

चेनारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि फिलहाल शराब सेवन की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और लोगों से जांच पूरी होने तक संयम बरतने की अपील की है।

# डिजिटाइजेशन कार्य में लाएं तेजी : डीसी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (डीईओ) सह उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा ने एसआईआर-2026 के तहत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस क्रम में उन्होंने बोकारो विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को आयोजित विशेष शिविर के माध्यम से प्राप्त गणना प्रपत्रों एवं उनके डिजिटाइजेशन की प्रगति की जानकारी ली।

उन्होंने संबंधित ईआरओ एवं एईआरओ को आगामी 20 जुलाई को आयोजित होने वाले विशेष शिविर की बेहतर रणनीति तैयार कर कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही अधिक से अधिक गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देने को कहा।

बैठक में डीईओ सह डीसी ने जिले के शेष विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित ईआरओ एवं एईआरओ से विधानसभावार प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया।

डीईओ सह डीसी ने एएसडीडी सूची तैयार करने की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को सूची तैयार करने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने तथा 21 जुलाई तक इसे पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## तत्काल टिकट की जांच

# पहुंच सकती है दूसरे राज्यों में भी आंच

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** तत्काल आरक्षण टिकट टेंपरिंग और अंतरराज्यीय दलाल नेटवर्क की जांच अब बिहार से बाहर पहुंचेगी। हाजीपुर में टेंपरिंग किए गए तत्काल आरक्षण टिकट के साथ आठ लोगों के पकड़े जाने तथा समस्तीपुर मंडल में सामने आए नए उद्भेदन के बाद रेल पुलिस ने दूसरे राज्यों में जांच की तैयारी शुरू कर दी है। फिलहाल टीम वरीय अधिकारियों के आदेश का इंतजार में हैं। आदेश मिलते ही रेल पुलिस की टीम तेलंगाना, झारखंड और मध्य प्रदेश समेत उन राज्यों के लिए रवाना होगी, जहां से तत्काल टिकट जारी होने के बाद उसको टेंपर किया गया।

जांच में अब तक सामने आया है कि बिहार में पकड़े गए कई तत्काल टिकट दूसरे राज्यों के रेलवे काउंटरों से जारी हुए थे। इतना ही नहीं, टिकट पर दर्ज स्टेशन कोड और अन्य पहचान संबंधी विवरण में टेंपरिंग कर वास्तविक स्टेशन का नाम छिपाने की कोशिश की गई। कुछ टिकटों से स्टेशन का नाम हटा दिया गया, ताकि स्टेशन के काउंटर का पता नहीं चल सके। लेकिन कानून के हाथ इतने लंबे हैं कि मामला उजागर होने के बाद कोई बच नहीं सकता। रेल पुलिस के अनुसार, तेलंगाना के सिद्धपेट और पूर्णा स्टेशन से जारी तत्काल टिकट जांच के केंद्र में हैं। जांच टीम इन स्टेशनों के आरक्षण काउंटर पर तैनात बुकिंग क्लर्कों से पूछताछ करेगी।

यह पता लगाया जाएगा कि टिकट वास्तविक यात्रियों के लिए जारी किए गए थे या फिर दलालों के माध्यम से अवैध तरीके से बुक कराए गए।

इसके साथ ही टिकट जारी होने के समय ड्यूटी पर मौजूद कर्मचारियों, सीसीटीवी फुटेज और बुकिंग रिकॉर्ड की भी जांच होगी। समस्तीपुर में चार और हाजीपुर में आठ लोगों की गिरफ्तारी के बाद जांच एजेंसियों को अंतरराज्यीय नेटवर्क होने का सुराग मिला है। जांच इस बिंदु पर भी केंद्रित है कि कहीं रेलवे के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत से तो तत्काल टिकट बड़े पैमाने पर दलालों तक नहीं पहुंच रहे हैं।अधिकारियों का मानना है कि जांच दूसरे राज्यों तक पहुंचने के बाद इस पूरे सिंडिकेट के कई और चेहरे सामने आ सकते हैं। इस पूरे खेल का सबसे अधिक नुकसान आम यात्रियों को उठाना पड़ रहा है। बुकिंग खुलते ही तत्काल टिकट खत्म हो जाते हैं और जरूरतमंद यात्रियों को दलालों से कई गुना अधिक कीमत देकर टिकट खरीदना पड़ता है। रेल पुलिस का कहना है कि पूरे नेटवर्क का पदार्फाश होने तक कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## झाड़ी से युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**लखीसराय।** पीरीबाजार थाना क्षेत्र में सड़क किनारे झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक के गले पर गहरे जख्म मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल से खून के निशान और एक मोबाइल फोन भी मिला है। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए हैं और हर पहलू से मामले की जांच शुरू कर दी है।घटना पीरीबाजार थाना क्षेत्र के महेशपुर जाने वाली सड़क पर खोटा अहरा के पास महुआ के पेड़ के समीप की है। शनिवार सुबह जब ग्रामीण टहलने निकले तो झाड़ियों में एक युवक का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद पीरीबाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस की शुरूआती जांच में युवक के गले पर गंभीर जख्म मिले हैं। सड़क पर काफी मात्रा में खून भी मिला, जबकि शव कुछ दूरी पर झाड़ियों में पड़ा था। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि युवक की हत्या कहीं और नहीं, बल्कि घटनास्थल के पास ही की गई और बाद में शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया।

# सिंदूरदान के कुछ ही घंटे बाद दुल्हन फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मानपुर ।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गांधी मुहल्ले में शादी के नाम पर ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी निवासी रविंद्र कुमार की शादी हिंदू रीति-रिवाज से संपन्न हुई, लेकिन सात फेरे और सिंदूरदान के 6 घंटे बाद दुल्हन फरार हो गई। अपने साथ लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवर ले गई। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने मुफस्सिल थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

रविंद्र कुमार ने बताया कि अलीगढ़ के एक व्यक्ति के माध्यम से उनकी पहचान शकील से हुई थी। उसने उन्हें गया बुलाकर युवती और उसके परिवार से मुलाकात कराई।

शादी तय होने के बाद दुल्हन ने दूल्हे के खर्च पर करीब 10 हजार रुपये की खरीदारी की तथा मेकअप के नाम पर भी चार हजार रुपये ले लिए। इसके बाद गांधी मुहल्ले में पूरे विधि-विधान से विवाह कराया गया।

रविंद्र के अनुसार, शादी के दौरान उन्होंने दुल्हन को सोने का मंगलसूत्र, झुमके, चांदी की पायल और बिछिया पहनाई। विदाई से पहले शकील ने पहचान पत्र की फोटोकॉपी कराने का बहाना बनाया।

इसके बाद दुल्हन को बाइक पर बैठाकर चला गया। काफी देर तक दोनों के वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन दोनों के मोबाइल फोन भी बंद मिले।

इसके बाद ठगी का अहसास होने पर पीड़ित पक्ष सीधे मुफस्सिल थाना पहुंचा। पीड़ितों का आरोप है कि एजेंट पहले ही एक लाख रुपये नकद ले चुका था।

वहीं, शादी के दौरान बनाए गए वीडियो और मोबाइल से खींचे गए फोटो भी दुल्हन पक्ष ने डिलीट करा दिए, जिससे पहचान संबंधी साक्ष्य कम हो गए।

# शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का दारोगा पर आरोप

## फेसबुक से हुई पहचान, फिर बढ़ी नजदीकियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** जिले से पुलिस विभाग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। मुंगेर की रहने वाली एक युवती ने चंद्रदीप थाना में पदस्थापित एसआई कुंदन कृष्णा पर शादी का झांसा देकर कई महीनों तक शारीरिक संबंध बनाने और बाद में साथ रखने से इनकार करने का आरोप लगाया है। युवती ने जमुई पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। वहीं, आरोपी एसआई ने सभी आरोपों को गलत बताया है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है।

युवती के आवेदन के मुताबिक, करीब एक वर्ष पहले फेसबुक के माध्यम से उसकी पहचान एसआई कुंदन कृष्णा से हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच प्रेम संबंध बने। युवती का दावा है कि 13 फरवरी 2026 को दोनों ने मुंगेर के चंडिका स्थान मंदिर में विवाह किया था। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कथित विवाह के बाद एसआई ने मुंगेर और बेगूसराय के अलग-अलग होटलों में बुलाकर पति-पत्नी का संबंध होने का भरोसा दिलाया और कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवती का कहना है कि जब भी वह साथ रहने की बात करती थी, तब उसे स्थायी रूप से कमरा लेकर साथ रखने का आश्वासन दिया जाता रहा।

युवती का आरोप है कि जब एसआई की पोस्टिंग जमुई जिले के चंद्रदीप थाना में हुई और वह वहां पहुंची, तो कुछ समय तक उसे किराए के कमरे में रखा गया। बाद में आरोपी ने दोनों के अलग-अलग जाति से होने की बात कहते हुए साथ रखने से इनकार कर दिया। आवेदन में यह भी आरोप लगाया गया है कि संबंध खत्म करने के बदले पांच लाख रुपये लेने का प्रस्ताव दिया गया।

युवती का आरोप है कि विरोध करने पर उसे जबरन चंद्रदीप थाना ले जाया गया, जहां उसे धमकाया गया। साथ ही अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा अपशब्द कहकर वहां से भगा दिया गया।मामले पर एसआई कुंदन कृष्णा ने कहा कि उन्होंने युवती से शादी नहीं की है और उन पर लगाए गए सभी आरोप गलत हैं। उन्होंने बताया कि वह फिलहाल बीमार हैं और इस मामले में अधिक जानकारी नहीं दे सकते। जमुई के पुलिस अधीक्षक ने बताया कि एक महिला ने आवेदन देकर चंद्रदीप थाना में कार्यरत एसआई पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पूरे मामले की जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल में किया गया वृक्षारोपण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** इको क्लब फॉर मिशन लाइफ अंतर्गत रामेश्वर प्रसाद प्लस टू विद्यालय बेलागंज के प्रांगण में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मोहम्मद अबरार आलम ने विद्यार्थियों को वृक्ष की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़ लगाना काफी महत्वपूर्ण और लाभकारी है। उन्होंने कहा कि सिर्फ पेड़ लगाने से नहीं होगा बल्कि उसकी सुरक्षा और सिंचित करके स्वस्थ पेड़ का रूप दिलाना भी मानव जीवन का कार्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि रामेश्वर विद्यालय को हरा भरा बनाना सुंदर फूलों से सुशोभित करना हम सभी लोगों का लक्ष्य होना चाहिए अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए अच्छे वातावरण का होना भी अनिवार्य है। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण मेफल-फूल का पेड़ लगाया गया। जिसमें नोडल शिक्षक इको क्लब राजेश कुमार राजू, यूथ क्लब के नोडल प्रीति कुमारी, मैथ एंड साइंस की नोडल शिक्षिका मधुबाला, रिकी कुमारी सिंह,मानस कुमार,प्रेम रंजन कुमार,रिजवान उल्ला सर,के साथ ही साथ सुहानी कुमारी सत्यम कुमार पार्वती कुमारी अंकित कुमार ब्यूटी कुमारी निशा भारती रानी कुमारी प्रिंस कुमार राखी कुमारी नैंसी सिंह रीमा कुमारी सलोनी कुमारी ने भाग लिया।

# सप्तधारा की दो और धाराएं हुई बंद

## बोरिंग और कम बारिश को बतायीजा रही वजह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

राजगीर। अंतरराष्ट्रीय पर्यटन और आध्यात्मिक नगरी राजगीर की पहचान रहे पौराणिक गर्म जल झरने और कुंड अब अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। ब्रह्मकुंड परिसर स्थित प्रसिद्ध सप्तधारा गर्म जल झरने की शेष बची पांच जलधाराओं में से दो और जलधाराएं बंद हो गई हैं।

अब केवल तीन जलधाराएं ही किसी तरह बह रही हैं और उनकी रफ्तार भी लगातार धीमी पड़ती जा रही है। कभी इन जलधाराओं की आवाज सैकड़ों मीटर दूर से सुनाई देती थी, लेकिन आज वहां केवल बूंदों की टपकती आवाज सुनाई पड़ रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियां इन्हें केवल इतिहास और किताबों में पढ़ेंगी।

राजगीर के गर्म जल झरने सदियों से धार्मिक आस्था और पर्यटन का प्रमुख केंद्र रहे हैं। सप्तर्षि जलधाराओं और ब्रह्मकुंड का महत्व हिंदू श्रद्धालुओं के बीच विशेष माना जाता है।

पुरुषोत्तम मास, श्रावणी मेला और मकर मेले के दौरान यहां लाखों श्रद्धालु स्नान करने पहुंचते हैं। इसके अलावा सालभर देश-विदेश से आने वाले पर्यटक भी इस धरोहर को देखने आते हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार पहले अनंत ऋषि, गंगा-जमुना, मार्कंडेय और व्यास जलधाराएं भी बहती थीं, लेकिन अब वे पूरी तरह बंद हो चुकी हैं।

राजगीर की अर्थव्यवस्था काफी हद तक पर्यटन पर आधारित है और गर्म जल कुंड इसकी सबसे बड़ी पहचान माने जाते हैं। जलधाराओं के सूखने का असर स्थानीय रोजगार और पर्यटन उद्योग पर भी पड़ सकता है। होटल, दुकानदार, पंडा समाज और स्थानीय व्यवसायियों की आजीविका काफी हद तक यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों पर निर्भर है।

लोगों का कहना है कि यदि यही स्थिति बनी रही तो राजगीर की पहचान और पर्यटन दोनों को बड़ा नुकसान हो सकता है।

ब्रह्मकुंड परिसर स्थित सप्तधारा बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी सप्तऋषि कॉरिडोर परियोजना का भी अहम हिस्सा है। इस परियोजना का उद्देश्य राजगीर को विश्वस्तरीय धार्मिक और पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करना है।

योजना के तहत गर्म जलधाराओं, ब्रह्मकुंड और अन्य धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण और विकास का प्रस्ताव है। ऐसे में जलधाराओं का लगातार बंद होना इस महत्वाकांक्षी परियोजना के सामने भी बड़ी चुनौती बनता जा रहा है।

पंडा कमिटी और स्थानीय लोगों के अनुसार वर्ष 2018 के बाद कम बारिश और कुंड क्षेत्र के आसपास बड़े पैमाने पर हुई बोरिंग का असर गर्म जलधाराओं पर पड़ा है।

# पंचायतों में नया कर लगाना जनहित में नहीं : रजनीश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों एवं पंचायतों में नए कर लगाने का निर्णय गरीब, किसान, मजदूर, छोटे दुकानदार एवं मध्यम वर्ग के हितों के विरुद्ध प्रतीत होता है। ऐसे समय में, जब आम जनता पहले से ही महंगाई और आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रही है, उस पर अतिरिक्त करों का बोझ डालना जनहित में नहीं कहा जा सकता। उक्त बातें रजनीश कुमार, अध्यक्ष, गया जिला कांग्रेस कमिटी ने विज्ञप्ति जारी कर कही।

उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह राजस्व बढ़ाने के लिए भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण, सरकारी योजनाओं में पारदर्शिता तथा वित्तीय संसाधनों के बेहतर प्रबंधन पर ध्यान दे।

ग्रामीण क्षेत्रों में नए कर लगाने से सीमित आय वाले परिवारों, किसानों, छोटे व्यापारियों और स्वरोजगार से जुड़े लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव पड़ सकता है। बिहार की जनता 90%कृषि पर निर्भर रहते है जिस से आम ग्रामीण जनता प्रभावित होंगे।

श्री कुमार ने कहा कि यदि ग्रामीण क्षेत्रों में होल्डिंग टैक्स एवं अन्य स्थानीय कर लागू किए जाते हैं, तो इससे आम नागरिकों की जीवन-यापन की लागत बढ़ने, छोटे व्यवसायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बनने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि सरकार को इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए सभी पक्षों से व्यापक संवाद करना चाहिए और जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि गया जिला कांग्रेस कमिटी जनता की आवाज को लोकतांत्रिक और संवैधानिक तरीके से उठाती रहेगी। इस तानाशाही फैसले के विरोध में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रजनीश कुमार के अध्यक्षता में मुख्य मंत्री बिहार सम्राट चौधरी का पुतला दहन किया गया।

# जर्जर दीवार गिरने से दो की मौत

## आक्रोशित लोगों ने शव के साथ किया हाईवे जाम , आगजनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

आरा। भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया नगर परिषद के वार्ड संख्या छह में शनिवार की सुबह दर्दनाक हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई।

घर के बगल में स्थित जर्जर बाउंड्रीवाल अचानक भरभराकर दोनों बच्चों पर गिर गई। हादसे में बच्चों के दादा भी घायल हो गए।

मृतकों में वार्ड संख्या छह निवासी साजन रजक का तीन वर्षीय पुत्र शिवांश कुमार तथा राहुल रजक का ढाई वर्षीय पुत्र अंकित कुमार शामिल हैं।शिवांश चार भाइयों में तीसरे स्थान पर था, जबकि अंकित अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। दोनों रिश्ते में चचेरे भाई बताएं जाते हैं।

बताया जाता है कि शनिवार की सुबह दोनों मासूम घर के बाहर खेल रहे थे। इसी दौरान घर के बगल की जर्जर बाउंड्रीवाल अचानक गिर पड़ी और दोनों बच्चे उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में लोग जुट गए। लोगों ने तेजी से दीवार का मलबा हटाते हुए घायलों को बाहर निकाला। हादसे में शिवांश कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल अंकित कुमार को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे में बच्चों के दादा छोटक रजक भी घायल हो गए, जिनका इलाज कराया जा रहा है। हादसे के बाद पूरे मोहल्ले में मातम पसर गया।

दोनों परिवारों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलने पर बिहिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई।

इधर, घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजा एवं दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर डाक-बंगला चौक समीप शव के साथ बिहिया-पीरो स्टेट हाईवे जाम कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर आगजनी भी कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास कर रहे हैं।

# उपायुक्त ने की ई-केवाईसी एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त अजय नाथ झा ने वीबी-जीरामजी योजना के अंतर्गत प्रखंडवार ई-केवाईसी की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने सभी प्रखंडों की प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान जिले के सभी पंचायतों में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने जानकारी दी कि जिले के नौ पंचायतों में योजना के तहत कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है।इस पर उपायुक्त ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, अपर समाहर्ता सुनील चंद्र, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा उपस्थित थे। वहीं, वीडियो संवाद के माध्यम से सभी *ईआरओ, एईआरओ एवं संबंधित पदाधिकारी बैठक से जुड़े।

# निर्माण कार्य का नगर आयुक्त ने लिया जायजा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** शहर के महमूद चौक के समीप बुडको द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य का नगर आयुक्त संतोष कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक को कार्य में गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।नगर आयुक्त कुमार ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की गहन जांच की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि शहरवासियों को जलजमाव जैसी समस्याओं से राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इन मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

# तकनीकी शिक्षा, स्टार्टअप और डिजिटल विकास से राज्य को मिलेगी नई गति : मुख्यमंत्री

## युवाओं से आह्वान- नौकरी खोजने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** मुख्यमंत्री सह बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना के कुलाधिपति सम्राट चौधरी ने सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र परिसर स्थित ज्ञान भवन में आयोजित बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, पटना के तृतीय दीक्षांत समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के बी.टेक एवं एम.टेक के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, प्रशस्ति पत्र तथा 50,001 रुपये का चेक प्रदान किया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक तथा शैक्षणिक उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह केवल डिग्री वितरण का कार्यक्रम नहीं बल्कि बिहार के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने वाला अवसर है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे सिर्फ नौकरी तलाशने वाले नहीं बल्कि रोजगार सृजित करने वाले बनें ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कहा कि बिहार एक अनोखा राज्य है जहां सभी 38 जिलों में स्थापित इंजीनियरिंग कॉलेजों में मात्र 10 रुपये तथा पॉलिटेक्निक संस्थानों में 5 रुपये शुल्क पर तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसी व्यवस्था शायद दुनिया में कहीं नहीं है। किसी इंजीनियर की वास्तविक पहचान उसकी डिग्री से नहीं बल्कि उसके द्वारा किए गए नवाचार, तकनीकी दक्षता और समाज के लिए किए गए निर्माण कार्यों से होती है। 21वीं सदी की अर्थव्यवस्था ज्ञान, डेटा, तकनीक और नवाचार पर आधारित है। शैक्षणिक रूप से सर्वाधिक विकसित राज्य ही आर्थिक नेतृत्वकर्ता बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार के युवा शोध, संवाद और आधुनिक तकनीक के साथ ज्ञान अर्जित करेंगे, तभी बिहार विकसित और समृद्ध बनेगा। बिहार की गौरवशाली शैक्षणिक विरासत को पुनर्जीवित करने के लिए प्राचीन विक्रमशिला विश्वविद्यालय का पुनर्स्थापन किया जा रहा है जिसके लिए 220 एकड़ भूमि भारत सरकार को उपलब्ध कराई जा चुकी है। मुजफ्फरपुर स्थित एम.आई.टी. में आर्किटेक्चर एवं सिविल इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय तथा भागलपुर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं कंप्यूटर साइंस विश्वविद्यालय की स्थापना की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार ए0आई0 और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तकनीक एवं नवाचार के माध्यम से वैश्विक मानकों के अनुरूप विकास को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा, स्टार्टअप और डिजिटल विकास से राज्य को नई गति मिलेगी। इनोवेशन और स्टार्टअप से ही भारत विकसित और बिहार समृद्ध बनेगा। राज्य सरकार युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, जमुई में 3.49 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित अतिरिक्त बालिका छात्रावास तल, राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, किशनगंज में 77.58 करोड़ रुपये की लागत से कराए गए अतिरिक्त विकास कार्य तथा अभियंत्रण महाविद्यालय, सुपौल में 26.02 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 300 बेड वाले अतिरिक्त बालिका छात्रावास भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश कांत वर्मा ने मुख्यमंत्री को पौधयुक्त एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री शीला कुमारी, शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव हिमांशु शर्मा, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरेश कांत वर्मा, कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार सहित बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# नए राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मियों की तैनाती की कार्रवाई शुरू

## प्रत्येक कॉलेज में 32 शिक्षक और 12 कर्मियों की होगी तैनाती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य के डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में खोले गए 211 नए राजकीय महाविद्यालयों में शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों की नियुक्ति करने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। इस माह के अंत तक शिक्षकों की नियुक्ति करने की प्रक्रिया पूरी कर लेने की संभावना है। विदित हो कि राज्य सरकार के सात निश्चय-3 के तहत डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंडों में नए महाविद्यालय खोलने का निर्णय लिया गया था। ताकि छात्र-छात्राओं को उनके घर के पास ही उच्च शिक्षा मिल सके। इसको लेकर राज्य सरकार ने दो दिन पूर्व बिहार के 211 प्रखंडों में नए राजकीय महाविद्यालय में पठन-पाठन का कार्य प्रारंभ कर दिया। इन सभी महाविद्यालयों में प्रथम चरण में 6 विषयों की पढ़ाई शुरू की गई है। राज्य सरकार प्रत्येक नए डिग्री कॉलेज में 1 प्राचार्य, 32 शिक्षक और 12 शिक्षकेत्तर कर्मचारियों का पद सृजित की है। शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। उच्च शिक्षा विभाग की मानें तो इस माह के अंत तक नियुक्ति की प्रकिया पूरी हो जाने की संभावना है। राज्य के सभी 211 नए डिग्री कॉलेजों में इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करा दिए गए हैं। सरकार राज्य के विद्यार्थियों को घर के पास ही बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है जिससे कि छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने के लिए दूर नहीं जाना पड़े और सभी को उच्च शिक्षा मिल सके।

# बिहार में प्रशासनिक सेवाओं के लिए बड़ा कदम

## फैकल्टी आदान-प्रदान को लेकर बिपार्ड और प्रधान महालेखाकार में समझौता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** भारतीय प्रशासनिक सेवा और बिहार प्रशासनिक सेवा के साथ अन्य सेवा प्रशिक्षु पदाधिकारियों के लिए फैकल्टी का आदान-प्रदान करने की दिशा में प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) एवं बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) के शनिवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) हुआ। आगामी तीन वर्षों तक प्रभावी रहने वाले इस समझौता ज्ञापन के अनुसार दोनों संस्थान प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण में एक दूसरे का सहयोग करेंगे। बिपार्ड के महानिदेशक डॉ. बी राजेन्दर एवं प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) के प्रधान महालेखाकार संतोष कुमार ने दोनों संस्थानों की ओर से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। इस एमओयू का मुख्य उद्देश्य इन दोनों संस्थानों के आपसी सहयोग से प्रशासनिक पदाधिकारी, कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशाला एवं संगोष्ठियों का संयुक्त आयोजन, विषय विशेषज्ञों एवं संकाय सदस्यों का आदान-प्रदान, सरकारी लेखांकन, वित्तीय नियम, सेवा नियम, पेंशन, जीपीएफ, ई-गवर्नेंस एवं अन्य प्रशासनिक विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ-साथ प्रशिक्षण सामग्री, सर्वोत्तम कार्य-पद्धतियों एवं संस्थागत अनुभवों का साझा उपयोग किया जाना है। साथ ही समझौता में उपलब्ध संसाधनों के अनुसार प्रशिक्षण कक्ष, आईटी अवसंरचना एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना, योग्य अधिकारियों को प्रशिक्षक के रूप में नामित करना, संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण योजना तैयार करना एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित करना है। दोनों संस्थानों के बीच यह समझौता आगामी तीन वर्ष तक प्रभावी रहेगा और आपसी सहमति से इसका नवीनीकरण भी किया जा सकेगा। दोनों संस्थान गोपनीय सूचनाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे और विकसित प्रशिक्षण सामग्री का उपयोग केवल आधिकारिक एवं गैर-व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। समझौता ज्ञापन के बीच दोनों संस्थानों के वरीय पदाधिकारियों ने बिपार्ड के नव निर्मित दक्षता भवन परिसर का निरीक्षण किया और यहां उपलब्ध सुविधाओं एवं सुरक्षा मानकों का गहनता से जांच की। इस अवसर पर बिपार्ड के अपर महानिदेशक संजय कुमार के साथ ही दूसरे कई वरीय पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एससी-एसटी आवासीय विद्यालयों की होगी 24 घंटे निगरानी

## कमांड कंट्रोल रूम से जुड़े राज्य के सभी 91 स्कूल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालयों में सुरक्षा, अनुशासन और शैक्षणिक गुणवत्ता को और मजबूत बनाने की दिशा में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण पहल की है। एससी-एसटी विभाग ने राज्य के सभी 91 आवासीय विद्यालयों को पटना स्थित केंद्रीय कमांड कंट्रोल रूम से जोड़ते हुए उनकी 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी शुरू कर दी है। इस नई व्यवस्था के लागू होने से विद्यालयों की गतिविधियों पर अब रियल-टाइम नजर रखी जा सकेगी। विभाग की ओर से सभी आवासीय विद्यालयों में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं। इन कैमरों की लाइव फीड सीधे कमांड कंट्रोल रूम में उपलब्ध रहेगी जहां से विभागीय अधिकारी विद्यालय परिसर, छात्रावास, भोजनालय, प्रवेश-निकास, सुरक्षा व्यवस्था, अनुशासन और दैनिक गतिविधियों की लगातार निगरानी करेंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता या सुरक्षा संबंधी घटना की स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण मंत्री लखेंद्र पासवान ने कहा कि राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को सुरक्षित, अनुशासित और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित यह निगरानी प्रणाली विद्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों के समग्र विकास में भी सहायक सिद्ध होगी। कमांड कंट्रोल रूम के माध्यम से विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग से शिक्षकों एवं कर्मियों की उपस्थिति, छात्रावासों की व्यवस्था, साफ-सफाई, भोजन की गुणवत्ता तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी प्रभावी समीक्षा की जा सकेगी। इससे विद्यालयों के संचालन में सुधार आएगा और शिकायतों का समाधान में भी मदद मिलेगी।

# शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में डॉ. आनंद रंजन झा हुए 'आइकोनिक पर्सनैलिटी ऑफ भारत' सम्मान से सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**जंदाहा (वैशाली)।** बिहार के लिए गर्व की बात है कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा के संस्थापक एवं शिक्षाविद् डॉ. आनंद रंजन झा को शिक्षा, डिजिटल स्किल एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'आईकोनिक पर्सनैलिटी ऑफ भारत 2026' सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान होटल ताज, पटना में बिजनेस इन बिहार द्वारा आयोजित भव्य समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री ईशा देओल सेलिब्रिटी गेस्ट के रूप में उपस्थित रहीं। डॉ. आनंद रंजन झा ने वर्षों से कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता एवं रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से हजारों युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके नेतृत्व में कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। सम्मान की घोषणा पर डॉ. झा ने कहा कि यह सम्मान उनकी पूरी टीम, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शुभचिंतकों के विश्वास और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य बिहार के युवाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा एवं रोजगारोन्मुख कौशल से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाना है। यह सम्मान शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में डॉ. आनंद रंजन झा के उत्कृष्ट कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली महत्वपूर्ण पहचान है जो बिहार के लिए भी गौरव का विषय है।

# हम पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा समेत सैकड़ों समर्थकों ने थामा कांग्रेस का दामन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम, पटना में हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के पश्चिम चंपारण जिला अध्यक्ष मुकेश मिश्रा सहित विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों एवं युवाओं ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की नौकरियां छोड़ कर मधुबनी निवासी इंजीनियर अनुवेद सिंह, इं. भारत भूषण, निकेत कुमार सिन्हा, सोनू शर्मा, मुकेश कुमार तथा अरविंद पासवान ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसी के साथ मधुबनी के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कुणाल आनंद ने भी कांग्रेस की सदस्यता ली। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने सभी नए साथियों का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, संविधान, लोकतंत्र और जनहित की राजनीति के लिए प्रतिबद्ध है।

# आइजीआइएमएस के चिकित्सक को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का राष्ट्रीय 'कम्युनिटी सर्विस अवार्ड'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के अपर प्राध्यापक एवं उप चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सेतु सिन्हा को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जनस्वास्थ्य, सामुदायिक चिकित्सा, चिकित्सा शिक्षा तथा स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिष्ठित 'कम्युनिटी सर्विस अवार्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर राज्यसभा के सांसद मयंकभाई जे. नायक, आईएमए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल नायक, मानद महासचिव डॉ. सरबरी दत्ता तथा आईएमए के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। आईएमए कम्युनिटी सर्विस अवार्ड प्रतिवर्ष उन चिकित्सकों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने समाज के स्वास्थ्य में सुधार तथा चिकित्सा पेशे की उन्नति के लिए समर्पित भाव से अनुकरणीय योगदान दिया हो। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. सेतु सिन्हा ने निवारक एवं सामुदायिक चिकित्सा, टीकाकरण, स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण, चिकित्सा शिक्षा तथा जनस्वास्थ्य नीति के क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित अनेक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य किया है तथा लोगों तक समान, न्यायसंगत एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

# टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** लायंस क्लब ऑफ पटना मगध के तत्वावधान में टेंडर हर्ट्स इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शंकर ज्योति नेत्रालय के प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ गौतम कुमार ने अपनी विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ उपस्थित होकर विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की नेत्र जांच की। शिविर के संचालन में शंकर ज्योति नेत्रालय के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। शिविर में लगभग 450 से अधिक छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने निःशुल्क नेत्र परीक्षण का लाभ उठाया। जांच के दौरान कई ऐसे बच्चों की पहचान हुई जिन्हें पहले यह जानकारी नहीं थी कि उनकी दृष्टि कमजोर हो रही है तथा सिरदर्द जैसी समस्याएं नेत्र दोष के कारण हो रही हैं। समय पर जांच होने से उन्हें उचित परामर्श एवं उपचार की दिशा प्राप्त हुई। इस अवसर पर रीजन चेयर लायन वरुण लाल सितारिया, लायन रीजन गेट कोर्डिनेटर राजीव भार्गव, प्रेजिडेंट लायन डॉ रवि भार्गव, सेक्रेटरी लायन सोनिया सिंह, ट्रेजरर लायन शिवानी भार्गव, लायन डॉ जुली भार्गव, लायन अमित सिंह, लायन रेवा भार्गव, लायन जय कपूर, लायन संगीत गुप्ता एवं लायन निरंजन गुप्ता सहित लायंस क्लब ऑफ पटना मगध के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। अभिभावकों ने लायंस क्लब ऑफ पटना मगध एवं शंकर ज्योति नेत्रालय के इस जनहितकारी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर समय-समय पर आयोजित होने चाहिए जिससे बच्चों में नेत्र संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान हो सके।

# बैरन की सफलता के बाद बंजारे लेकर आए नया गीत बरसात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** अपने चर्चित गीत बैरन की सफलता के बाद भाइयों की जोड़ी बंजारे (सुमित और अनुज) अपने नए सिंगल बरसात के साथ लौटे हैं। बैरन को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर मिली सराहना के बाद यह नया गीत उसी कहानी को आगे बढ़ाता है। इस बार कहानी महिला के नजरिए से प्रेम, विरह और अनकही भावनाओं को सामने लाती है। बरसात केवल बैरन की निरंतरता नहीं है, बल्कि उस कहानी का दूसरा पक्ष भी प्रस्तुत करता है। यह गीत प्रेम, संवेदनशीलता और खामोश लालसा की भावनाओं को अभिव्यक्त करते हुए पहले गीत में छूटे भावनात्मक पहलुओं को सामने लाने का प्रयास करता है। इस अवसर पर बंजारे ने कहा कि बैरन पूरी ईमानदारी से बनाया गया था और उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी कि इसे दुनिया भर में इतना प्यार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बरसात के जरिए वे उसी कहानी का दूसरा नजरिया प्रस्तुत करना चाहते हैं क्योंकि हर प्रेम कहानी का एक और पक्ष होता है। उनके अनुसार यह गीत भी उसी ईमानदारी, संवेदनशीलता और भावनाओं के साथ तैयार किया गया है जिसने बैरन को पहचान दिलाई।

# किसान संगठन सेटेलाइट टाउनशिप के खिलाफ हुए लामबंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ग्रीनफील्ड सेटेलाइट टाउनशिप के खिलाफ किसान संगठन लामबंद होने लगे हैं। शनिवार को पटना में बैठक कर संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन की चेतावनी दी। मोर्चा ने 22 जुलाई को प्रदर्शन का ऐलान किया है। सीतामढ़ी के सीतापुर टाउनशिप के खिलाफ भूमि बचाओ संघर्ष समिति ने नगर विकास मंत्री नीतीश मिश्रा को 11 सूत्री ज्ञापन सौंपा है। मंत्री के साथ करीब आधे घंटे तक चली वार्ता में समिति की ओर से पक्ष रखते हुए प्रो. आनंद किशोर ने कहा कि सीतामढ़ी जैसे कृषि प्रधान और कम भूमि वाले जिला में टाउनशिप की जगह कृषि विशेष क्षेत्र तथा नदी जल प्रबंधन के साथ कृषि आधारित उद्योग का प्रोजेक्ट दिया जाए। लैंड पुलिंग और लॉटरी सिस्टम सिस्टम से सीतामढ़ी के किसानों को मुक्त रखा जाए।

# इनर ह्वील मौर्या का पदस्थापना समारोह आयोजित, नए पदाधिकारियों ने ली शपथ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इनर ह्वील मौर्या का नौवां पदस्थापना समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट ट्रेजरर विभा चरण पहाड़ी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर वर्ष 2025-26 में क्लब के सदस्यों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए तत्कालीन अध्यक्षा उपमा उर्मिल ने सदस्यों को सम्मानित किया। इसके बाद सत्र 2026-27 के पदाधिकारियों ने शपथ लेकर अपने पदभार ग्रहण किए। मनीषा रानी ने अध्यक्षा, अनुजा भदानी ने उपाध्यक्षा, मोनी सिंह ने सचिव, चित्रा पाठक ने कोषाध्यक्षा, रानी वरनवाल ने आईएसओ तथा संगीता मोदी ने एडिटर का पदभार संभाला। नवनिर्वाचित अध्यक्षा मनीषा रानी ने सत्र 2026-27 की शुरुआत विभिन्न सेवा कार्यों के साथ की। इसके तहत एक दिव्यांग को व्हीलचेयर, एक जरूरतमंद को सिलाई मशीन, पेड बैग, ब्रांडिंग छाते, ब्रांडिंग जूट के थैले तथा गरीब बच्चों के बीच स्टेशनरी का वितरण किया गया।

# राजेश राम ने जिला पर्यवेक्षकों को दिया निर्देश, बूथ से पंचायत तक कांग्रेस को करें मजबूत




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्यालय सदाकत आश्रम, पटना में शनिवार को आयोजित जिला पर्यवेक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए व्यापक रणनीति प्रस्तुत की। उन्होंने जिला पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि वे संगठन को धारदार, सक्रिय और जनसरोकारों से जुड़ा बनाते हुए पार्टी की मजबूती के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अब जिला, प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर पर संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती देने के अभियान में जुट गई है। उन्होंने कहा कि मजबूत संगठन ही जनता के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने का सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने जिला पर्यवेक्षकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में संगठनात्मक गतिविधियों की नियमित समीक्षा करें तथा प्रखंड समितियों के साथ-साथ पंचायत एवं बूथ समितियों का शीघ्र गठन एवं सशक्तीकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी से ही कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाया जा सकता है।

# 100 पीएम इ-बसें इस महीने के अंत तक पहुंचेंगी पटना

## आरएफपी जल्द तैयार कर बिडिंग प्रक्रिया शुरू करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार में पर्यावरण अनुकूल और इलेक्ट्रिक सार्वजनिक परिवहन को गति मिलने जा रही है। इस महीने के अंत तक लगभग 100 पीएम ई-बसें बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) को मिल जाएंगी। बीते दिनों बस कंपनी ग्रीनसेल मोबिलिटी प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों ने परिवहन विभाग और निगम के प्रशासक अतुल वर्मा से मुलाकात कर इसकी जानकारी दी। इस दौरान पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मोड के तहत निगम की 31 बस डिपो के पुनर्विकास पर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक भी हुई। बैठक में डिपो के पुनर्विकास के लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल (आरएफपी) तैयार करने की प्रगति और इसके रोडमैप की विस्तृत समीक्षा हुई। प्राइस वाटरहाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) को निर्देश दिया गया कि पुनर्विकास के लिए आरएफपी को शीघ्र तैयार किया जाए ताकि बिडिंग प्रक्रिया जल्द शुरू हो सके। निगम के प्रशासक श्री वर्मा ने बैठक में सभी आवश्यक जानकारी और पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने डिपो पुनर्निर्माण परियोजना और पीएम ई-बस सेवा योजना दोनों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। बैठक के समापन पर सभी संबंधित पक्षों को इन महत्वपूर्ण पहलों को तेजी से लागू करने के लिए बेहतर समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, पीडब्ल्यूसी और ग्रीनसेल मोबिलिटी के प्रतिनिधि शामिल थे।

# खुदाबख्श लाइब्रेरी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** बिहार के साहित्य, संस्कृति और समाज पर सूफी-भक्ति आंदोलन के प्रभाव तथा उसके सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक योगदान पर शोध एवं विमर्श के उद्देश्य से खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में लाइब्रेरी के निदेशक प्रो. मोहम्मद जाहिदुल हक ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि उनके कार्यभार संभालने के केवल एक महीने के भीतर इस प्रकार की महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन होना उनके लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि खुदाबख्श लाइब्रेरी एक बार फिर अपनी गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ा रही है जो अत्यंत शुभ संकेत है। प्रसिद्ध कथाकार एवं कवि शफी मशहदी ने संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा कि लंबे समय बाद लाइब्रेरी को एक ऊर्जावान और सक्रिय नेतृत्व मिला है। उन्होंने कहा कि यह संगोष्ठी आने वाले समय की नई योजनाओं का संकेत है और इसकी शुरुआत ऐसे विषय से हुई है जिसने समाज को आपसी भाईचारा और सद्भाव का संदेश दिया। प्रख्यात साहित्यकार एवं चिंतक प्रो. सफदर इमाम कादरी ने मुख्य वक्तव्य देते हुए कहा कि इतिहासकारों के सामने यह महत्वपूर्ण प्रश्न है कि सूफी-भक्ति आंदोलन के उपलब्ध ग्रंथों पर कितना भरोसा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यापति के ग्रंथ अपेक्षाकृत प्रमाणिक हैं, लेकिन अमीर खुसरो और कबीर के कई ग्रंथों की प्रामाणिकता आज भी शोध का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्तमान पीढ़ी के इतिहासकार और शोधकर्ता इस चुनौती का समाधान अवश्य खोजेंगे। वरिष्ठ इतिहासकार प्रो. रत्नेश्वर मिश्र ने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि सूफी-भक्ति आंदोलन की जड़ें भले ही प्राचीन हों, लेकिन इसका उत्कर्ष 16वीं शताब्दी में हुआ।

# संपादकीय

## वैष्णो देवी मंदिर -20-30 करोड़ की असली, बाकी नकली? जवाब तलाश रही जांचे

हाल ही में मंदिर प्रबंधन की ओर से यह दावा किया गया था कि चढ़ावे के रूप में लगभग 550 करोड़ रुपये की चांदी प्राप्त हुई थी, जिसमें से केवल 20 से 30 करोड़ रुपये की चांदी ही असली थी, जबकि शेष चांदी नकली या मिलावटी थी। करोड़ों लोगों की आस्था और विश्वास पर बने मंदिरों में वित्तीय अनियमितताओं की परतें अब सिलसिलेवार खुलने लगी हैं। अयोध्या स्थित राम मंदिर और बद्रीनाथ धाम के बाद जम्मू के माता वैष्णो देवी मंदिर में चांदी के चढ़ावे में बड़े पैमाने पर हेराफेरी के आरोप लगे हैं। इस मामले में पुलिस की जांच प्रणाली पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। यही वजह है कि अब स्थानीय अदालत ने पुलिस को शिकायत के संबंध में पूरा ब्योरा पेश करने का निर्देश दिया है।ऐसे में अहम सवाल यह है कि आखिर क्या वजह है कि मंदिर प्रबंधन के जिन लोगों पर वित्त की निगरानी, पारदर्शिता सुनिश्चित करने और इसकी संपत्तियों की रक्षा करने का दायित्व होता है, या तो उनके लिए इन जिम्मेदारियों का कोई महत्त्व नहीं होता या फिर वे खुद ही कठघरे में खड़े दिखाई देते हैं! जाहिर है कि व्यापक साठगांठ के बिना यह सब संभव नहीं हो सकता है।माता वैष्णो देवी मंदिर में पाँच सौ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य के चांदी के चढ़ावे में हेराफेरी का आरोप है। इस मामले में पुलिस को शिकायत दी गई थी, लेकिन उसकी रिपोर्ट पर ही सवाल उठने के बाद मामला अदालत पहुंच गया। शिकायतकर्ता का दावा है कि पुलिस की रिपोर्ट में इस बात का कोई जिक्र नहीं है कि इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई या नहीं, और न ही श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए गए करीब बीस टन चांदी के संबंध में लगे आरोपों की कोई सार्थक या विस्तृत जांच की गई।दरअसल, हाल ही में मंदिर प्रबंधन की ओर से यह दावा किया गया था कि चढ़ावे के रूप में लगभग 550 करोड़ रुपये की चांदी प्राप्त हुई थी, जिसमें से केवल 20 से 30 करोड़ रुपये की चांदी ही असली थी, जबकि शेष चांदी नकली या मिलावटी थी। इस दावे पर इसलिए भी सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि चढ़ावे की चांदी में कैडमियम मिले होने की बात सामने आई है। चूंकि कैडमियम एक विषैली धातु है और इसका व्यापार एवं उपयोग नियमानुसार ही किया जा सकता है तथा इस पर सरकार की कई एजेंसियों की नजर रहती है।इस मामले में आरोपों को इसलिए भी गंभीर माना जा रहा है, क्योंकि प्रथमदृष्टया यह विश्वास करना मुश्किल है कि इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालु कैडमियम युक्त नकली चांदी खरीद सकते हैं। अगर मंदिर प्रबंधन का यह दावा सच पाया जाता है, तो इसका सीधा मतलब होगा कि देश भर के अनगिनत दुकानदार इस जहरीली धातु वाली मिलावटी चांदी को खरीदने एवं उसे आम लोगों को बेचकर अच्छा-खासा मुनाफा कमाने के गोरखधंधे में लिप्त हैं और यह अपने आप में बेहद गंभीर सवाल खड़े करता है।पुलिस का तर्क है कि इस मामले में शिकायत प्राप्त होने के बाद उसे मंजूरी के लिए पुलिस महानिरीक्षक और अपराध शाखा को भेजा गया था।

# पंजाब में कांग्रेस को आपसी खींचतान में उलझा देख भाजपा ने मोदी को आगे कर पलट दी बाजी

(नीरज कुमार दुबे )

प्रधानमंत्री के पंजाब दौरे का दूसरा बड़ा आयाम रविदासिया समाज तक पहुंच बनाना है। प्रधानमंत्री इससे पहले भी गुरु रविदास जयंती पर डेरा सचखंड बल्लां पहुंच चुके हैं। जालंधर और पूरा दोआबा क्षेत्र रविदासिया समुदाय का प्रभावशाली राजनीतिक केंद्र माना जाता है।

पंजाब में विधानसभा चुनावों से पहले का राजनीतिक परिदृश्य बड़ा हैरान कर देने वाला है। एक ओर सत्तारुढ़ आम आदमी पार्टी अपनी नाकामियों और तमाम तरह के आरोपों का सामना कर रही है, वहीं खुद को सत्ता की प्रबल दावेदार मान रही कांग्रेस में एकाएक जबरदस्त आपसी खींचतान मच गयी है। साथ ही पंजाब में कई बार राज कर चुका शिरोमणि अकाली दल अपना अस्तित्व बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है तो वहीं राज्य में पहली बार अपने दम पर सभी विधानसभा सीटों पर लड़ने का ऐलान कर चुकी भाजपा ने मौका देख कर अपनी चुनावी रणनीति को नई धार दे दी है।

हम आपको बता दें कि भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव को लक्ष्य बनाकर विकास, धार्मिक-सामाजिक समीकरणों और नए राजनीतिक संदेश के सहारे अपनी जमीन मजबूत करने की रणनीति पर काम कर रही है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जालंधर दौरे पर आ रहे हैं। उनका दौरा केवल विकास परियोजनाओं के उद्घाटन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे 2027 की चुनावी बिसात का स्पष्ट राजनीतिक संदेश छिपा है।

भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी का पंजाब दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब राज्य की राजनीति सतलुज फिल्म विवाद से गर्माई हुई है। इस पूरे विवाद में भाजपा सबसे अधिक राजनीतिक दबाव में दिखाई दी। पार्टी लगातार यह कहती रही कि फिल्म को ओटीटी मंच से हटाने में उसकी कोई भूमिका नहीं है, लेकिन विपक्ष ने पूरे विवाद का राजनीतिक ठीकरा भाजपा पर ही फोड़ दिया। भाजपा के भीतर भी मतभेद खुलकर सामने आए। केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने फिल्म को पंजाब की त्रासदी का एकतरफा चित्रण बताते हुए इसकी आलोचना की और कहा कि इसमें आतंकवाद की पृष्ठभूमि तथा पुलिसकर्मियों के बलिदान की अनदेखी की गई है। दूसरी ओर वरिष्ठ भाजपा नेता इकबाल सिंह लालपुरा ने सार्वजनिक रूप से बिट्टू को अपनी सीमाओं में रहने की सलाह दी। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने भी माहौल शांत करने की अपील करते हुए कहा कि पंजाब ने बहुत खून-खराबा देखा है, इसलिए पुराने जख्मों को कुरेदने की बजाय शांति और जिम्मेदार संवाद की जरूरत है। पार्टी के भीतर यह स्वीकार किया जा रहा है कि फिल्म कांग्रेस शासनकाल की घटनाओं पर आधारित होने के बावजूद राजनीतिक जवाब भाजपा को देना पड़ रहा है।

ऐसे माहौल में प्रधानमंत्री मोदी का विकास एजेंडा भाजपा के लिए राजनीतिक नैरेटिव बदलने का प्रयास माना जा रहा है। जालंधर कैंट रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास का उद्घाटन, मोहाली, श्री मुक्तसर साहिब और श्री आनंदपुर साहिब समेत कई रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल लोकार्पण केवल आधारभूत ढांचे का विस्तार नहीं, बल्कि राजनीतिक संदेश भी है कि भाजपा पंजाब में विकास की राजनीति को केंद्र में रखना चाहती है। साथ ही यह भी तय माना जा रहा है कि भाजपा पंजाब में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर ही चुनाव लड़ेगी।

इस दौरे का दूसरा बड़ा आयाम रविदासिया समाज तक पहुंच बनाना है। प्रधानमंत्री इससे पहले भी गुरु रविदास जयंती पर डेरा सचखंड बल्लां पहुंच चुके हैं। जालंधर और पूरा दोआबा क्षेत्र रविदासिया समुदाय का प्रभावशाली राजनीतिक केंद्र माना जाता है, जहां अनुसूचित जाति मतदाता चुनावी परिणाम तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आनंदपुर साहिब और मोहाली जैसे धार्मिक एवं शहरी क्षेत्रों को भी इस दौरे में शामिल करना भाजपा की व्यापक सामाजिक रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। श्री मुक्तसर साहिब का चयन भी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल का गृह जिला है। हम आपको बता दें कि भाजपा पहले ही 2027 का चुनाव अपने दम पर लड़ने का ऐलान कर चुकी है, हालांकि उसने गठबंधन के विकल्प पूरी तरह बंद भी नहीं किए हैं। ऐसे में विकास और

भाजपा के लिए प्रधानमंत्री मोदी का पंजाब दौरा ऐसे समय हो रहा है, जब राज्य की राजनीति सतलुज फिल्म विवाद से गर्माई हुई है। इस पूरे विवाद में भाजपा सबसे अधिक राजनीतिक दबाव में दिखाई दी। पार्टी लगातार यह कहती रही कि फिल्म को ओटीटी मंच से हटाने में उसकी कोई भूमिका नहीं है, लेकिन विपक्ष ने पूरे विवाद का राजनीतिक ठीकरा भाजपा पर ही फोड़ दिया। भाजपा के भीतर भी मतभेद खुलकर सामने आए। केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने फिल्म को पंजाब की त्रासदी का एकतरफा चित्रण बताते हुए इसकी आलोचना की और कहा कि इसमें आतंकवाद की पृष्ठभूमि तथा पुलिसकर्मियों के बलिदान की अनदेखी की गई है। दूसरी ओर वरिष्ठ भाजपा नेता इकबाल सिंह लालपुरा ने सार्वजनिक रूप से बिट्टू को अपनी सीमाओं में रहने की सलाह दी।



सामाजिक आउटरीच के जरिए पार्टी अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान मजबूत करने की कोशिश कर रही है।

दूसरी ओर कांग्रेस की सबसे बड़ी चुनौती विपक्ष नहीं, बल्कि उसका अपना संगठन बन गया है। लंबे समय से चली आ रही गुटबाजी के बावजूद पार्टी हाईकमान ने अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को प्रदेश अध्यक्ष बनाए रखने का फैसला किया है। पार्टी का आकलन है कि विधानसभा चुनाव से पहले नेतृत्व परिवर्तन संगठन को कमजोर कर सकता है। कांग्रेस सूत्रों का दावा है कि राज्य के 29 में से 25 जिला अध्यक्ष, सात में से चार सांसद और 18 में से 10 विधायक वड़िंग के साथ हैं। पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने भी स्पष्ट संकेत दिया कि फिलहाल यथास्थिति ही बनी रहेगी और मीडिया में चल रही अटकलों पर भरोसा नहीं किया जाना चाहिए। हालांकि यह फैसला कांग्रेस के भीतर नई खींचतान का कारण बन गया है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष बनाकर शक्ति संतुलन बनाने की कोशिश की गई, लेकिन चन्नी समर्थक इसे पर्याप्त नहीं मानते। उनका तर्क है कि चुनाव अभियान का नेतृत्व करने और पंजाब में पार्टी का प्रमुख चेहरा बनने के बाद चन्नी को अधिक अधिकार मिलने चाहिए थे। वरिष्ठ नेता सुखजिंदर सिंह रंधावा समेत कई नेता भी वड़िंग के नेतृत्व पर सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि लोकतांत्रिक दल में मतभेद स्वाभाविक हैं और समय आने पर असंतुष्ट नेताओं को साथ लेकर चलने का प्रयास किया जाएगा, लेकिन फिलहाल संगठन में स्थिरता सबसे बड़ी प्राथमिकता है। बहरहाल, स्पष्ट है कि पंजाब की राजनीति अब केवल विकास बनाम विपक्ष की लड़ाई नहीं रह गई है। भाजपा अतीत की बहसों से निकलकर विकास, रेलवे परियोजनाओं और रविदासिया समाज के जरिए नया राजनीतिक विमर्श गढ़ना चाहती है, जबकि कांग्रेस अपने ही संगठनात्मक संकट से जूझते हुए एकजुटता बचाने में लगी है। इस बीच, सतलुज विवाद ने पंजाब के पुराने जख्मों को फिर से राजनीतिक बहस के केंद्र में ला दिया है, लेकिन असली मुकाबला इस बात का होगा कि 2027 तक कौन-सी पार्टी जनता के सामने सबसे विश्वसनीय राजनीतिक कथा स्थापित कर पाती है। फिलहाल भाजपा विकास और सामाजिक समीकरणों के सहारे नई जमीन तलाश रही है, जबकि कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी परीक्षा अपने घर की कलह पर नियंत्रण पाने की है। पंजाब की चुनावी बिसात बिछ चुकी है और आने वाले महीनों में यही दोनों ध्रुव राज्य की राजनीति की दिशा तय करेंगे क्योंकि आम आदमी पार्टी के प्रति बढ़ती नाराजगी को देखते हुए सत्ता से उसकी विदाई तय मानी जा रही है। (यह लेखक के अपने विचार हैं)

# मन के विचार और कर्मों का फर्क समझिए, हर दिखने वाली चीज का मतलब गलत नहीं होता

(अमिताभ स )

हर व्यक्ति में पूर्ण क्षमता है, चाहे तो वह कल्पना से भी ज्यादा नीचे गिर जाए और चाहे जितना भी ऊपर उठ जाए। ऊपर उठने की राह मेहनत और सही सोच से बनती है।

एक दिन एक बच्चा अपने पिता के साथ बाजार गया। बाजार में चलते-फिरते उसकी नजर खिलौनों की दुकान पर पड़ी। दुकान के बाहर ही प्लास्टिक की एक बंदूक सजी लटक रही थी। बंदूक देख कर उससे रहा नहीं गया। वह अपने पिता से बंदूक लेने की जिद करने लगा। काफी देर तक टालने और मना करने पर भी न मानने के बाद पिता ने उसे बंदूक खरीद दी।

वह बच्चा घर पहुंचा, तो उसने सबसे पहले अपनी मां को बंदूक दिखाई और बोला, 'ममी, इस बंदूक पर मेरे सपने टिके हैं!' सुन कर मां घबरा गई कि बेटा क्या कह रहा है। वह सोचने लगी कि कहीं उसका बच्चा बड़ा होकर चोर-डकैत तो नहीं बन जाएगा! फिर शाम होते ही वह अपनी खिलौना-बंदूक लेकर गली-मुहल्ले के अपने यार-दोस्तों पर रोब जमाने लगा। एक मित्र ने समझाया, 'यार, बंदूक भी कोई पसंद करता है? यह किस काम की है? कुछ लेना ही था, तो क्रिकेट का बल्ला और गेंद लेता। खेलते-खेलते खिलाड़ी बन जाता।'

फिर उसने साफ-साफ पूछा, 'भई, तुमने बंदूक ली ही क्यों?' बच्चा जब समझाने लगा तो कहा- 'मैंने बंदूक यह सोच कर ली है कि मैं बड़ा होकर सेना में जाऊंगा और देश की रक्षा करूंगा।' सुन कर दोस्त हक्का-बक्का रह गया! जब उसकी मां को पता चला कि उसका बच्चा ऐसा सोचता है, तो उसका भी सिर गर्व से ऊंचा उठ गया।ओशो के शब्द हैं, 'उस मां को, उस पिता को, मैं सच्चा माता-पिता कहता हूं और उस गुरु को, मैं सच्चा गुरु कहता हूं, जो अपने बच्चों और शिष्यों से कहे कि तुम खुद जैसे बनने की कोशिश करना। साथ ही, कभी भूल कर भी किसी और जैसे मत बनना। तो तुम्हारे भीतर एक सुगंध, एक सौरभ, एक गरिमा पैदा होगी, जिसके लिए तुम दुनिया में आए हो।' आमतौर पर, ऊपर-ऊपर से देख-सुन कर हर कोई अपने मन में किसी के बारे में धारणा बुन लेता है। मिसाल के तौर पर, अगर कोई युवा बेरोजगार तेज धार का चाकू खरीद लाए, तो उसे देखने वाले लोगों के दिमाग में पहला खयाल जरूर कौंधेगा कि चाकू से कुछ 'गलत' काम करने का इरादा होगा। बेशक उसकी ऐसी सोच हरगिज न रही हो। हो सकता है कि उसने अपने घर पर फल और सब्जियां काटने के लिए चाकू खरीदा हो।

इसी तरह एक बार एक घरेलू सहयोगी नरेश चूहे मारने की टिकिया लेने मुहल्ले की परचून दुकान पर गया। उसने दुकानदार की तरफ सौ रुपए का नोट बढ़ाया और कहा, 'भैया, एक फलां कंपनी की चूहे मारने की टिकिया दीजिए।' दुकानदार ने उससे जानना चाहा कि इसका क्या करोगे, तो वह बिना जवाब दिए, गुमसुम दुकानदार को ताकता रहा। शायद उसे दुकानदार से ऐसे सवाल की उम्मीद नहीं थी। दुकानदार ने उसे चूहे मारने की टिकिया देने से मना कर दिया। नरेश खाली हाथ घर लौट आया और अपने साहब से बोला कि दुकानदार ने पता नहीं क्यों उसे देने से इनकार कर दिया है। जबकि कई टिकियां सामने ही रखी हुई थीं। साहब नरेश को परचून की दुकान पर दुबारा ले गए। इस बार साहब ने वही टिकिया मांगी, तो दुकानदार ने बिना कुछ कहे-पूछे निकाल कर सामने रख दी।

साहब ने दुकानदार से जानना चाहा कि आपने नरेश को क्यों नहीं दी, तो दुकानदार बोला कि नरेश मुझे बता नहीं पाया कि इसका करेगा क्या! अगर वह कहता कि घर में उससे चूहे भगाने हैं, तो मैं फौरन दे देता, लेकिन वह खामोश रहा। इसलिए दुकानदार को संदेह हुआ कि छोटू का इरादा कुछ 'गलत' करने का है। यानी कहीं खुद खा ली, तो वह दुकानदार ही फंस जाएगा।

यह भी सच है कि मन में विचार रखने या महज इरादा होना, तब तक अपराध नहीं माना जाता, जब तक उसे अंजाम न दिया जाए। सड़क पर सफर के दौरान वाहनों का जाम लग जाने की सूरत में अगर कोई मन ही मन जल्दी पहुंचने के लिए उल्टी तरफ से जाना चाहे, तो कोई यातायात पुलिसकर्मी उसका चालान नहीं काटेगा, क्योंकि वह केवल चाह रहा है, उल्टी तरफ से गया नहीं है। जबकि अगर उसके मन में विचार उत्पन्न हो, और वह सचमुच गलत तरफ अपना वाहन ले जाए, तब कानून तोड़ने के जुर्म में फंसेगा। कहने का आशय यह कि सिर्फ चाहने या सोचने से किसी काम का हो जाना नहीं मान लिया जा सकता, जब तक कि वह वास्तव में घटित होता हुआ न दिखे।

वास्तव में, हर व्यक्ति में पूर्ण क्षमता है, चाहे तो वह कल्पना से भी ज्यादा नीचे गिर जाए और चाहे जितना भी ऊपर उठ जाए। मगर ऊपर उठने में चढ़ाई है और चढ़ाई में मेहनत लगती है। साथ ही चढ़ाई मेहनत के साथ सब्र मांगती है।

# क्या फिर टूटने की राह में एनसीपी? सुनेत्रा परिवार से पार्टी का एक गुट नाराज

(आलोक देशपाण्डे)

महाराष्ट्र की नेशनल कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में इन दिनों सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। बुधवार को डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे के बीच एक बैठक हुई। मीटिंग दोनों नेताओं के बीच असंतोष पर खत्म हुई। मीटिंग में सुनेत्रा पवार ने सुनील से पूछा कि आप और वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल की मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस के साथ बैठक की बात उन्हें पहले क्यों नहीं बताई?

मंगलवार की रात विपक्ष एनसीपी (एसपी) के नेता जयंत पाटिल ने देवेंद्र फड़नवीस से उनके मुंबई स्थित आधिकारिक आवास 'वर्षा' पर मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसी दौर में हुई जब अटकलें लगाई जा रही कि संसद में परिसीमन विधेयक के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को सपोर्ट कर सकती है। यहां तक कि प्रदेश सरकार में शामिल होने के लिए पाला भी बदल सकती है।

वर्षा में देर रात आयोजित इस बैठक में एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल दोनों मौजूद थे। इससे दोनों एनसीपी गुटों के बीच सुलह की संभावना को बल मिला, जो 2023 में अजित पवार के एनडीए में शामिल होने के बाद बंट गए थे।

**सुनेत्रा ने जताई नाराजगी:** सूत्रों ने कहा कि बुधवार सुबह बैठक में सुनेत्रा पवार ने देवेंद्र फड़नवीस के आवास पर बैठक के बारे में जानकारी न दिए जाने पर नाराजगी जताई। सुनील तटकरे ने एनसीपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनेत्रा को बताया कि यह पता चलने के बाद कि एनसीपी (एसपी) परिसीमन विधेयक का समर्थन कर सकती है, उन्होंने और प्रफुल्ल पटेल ने महाराष्ट्र मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

एक सूत्र के अनुसार सुनील तटकरे ने सुनेत्रा को बताया कि वे यह सुनिश्चित करना चाहते थे कि मुख्यमंत्री और उनकी पार्टी के बीच कोई गलतफहमी न हो। एक सूत्र ने कहा, 'उसने पूछा कि दोनों में से किसी ने भी उसे इस बारे में पहले से बताया जरूरी क्यों नहीं समझा।'

मंगलवार की रात विपक्ष एनसीपी (एसपी) के नेता जयंत पाटिल ने देवेंद्र फड़नवीस से उनके मुंबई स्थित आधिकारिक आवास 'वर्षा' पर मुलाकात की। यह मुलाकात ऐसी दौर में हुई जब अटकलें लगाई जा रही कि संसद में परिसीमन विधेयक के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को सपोर्ट कर सकती है। यहां तक कि प्रदेश सरकार में शामिल होने के लिए पाला भी बदल सकती है। वर्षा में देर रात आयोजित इस बैठक में एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल दोनों मौजूद थे। इससे दोनों एनसीपी गुटों के बीच सुलह की संभावना को बल मिला, जो 2023 में अजित पवार के एनडीए में शामिल होने के बाद बंट गए थे।

हालांकि, तटकरे ने मतभेद की खबरों से इनकार किया है। उन्होंने कहा, अजित दादा (दिवंगत अजित पवार) के साथ मेरा बहुत अच्छा समीकरण था और सुनेत्रा बहिनी (भाभी) के साथ भी मेरा समीकरण वैसा ही है। गलतफहमी या किसी भी बात पर उनके मुझसे नाराज होने का कोई सवाल ही नहीं है।

**बंटती दिख रही एनसीपी:** एनसीपी तेजी से टूटती दिख रही है, एक गुट पवार परिवार सुनेत्रा और उनके बेटों के साथ दिख रहा है क्योंकि वे ही सत्ता में हैं और दूसरा गुट डिप्टी सीएम के बड़े बेटे पार्थ पवार के आगे आने के बाद खुद को दरकिनार महसूस कर रहा है। सुनेत्रा पवार के करीबी सूत्रों ने संकेत दिया है कि पार्थ सुनील तटकरे की जगह उत्तर महाराष्ट्र के किसी विधायक को लाना चाहते हैं, जबकि सुनील तटकरे ने खुले तौर पर कहा है कि वह राज्य में पार्टी का नेतृत्व करना जारी रखेंगे।

पार्टी ने यह भी फैसला लिया है कि वह एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में सुनेत्रा की नियुक्ति को चुनौती देने वाले अपने राष्ट्रीय सचिव सच्चिदानंद सिंह के कानूनी नोटिस का जवाब नहीं देगी। पवार परिवार के एक करीबी सूत्र ने कहा, इसका जवाब देना भी अनावश्यक है। अगर इस नोटिस को भेजने के पीछे कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा है, तो हम इसका जवाब न देने का फैसला करने के बाद इसे खुले में रखें।



एनसीपी में अंदरूनी कलह और गलतफहमी संगठन को अस्त-व्यस्त कर दिया है, कई प्रमुख नियुक्तियां रुकी हुई हैं। पार्टी के पास अभी युवा और महिला विंग के लिए अध्यक्ष पद खाली हैं। रुपाली चाकणकर के इस्तीफे के बाद यह राज्य महिला आयोग के लिए एक नया अध्यक्ष नियुक्त करने में विफल रही है। जिस पर फाइनेंस पोर्टफोलियो का आश्वासन दिया गया था वह भी इस समय पहुंच से बाहर प्रतीत होता है, उस मोर्चे पर कोई विकास नहीं हुआ है। अजित पवार के पास यह विभाग था, लेकिन उनकी मौत के बाद विभाग क जिम्मेदारी मुख्यमंत्री ने संभाली। विधायकों के बीच सुगबुगाहट से यह भी संकेत मिलता है कि दोनों एनसीपी के विलय से पार्टी और मजबूत हो सकती है, लेकिन किसी ने भी आधिकारिक तौर पर इस मामले को नेतृत्व के सामने नहीं उठाया है। सूत्रों ने बताया कि जब तक पवार परिवार नेतृत्व के मुद्दे पर आम सहमति नहीं बन जाती, तब तक चीजें आगे बढ़ने की संभावना नहीं है। पवार परिवार की अगली पीढ़ी के कई सदस्य पार्थ, जय (सुनेत्रा के छोटे बेटे), रोहित (अजित के चचेरे भाई राजेंद्र के बेटे) और युगेंद्र (अजित पवार के भतीजे) ने राजनीति में एंट्री ली है, जबकि सुनेत्रा डिप्टी सीएम हैं और सुप्रिया सुले बारामती से सांसद है और पिता शरद पवार की पार्टी में एक प्रमुख व्यक्ति हैं।

**अजीत पवार की मौत के बाद पार्टी में उथल-पुथलः** इस साल की शुरुआत में एक प्लेन दुर्घटना में अजीत पवार की मौत के बाद से एनसीपी में उथल-पुथल मची हुई है। सुनेत्रा ने अपने बेटों के साथ मिलकर संगठन पर पकड़ बनाने की कोशिश की है। हालांकि इससे उनके और वरिष्ठ नेतृत्व के बीच मनमुटाव पैदा हो गया है। 10 मार्च 2026 को उन्होंने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर 28 जनवरी के बाद से पार्टी की ओर से किसी भी व्यक्ति द्वारा किए गए किसी भी पत्राचार को अमान्य मानने के लिए कहा।

# राशन कार्ड निर्माण शिविर का नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार ।** शहर के तीनगछिया स्थित विशेष राशन कार्ड निर्माण शिविर का नगर आयुक्त संतोष कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिविर में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मियों को निर्देश दिया कि राशन कार्ड बनवाने आए किसी भी आवेदक को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा सभी आवेदनों का निष्पादन पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने विभिन्न काउंटरों का जायजा लिया। दस्तावेजों की जांच की तथा आवेदन प्रक्रिया की बारीकियों को समझा। उन्होंने कंप्यूटर ऑपरेटरों को निर्देशित किया कि जिन आवेदनों में किसी प्रकार की त्रुटि या दस्तावेजों की कमी हो, उसकी जानकारी आवेदकों को तत्काल दी जाए ताकि आवश्यक सुधार कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर राशन कार्ड बनाया जा सके। नगर आयुक्त श्री कुमार ने कहा कि राशन कार्ड आम नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है और इससे जुड़ी सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को अनावश्यक कागजी प्रक्रिया में न उलझाया जाए तथा प्रत्येक आवेदन का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही या कोताही पाए जाने पर संबंधित कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने शिविर में उपस्थित स्थानीय नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव भी सुने तथा अधिकारियों को उनका त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया।



**कोताही बरतने वाले कर्मी नपेंगे : संतोष**

**समयबद्ध व पारदर्शी निष्पादन के दिए निर्देश**

## वार्ड सदस्य के पति के निधन की खबर से शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र अन्तर्गत महेशुपुर पंचायत के वार्ड संख्या12 के लगातार तीसरी बार सदस्य बनी मंजू देवी के पति राजेन्द्र झा के निधन से वार्ड के लोगों सहित पंचायतस्तरीय प्रतिनिधियों में भी शोक की लहर व्याप्त है।परिजनों के अनुसार वे विगत कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।इलाज के दौरान हीं कटिहार मेडिकल कालेज अस्पताल में उनका निधन हो गया।वे अपने पीछे पत्नी,एक पुत्र,पुत्रवधु,तीन पुत्री सहित नाती-पोते से भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन पर मुखिया नीलम देवी, प्रमुख शुभम यादव, पूर्व प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य सूरज साह, उपमुखिया राधा देवी, पूर्व मुखिया श्यामलाल ठाकुर, कल्पना देवी, वार्ड सदस्य मनोज ठाकुर, अवधेश राय, देवीलाल सोरेन, नीरज कुमार, नूतन देवी, समाजसेवी राजू मिस्त्री, मनोज मंडल, राजीव रंजन आदि ने शोक प्रकट किया है।

## कोढ़ा में लापरवाही पर सीडीपीओ का बड़ा एक्शन

### चार सहायिका व एक सेविका चयनमुक्त आंगनबाड़ी व्यवस्था में बढ़ी जवाबदेही

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढ़ा (कटिहार)।** कोढ़ा बाल विकास परियोजना में कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सीडीपीओ ने सख्त रुख अपनाते हुए चार आंगनबाड़ी सहायिकाओं एवं एक सेविका को चयनमुक्त कर दिया है। चयनमुक्त होने वाली सेविका योगेश्वर पासवान टोला केंद्र संख्या 159 की शोभा देवी एवं केंद्र संख्या 96 रामपुर मध्य की सहायिका माला देवी,केंद्र संख्या 126 बहरखाल की सहायिका गीता देवी ,केंद्र संख्या 189 पैकहा दक्षिण की सहायिका सीता देवी,एवं केंद्र संख्या 222 की सहायिका अनुमति देवी बताई जा रही है।इस कार्रवाई के बाद पूरे प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में हड़कंप मच गया है और सेविका-सहायिकाओं के बीच जवाबदेही का माहौल बन गया है। हालांकि कुछ सेविका इसे बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कोढ़ा की मनमानी बता रहे हैं साथ ही जिलाधिकारी कटिहार को लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की है।वहीं दूसरी ओर कार्रवाई का असर भी तुरंत देखने को मिल रहा है। अब अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुल रहे हैं तथा सेविका एवं सहायिकाएं निर्धारित समय पर केंद्रों पर उपस्थित रहकर बच्चों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाली सेवाओं का नियमित संचालन कर रही हैं। सीडीपीओ उषा किरण ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि आंगनबाड़ी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी सेविका एवं सहायिकाओं को सरकारी दिशा -निर्देशों के अनुरूप पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि जो सेविका एवं सहायिका अपने कार्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगी, उन्हें विभागीय स्तर पर प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया जाएगा। वहीं जिनके कार्य में लापरवाही, अनियमितता या अनुपस्थिति पाई जाएगी।उनके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। सीडीपीओ की इस कर्तव्यनिष्ठ और अनुशासनात्मक पहल को प्रखंड में आंगनबाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। लोगों का कहना है कि ऐसी नियमित निगरानी और निष्पक्ष कार्रवाई से आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यप्रणाली में सुधार आएगा तथा सरकार की योजनाओं का लाभ वास्तविक पात्र लाभार्थियों तक समय पर पहुंच सकेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अमीननगर में खराब सड़क का पंचायत जन प्रतिनिधि ने निजी कोष से कराया निर्माण

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मनसाही प्रखंड के साहेबनगर पंचायत के अमीननगर में लंबे समय से खराब सड़क के कारण ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई थी। इस समस्या को देखते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने आपसी सहयोग और अपने स्वयं के आर्थिक योगदान से सड़क पर रावीश बोल्डर डलवाकर आवागमन योग्य बनाने का सराहनीय कार्य किया। ग्रामीणों के इस जनसहयोग की क्षेत्र में खूब प्रशंसा हो रही हैं। इस कार्य में जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद,मुखिया प्रतिनिधि मो. तजमुल हक तथा समाजसेवी शाह कमाल ने भी सक्रिय सहयोग दिया और ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क की समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की हैं।अमीनगर की इस सड़क का स्थायी निर्माण जल्द कराया जाए, ताकि भविष्य में लोगों को ऐसी कठिनाइयों का सामना न करना पड़े।



### बज्जिका फीचर फिल्म 'बउआ' को पहचान देने में युवा निर्देशक रौनित रंजन की भूमिका अहम

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मुजफ्फरपुर में बनने जा रही भारत की पहली बज्जिका भाषा की फीचर फिल्म "बउआ" लगातार चर्चा का विषय बनी हुई है। इस महत्वाकांक्षी फिल्म से कटिहार जिले की प्रतिभाओं का भी महत्वपूर्ण जुड़ाव है। कटिहार के होनहार युवा कलाकार रौनित रंजन अपने शानदार निर्देशन और कैमरा के बल पर इस फिल्म को एक नई पहचान दिलाने की दिशा में अग्रसर हैं। उनकी प्रतिभा और मेहनत से न केवल कटिहार, बल्कि पूरे बिहार को गर्व महसूस हो रहा है। फिल्म की एक विशेष बात यह भी है कि कटिहार के वरिष्ठ रंगकर्मी, अभिनेता एवं निर्देशक आलोक कुमार भी इस फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रंगमंच और सिनेमा के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव का लाभ इस फिल्म को मिलेगा। निर्माताओं का मानना है कि "बउआ" केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि बज्जिका भाषा, संस्कृति और लोकजीवन को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक सशक्त प्रयास है। फिल्म में बिहार के विभिन्न जिलों के प्रतिभाशाली कलाकारों को अवसर दिया गया है, जिससे स्थानीय कला और संस्कृति को नई ऊँचाइयाँ मिलेंगी। फिल्म का मुहूर्त एवं शूटिंग मुजफ्फरपुर में प्रारंभ हो चुकी है और इसके माध्यम से बज्जिका भाषा को पहली बार बड़े पर्दे पर एक नई पहचान मिलने जा रही है।




### डीएम एवं एसपी ने किया इवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी तथा आरक्षी अधीक्षक परिचय कुमार ने शनिवार को संयुक्त रूप से ईवीएम वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया।इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी पवन कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी तथा मान्यता प्राप्त विभिन्न राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें। निरीक्षण के क्रम में डीएम एवं एसपी ने ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का निर्धारित मानकों आधार पर सघनता से जांच किया।पदाधिकारी द्वय ने वेयरहाउस में लगे सीसीटीवी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वेयर हाउस की सुरक्षा को लेकर तैनात सुरक्षा कर्मियों से सजग एवं सतर्क रहने का निर्देश दिया। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से ईवीएम एवं वीवीपैट वेयर हाउस में रखे हुए ईवीएम वीवीपैट की सुरक्षा व्यवस्था का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह- जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रुप से नियमित निरीक्षण किये जाने का निर्देश प्राप्त है।निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने उपस्थित उप निर्वाचन पदाधिकारी को सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।



### नशा मुक्त युवा फोर विकसित भारत' अभियान को लेकर राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता आयोजित

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वाधान में माय भारत द्वारा संचालित 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' अभियान के अंतर्गत युवाओं में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देशभर में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रव्यापी इस प्रतियोगिता जिला से भाग लेने के लिए युवा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु 20 जुलाई, 2026 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है।उक्त जानकारी देते हुए जिला युवा पदाधिकारी ने बताया है कि अभियान के प्रभावी संचालन एवं जिले के अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने को लेकर जिला सलाहकार समिति की बैठक में विस्तार से चर्चा की गई थी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों,युवा क्लबों एवं अन्य हितधारकों को अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत वाद-विवाद,स्लैम पोएट्री, रील एवं शॉर्ट फिल्म निर्माण, नुक्कड़ नाटक, नृत्य, स्लोगन लेखन, संगीत एवं रैप तथा पेंटिंग सहित कुल आठ प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से युवाओं को रचनात्मक एवं प्रभावशाली ढंग से नशामुक्ति का संदेश समाज तक पहुंचाने का अवसर मिलेगा।सभी विधाओं में जिलास्तर पर चयनित विजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे और राज्यस्तर के विजेता राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। वहीं राष्ट्रस्तर पर चयनित प्रतिभागियों को केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राष्ट्रीय युवा सम्मेलन में अपने राज्य का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

## राशन कार्ड निर्माण को लेकर एसडीओ ने की पीडीएस डीलरों के साथ बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मनिहारी अनुमंडल कार्यालय के सभागार में शनिवार को राशन कार्ड निर्माण महाअभियान को लेकर पीडीएस जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी एसडीओ त्रिलोकी नाथ सिंह ने की। इसमें नगर एवं प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी पीडीएस डीलर, आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में एसडीओ ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार पूरे बिहार में 13 अगस्त तक राशन कार्ड निर्माण महाअभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी पीडीएस डीलरों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पात्र परिवारों को नए राशन कार्ड बनवाने तथा जिन लाभुकों का नाम राशन कार्ड से हट गया है, उन्हें पुनः ऑनलाइन आवेदन करने के लिए जागरूक करें।उन्होंने कहा कि नए राशन कार्ड के आवेदन के लिए आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र, परिवार का संयुक्त फोटो, सभी सदस्यों का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और ई-मेल आईडी आवश्यक होंगे। एसडीओ ने अभियान को पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ संचालित करने का निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। बैठक में आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी भी डीलरों को दी गई।



## पुलिस ने दो चोरों को ग्रामीणों के सहयोग से पकड़ कर भेजा जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** थाना क्षेत्र के चित्तौड़िया में बीते देर रात्रि को चोरी करने आये चंदन कुमार पोद्दार एवं रवि कुमार साह को स्थानीय ग्रामीण की सहयोग से मनसाही पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई हैं। इस दौरान अपर थानाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी ने बताया कि बीते रात को चितौरिया में सहायक थाना क्षेत्र के चंदन कुमार पोद्दार एवं रवि कुमार साह ने चोरी करने के नियत से किसी के घर में घुस गया जिसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा स्थानीय पुलिस प्रशासन को दिया गया। मौके पर मनसाही में पद स्थापित अपर थानाध्यक्ष मुस्तफा अंसारी ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की सहयोग से दोनों को धर दबोचा एवं दोनों को हिरासत में ले कर थाना लाया साथ ही उन दोनों के साथ एक टोटो एवं एक मोटरसाइकिल बाइक भी जप्त की गई हैं। दोनों को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।





## जयनगर कब्रिस्तान जाने वाली सड़क में बाउंड्री बॉल निर्माण शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के जयनगर कब्रिस्तान जाने वाले सड़क के पूरब साइड में 80 फीट बाउंड्री बॉल निर्माण का शुभारंभ पंचायत के मुखिया मरजीना खातून,मुखिया प्रतिनिधि मो. तजमुल हक ने शुरू किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मो. तजमुल ने कहा कि जयनगर कब्रिस्तान जाने वाली सड़क के पूरब साइड में 10 इंच का बाउंड्री बॉल का निर्माण किया जाएगा। कुल 80 फीट तक बाउंड्री बॉल का निर्माण किया जाएगा ।जिससे सड़क टूटने से बचेगा। इस अवसर पर साहेबनगर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी सह समाजसेवी शाह कमाल ने बताया कि काफी दिनों से पंचायत के मुखिया से जयनगर जाने वाले कब्रिस्तान में सड़क के पूरब साइड बाउंड्री बॉल निर्माण कराने की मांग कर रहे थे। शनिवार को विधिवत बाउंड्री बॉल निर्माण का शुभारंभ हो गया। अब 10 इंच का बाउंड्री बॉल का निर्माण होने से सड़क टूटने से बचेगा साथ ही 80 फीट तक बाउंड्री बॉल का निर्माण होना हैं। बाउंड्री बॉल निर्माण ग्राम पंचायत राज साहेबनगर पंचायत के कोष से किया जा रहा हैं । इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि मो. तजमुल हक, जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद, पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी सह समाजसेवी शाह कमाल, इंजीनियर खुर्शीद आलम, इंजीनियर सलीम अख्तर, फिरोज आलम आदि उपस्थित रहे ।



## मनिहारी प्रखंड जीविका परियोजना प्रबंधक को भावपूर्ण विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार) ।** जीविका मनिहारी के प्रखंड परियोजना प्रबंधक बीपीएम ब्रजेश कुमार का स्थानांतरण कटिहार जिले के मनिहारी प्रखंड से बांका जिले के अमरपुर प्रखंड में हो गया है। इस अवसर पर जीविका कार्यालय परिसर में एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जीविका दीदियों, सामुदायिक कैडरों एवं कार्यालय कर्मियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। श्री कुमार ने लगभग चार वर्षों तक मनिहारी प्रखंड में अपनी सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूहों एसएचजी , ग्राम संगठन भीओ एवं संकुल स्तरीय महासंघ सीएल एफ को सशक्त बनाने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा विभिन्न आजीविका कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में मनिहारी प्रखंड में जीविका की गतिविधियों को नई गति मिली और कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई। विदाई समारोह में उपस्थित जीविका दीदियों ने कहा कि श्री कुमार सदैव सहज, सहयोगी एवं प्रेरणादायी अधिकारी रहे। उन्होंने हर परिस्थिति में दीदियों का मार्गदर्शन किया और संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का निरंतर प्रयास किया। उनके कार्य, समर्पण और व्यवहार को मनिहारी परिवार हमेशा याद रखेगा।अपने संबोधन में श्री कुमार ने सभी जीविका दीदियों, सामुदायिक कैडरों, जनप्रतिनिधियों, प्रखंड एवं अनुमंडल प्रशासन तथा सहयोगी विभागों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मनिहारी में बिताए गए चार वर्ष उनके जीवन की अमूल्य धरोहर बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जीविका परिवार आगे भी इसी समर्पण के साथ महिलाओं के सशक्तिकरण एवं ग्रामीण विकास के लिए कार्य करता रहेगा।समारोह के अंत में सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य एवं अमरपुर प्रखंड में सफल कार्यकाल की शुभकामनाएँ दीं।




## हफलागंज फ्लाई ओवर के पास अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराई, भीषण हादसा टला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** पूर्णिया - नारायणपुर फोरलेन सड़क के हफलागंज ओवर ब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जाकर टकरा गई जिससे बिजली के कई लोहा पोल टूट कर गिर गया। इससे भीषण हादसा भी टल गया और कई लोग बाल बाल बच गए । रास्ते में चल रहे राहगीर ने बताया कि ड्राइवर तेज गति से ट्रक को चलाकर मनिहारी की ओर जा रहे थे। इस दौरान उन्हें आंख लग गई और ट्रक डिवाइडर से जाकर टकरा गया जिससे भीषण हादसा होते-होते टल गया और ट्रक ने कई लोहा के बिजली के पोल को तोड़ दिया। इस घटना की जानकारी तुरंत मनसाही पुलिस को दी गई। मनसाही पुलिस स्थल पर पहुंचकर ट्रक के ड्राइवर को पकड़ कर थाना लेकर गए। मालूम हो कि ट्रक ड्राइवर प्रत्येक दिन काफी तेज गति से ट्रक को लेकर मनिहारी की ओर जाते हैं इस क्रम में कई मोटर साइकिल चालक एवं आम लोगों की जान चली गई हैं लेकिन ड्राइवर इस पर बाज नहीं आ रहे हैं काफी तेज गति से ट्रक को चलाने के कारण आज भीषण हादसा होते-होते टल गया ।

## बीडीओ ने मरंगी पंचायत भवन में राशन कार्ड के आवेदन ले रहे कर्मियों को दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के मरंगी पंचायत के पंचायत भवन मरंगी में राशन कार्ड निर्माण को लेकर आवेदन लिए जा रहे हैं। इस आवेदन कर्मी लेकर रिसीविंग अवश्य दें। साथ ही पंचायत भवन के आवश्यक कागजात का जांच किए। इस अवसर पर आवास सहायक पीयूष कुमार,कार्यपालक सहायक प्रीति कुमारी,कचहरी सचिव अर्चना कुमारी,वार्ड सदस्य लक्ष्मण कुमार शर्मा, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि मो. नजिम, मो.असगर, इमरान खान,मो. समसुल आदि उपस्थित रहे ।



मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी ने बताया कि 14 जुलाई से आवेदन लिया जा रहा हैं जो 13 अगस्त तक चलेगा जो भी लाभ सभी कागजात भरकर पंचायत भवन में जमा कर रहे हैं। उनका

## नाला निर्माण कार्य का नगर आयुक्त ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** शहर के महमूद चौक के समीप बुडको द्वारा कराए जा रहे नाला निर्माण कार्य का नगर आयुक्त संतोष कुमार ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों एवं संवेदक को कार्य में गुणवत्ता और निर्धारित मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त श्री कुमार ने निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की गुणवत्ता की गहन जांच की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नाला निर्माण कार्य को तेज गति से आगे बढ़ाते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए, ताकि शहरवासियों को जलजमाव जैसी समस्याओं से राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इन मानकों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।



## स्मार्टफोन बाजार में बड़ा उलटफेर, 3 साल की सबसे बड़ी मंदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के स्मार्टफोन बाजार में जून तिमाही के दौरान सालाना आधार पर 10% की भारी गिरावट दर्ज की गई है। साल 2023 की जनवरी-मार्च तिमाही के बाद से यह पिछले तीन वर्षों में सबसे बड़ी तिमाही गिरावट है। इस मंदी का सबसे गंभीर असर बजट सेगमेंट



पर पड़ा है। 15,000 रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफोन की बिक्री पिछले साल की तुलना में 45% तक घट गई है। काउंटरपॉइंट रिसर्च के अनुसार, इस मंदी ने चीनी स्मार्टफोन ब्रांड्स को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। ऐसा इसलिए क्योंकि वे सस्ते और मिड-रेंज डिवाइसेज पर बहुत अधिक निर्भर हैं। इसके चलते अप्रैल-जून तिमाही में उनकी कुल बाजार हिस्सेदारी साल 2020 के बाद से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गई है।

**ओप्पो :** 13.6% शेयर के साथ ओप्पो तीसरे स्थान पर रहा। इसने 20,000 रुपये से महंगे फोन की मजबूत मांग के दम पर मंदी के असर को संभाला।

**शाओमी :** बार-बार कीमतें बढ़ाने के कारण ग्राहकों की मांग कमजोर हुई और शाओमी (पोको सहित) 13.4% हिस्सेदारी के साथ चौथे स्थान पर खिसक गया।

**रियलमी :** यह ब्रांड भी गिरावट के साथ 10% मार्केट शेयर पर रहा।

**एपल :** आईफोन 17 सीरीज की मजबूत मांग के बावजूद, स्टॉक की कमी के कारण एपल की बिक्री में भी 3% की गिरावट आई और इसकी बाजार हिस्सेदारी 7% रही।

### ब्रांड्स का प्रदर्शन और मार्केट शेयर

**वीवो :** बिक्री में दो अंकों की गिरावट के बावजूद वीवो 17.8% मार्केट शेयर के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार रहा।

**सैमसंग :** टॉप-5 ब्रांड्स में सैमसंग इकलौता ऐसा ब्रांड रहा जिसने 2% की बढ़त दर्ज की। इसने 17.6% मार्केट शेयर के साथ वीवो से अपना अंतर बेहद कम कर लिया है।

# एक सप्ताह में 11% से ज्यादा महंगा हुआ डब्ल्यूटीआई क्रूड, ब्रेंट क्रूड फिर 88 के पार, पेट्रोल-डीजल का भाव जानें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच नए सिरे से युद्ध शुरू हो गया है। इस वजह से चालू सप्ताह के दौरान दाम में 11% से भी ज्यादा की तेजी दर्ज की गई। यह इस महीने का सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़ोतरी है। कल यानी शुक्रवार को भी कच्चे तेल का बाजार करीब 5 फीसदी चढ़ कर बंद हुआ। लेकिन, भारत में सरकारी तेल कंपनियों ने आज यानी शनिवार, 18 जुलाई 2026, को भी पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया। यहां 25 मई 2026 के बाद इनके दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

अपने यहां पश्चिम बंगाल समेत 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद ही पेट्रोलियम कंपनियां इस साल मई में चार बार दाम बढ़ा चुकी है। ऐसा महज 11 दिनों में हुआ था। सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने सबसे पहले 15 मई 2026 को पेट्रोल 3 रुपये और डीजल 3.29 पैसे महंगा किया था। इसके बाद 19 मई को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे, 23 मई 2026 को पेट्रोल 87 पैसे तो डीजल 91 पैसे और 25 मई 2026 को पेट्रोल 2.61 रुपये और डीजल 2.71 रुपये महंगा किया था। उसके बाद आज 53वां दिन है, जबकि दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ है।



**चार महानगरों में पेट्रोल का दाम**

गवर्नमेंट आइल पीएसयू तरफ से मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल 102.12 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। कोलकाता में इसकी कीमत 113.51 रुपये, मुंबई में 111.21 रुपये और चेन्नई में 107.77 रुपये है। सरकारी ऑयल कंपनियों के मुताबिक बुधवार को दिल्ली में डीजल का प्रति लीटर दाम 95.20 रुपये है। कोलकाता में यह 99.02 रुपये, मुंबई में 97.83 रुपये और चेन्नई में 99.55 रुपये प्रति लीटर है। कच्चे तेल की कीमत में हाल में काफी बढ़ोतरी हुई है। ईरान युद्ध शुरू होने के बाद यह करीब 50 फीसदी महंगा हो गया है। अमेरिकी भी 4.28% या 3.54 डॉलर की तेजी के साथ बंद हुआ। अब यह चढ़ कर 82.49 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है। भारत में पेट्रोल-डीजल के भाव जब भी बदलते हैं, तब सुबह 6 बजे अपडेट हो जाते हैं। पेट्रोल-डीजल का रोज का रेट आप के जरिए भी जान सकते हैं। इंडियन ऑयल के कस्टमर के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर और बीपीसीएल उपभोक्ता के बाद स्पेस देकर अपने शहर का कोड लिखकर 9223112222 नंबर पर भेज जानकारी हासिल कर सकते हैं।

### क्रूड ऑयल फिर महंगा

अमेरिका और ईरान के बीच नए सिरे से युद्ध शुरू हो गया है। दोनों देश एक-दूसरे के ठिकानों को चुन-चुन कर निशाना बना रहे हैं। इस वजह से क्रूड ऑयल पर जियोपोलिटिकल रिस्क प्रीमियम काफी बढ़ गया। तभी तो इस सप्ताह के दाम में 11% से भी ज्यादा की तेजी दर्ज की गई। यह इस महीने का सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़ोतरी है। कल यानी शुक्रवार को भी कच्चे तेल का बाजार करीब 5 फीसदी चढ़ कर बंद हुआ। कल बाजार बंद होते समय स्टेंडर्ड माने जाने वाला 4.59% या 3.87 डॉलर बढ़ कर 88.10 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# 'अमेरिका भरोसे के लायक नहीं, चीन से बढ़ाएं कारोबार', पीएम नरेन्द्र मोदी के करीबी की सलाह ने चौंकाया

## ● चीन को लेकर बदल रहा है भारत का मिजाज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आर्थिक सलाहकार और रिजर्व बैंक के पूर्व डिप्टी गवर्नर राकेश मोहन का मानना है कि दुनिया के बदलते हालात में भारत को चीन के साथ अपने कारोबारी रिश्तों पर नए सिरे से सोचना चाहिए। उनका कहना है कि अमेरिका की व्यापार नीतियां लगातार बदल रही हैं, जिससे उस पर भरोसा करना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में भारत को अपनी आर्थिक मजबूती के लिए चीनी निवेश के दरवाजे खोलने चाहिए।



राकेश मोहन की यह चौंकाने वाली सलाह ऐसे समय आई है जब भारत अमेरिका के साथ ट्रेड डील को अंजाम देने के बेहद करीब है।

ब्लूमबर्ग को दिए एक इंटरव्यू में राकेश मोहन ने कहा कि अमेरिका की व्यापार नीतियों में लगातार बदलाव हो रहे हैं।

### भारत-चीन व्यापार की ताजा स्थिति

जिससे वह पहले की तुलना में कम भरोसेमंद व्यापारिक साझेदार बन गया है। ऐसे में भारत को सिर्फ अमेरिका या पश्चिमी देशों पर निर्भर रहने के बजाय एशिया के देशों के साथ आर्थिक संबंध मजबूत करने चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को अमेरिका और यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौते जारी रखने चाहिए, लेकिन साथ ही पूर्वी और दक्षिण-पूर्व एशिया की सप्लाई चेन का भी महत्वपूर्ण हिस्सा बनना चाहिए। साल 2020 में गलवान घाटी में हुई सैन्य झड़प के बाद भारत ने चीनी कंपनियों पर काफी सख्ती कर दी थी। लेकिन अब सरकार एक व्यावहारिक (प्रैक्टिकल) रास्ता अपना रही है। सरकार अब सीधे चीनी कंपनियों को एंट्री देने के बजाय 'पार्टनरशिप मॉडल' को बढ़ावा दे रही है। यानी तकनीक चीन की होगी, लेकिन मालिकाना हक और कंट्रोल भारतीय कंपनियों के पास रहेगा। हाल ही में चीनी मोबाइल कंपनी वीवो को भारतीय कंपनी डिक्सन के साथ मिलकर काम करने की मंजूरी मिलना इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। दोनों देशों के बीच बिजनेस वीजा और सीधी फ्लाइट्स को भी धीरे-धीरे आसान बनाया जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार अब चीन से जुड़े निवेश को पूरी तरह रोकने के बजाय ऐसे निवेश को मंजूरी दे रही है, जिससे भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़े, तकनीक आए और रणनीतिक नियंत्रण भारतीय कंपनियों के पास बना रहे। गलवान घाटी संघर्ष के बाद केंद्र सरकार ने प्रेस नोट-3 लागू किया था। करने वाले देशों, खासकर चीन, से आने वाले सभी निवेश के लिए सरकारी मंजूरी अनिवार्य कर दी गई थी।

# खत्म हो गया क्रिप्टोकरेंसी का जादू !

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्या आप भी उन निवेशकों में से एक हैं जो अपने पोर्टफोलियो से क्रिप्टोकरेंसी को धीरे-धीरे खत्म कर रहे हैं या उनका हिस्सा बेहद कम कर दिया है दरअसल, इस समय क्रिप्टोकरेंसी रिटर्न के मामले में निवेशकों को निराश कर रही है। इस कारण ज्यादातर निवेशक इससे मुंह मोड़ रहे हैं। टॉप 10 में शामिल बिटकॉइन से लेकर इथेरियम, रिपल, सोलाना, डॉजकॉइन आदि ऐसी क्रिप्टोकरेंसी हैं जिनमें एक साल में करीब 50 फीसदी या इससे ज्यादा की गिरावट आ गई है। ऐसे में इनमें निवेश करना निवेशकों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। वहीं भारत में क्रिप्टो से कमाई पर लगाने वाला 30 फीसदी टैक्स भी इसमें निवेश की रुचि को खत्म कर रहा है। सबसे पॉप्युलर बिटकॉइन क्रिप्टोकरेंसी का बुरा हाल है। पिछले एक साल में इसमें करीब 47 फीसदी की गिरावट आई है। हाल में इसकी कीमत 60 हजार डॉलर से नीचे आ गई थी।




अभी यह 63900 डॉलर के करीब है। पिछले साल अक्टूबर में यह 1.20 लाख डॉलर के पार चला गया था। इसके बाद से आई गिरावट अभी तक थमने का नाम नहीं ले रही है।

### बिटकॉइन समेत क्रिप्टो में गिरावट क्यों

बिटकॉइन समेत दूसरी प्रमुख क्रिप्टोकरेंसी में गिरावट किसी एक वजह से नहीं, बल्कि कई कारकों के एक साथ असर का परिणाम है। बिटडेल्टा इंडिया के सीईओ विकास एम सचदेवा के मुताबिक बिटकॉइन में संस्थागत निवेशकों की मांग कमजोर हुई है। जून महीने में ही अमेरिका के स्पॉट बिटकॉइन श्वअ्स्र से 4 अरब डॉलर से अधिक की शुद्ध निकासी हुई। इसके अलावा पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और लगातार बनी महंगाई की चिंताओं ने अमेरिकी ब्याज दरों को लेकर निवेशकों की उम्मीदों को बदल दिया है। इसका असर यह हुआ कि निवेशकों ने जोखिम वाले एसेट्स से दूरी बनानी शुरू कर दी। क्रिप्टोकरेंसी से भारतीय निवेशकों की दूरी का बड़ा कारण इसके मुनाफे पर लगने वाला इनकम टैक्स भी है। इस मुनाफे पर 30 फीसदी टैक्स चुकाना होता है। साथ ही 4 फीसदी स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर भी लगता है। एक वित्तीय वर्ष में 50,000 रुपये से अधिक के क्रिप्टो ट्रांसफर पर 1% टीडीएस लागू होती है। इसके अलावा आप क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले नुकसान को मुनाफे या अन्य इनकम से समायोजित नहीं कर सकते।

# स्कील डेवलपमेंट बन रही रोजगार और स्वरोजगार की कुंजी

## इसने 20 लाख से अधिक लोगों का भविष्य संवारा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत आज की तारीख में दुनिया के सबसे युवा देशों में शामिल है। जाहिर है कि यहां काम करने वाले लोगों या कामगारों की कमी नहीं है। लेकिन, चिंताजन बात यह है कि यहां काम करने वाले लोगों में से केवल एक छोटे हिस्से को ही औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण मिला है। बांकी सब काम करते-करते, गलतियों से सीखते हैं। वहीं दुनिया के विकसित या विकासशील देशों में इससे उल्टा होता है। वहां पहले प्रशिक्षण प्राप्त किया जाता है। फिर काम में एंट्री होती है। जाहिर है कि इससे प्रोडक्शन पर अच्छा प्रभाव दिखता है।

अब शुरू हो रही है नई परंपरा

भारत में स्किल्ड या प्रशिक्षित वर्कफोर्स का आंकड़ा इस समय कई विकसित देशों की तुलना में काफी कम है। लेकिन, डिजिटल तकनीक ऑटोमेशन और आधुनिक विनिर्माण के तेजी से बढ़ते दौर में उद्योगों की ज़रूरत के अनुसार कौशल उपलब्ध कराना पहले से कहीं अधिक जरूरी हो गया है। तभी तो भारत की युवा आबादी की क्षमता का पूरा लाभ उठाया जा सकेगा। इस दिशा में सरकार के साथ-साथ उद्योग जगत भी आगे आया है। उदाहरण के लिए वेदांता ग्रुप ने सरकार, उद्योग जगत और




अपने सहयोगी संस्थानों के साथ मिलकर इस कमी को दूर करने का काम शुरू किया है। पिछले दिनों, विश्व कौशल दिवस पर एक आंकड़ा आया है कि इस ग्रुप ने अभी तक स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रमों के जरिये करीब 20 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया।

सरकारी योजनाओं में भी भागीदारी

ग्रुप का कहना है कि वह युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर आजीविका और उद्यमिता के अवसरों को भी मजबूत बना रही है। इसके लिए वह कई प्रमुख सरकारी कार्यक्रमों भी लागू कर रहा है। इनमें प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक की योजना, स्किल इंडिया इम्पैक्ट बॉन्ड से जुड़ी योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना और ओडिशा स्किल डेवलपमेंट अथॉरिटी से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।

### 6 साल में 20 लाख

मेटल, ऑयल एंड गैस, मिनरल्स, एनर्जी और टेक्नोलॉजी सेक्टर में काम करने वाला वेदांता ग्रुप का करोबार विदेशों में भी फैला है। कंपनी के मुताबिक वह इस समय न सिर्फ भारत बल्कि दक्षिण अफ्रीमा, लाइबीरिया और नामीबीया में भी काम कर रही है। कंपनी कहना है कि इसने पिछले छह वर्षों के दौरान अपनी कौशल विकास पहलों के माध्यम से लगभग 20 लाख लोगों को स्किल्ड बनाया है।

# बिजनेस में फेल होना आपके साथ होने वाली सबसे अच्छी चीजों में से एक है: अनिल अग्रवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेदांता ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन अनिल अग्रवाल भारत के दिग्गज अरबपति कारोबारी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत कबाड़ के छोटे कारोबार से की थी। मेहनत, लगन और बड़े सपनों के दम पर उन्होंने इस छोटे बिजनेस को दुनिया की बड़ी माइनिंग और मेटल कंपनी में बदल दिया। इस सफर में उन्हें कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। अनिल अग्रवाल को भारत का 'मेटल किंग' भी कहा जाता है।

बिहार से शुरू हुआ उनका सफर आज लंदन तक पहुंच चुका है और वह बिहार के सबसे अमीर उद्योगपतियों में गिने जाते हैं। 2000 के दशक की शुरुआत में उन्होंने बाल्को और हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड जैसी सरकारी कंपनियों का अधिग्रहण करके अपने बिजनेस साम्राज्य को एक नई ऊंचाई दी। आज उनकी कुल संपत्ति 4 अरब डॉलर से अधिक आंकी जाती है। वह सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय रहते हैं। यहां अनिल अग्रवाल के 10 ऐसे विचार दिए गए हैं जो आज के दौर के उद्यमियों, लीडर्स और मैनेजर्स के लिए सफलता का बड़ा मंत्र हैं:

असफलता का डर हमारे अंदर बचपन से ही बैठा दिया जाता है। लेकिन बिजनेस में फेल होना आपके साथ होने वाली सबसे अच्छी चीजों में से एक है। वेदांता बनाने से पहले मेरे 9 बिजनेस फेल हुए थे, इस बारे में ज्यादातर लोग जानते हैं। लेकिन जो आप नहीं जानते वो यह है कि उस समय मुझे पूरा विश्वास था कि उनमें से हर एक बिजनेस कामयाब होगा। खेल हो या बिजनेस,



बड़ी जीत उन्हीं को मिलती है जो अनुशासन, निरंतरता और लगातार बेहतर बनने की सोच को अपनी आदत बना लेते हैं। अपने विचारों पर विश्वास करें, भले ही दूसरे उन पर संदेह करें। असफलताओं को सफलता की सीढ़ी के रूप में अपनाएं। कछुए की कहानी हमेशा याद रखना। धीरे और स्थिर चलने वाला ही दौड़ जीतता है। सफलता तुरंत नहीं मिलती, इसमें समय लगता है।

# मुकेश अंबानी की रिलायंस का धमाकेदार रिजल्ट, रेवेन्यू 340000 करोड़ के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुकेश अंबानी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी का कारोबार मजबूत रहा और रेवेन्यू में 25% की बढ़ोतरी हुई, लेकिन शुद्ध मुनाफा 22% घट गया। कंपनी ने साफ किया कि पिछले साल एशियन पेंट्स में हिस्सेदारी बेचने से मिले एकमुश्त लाभ के कारण इस बार तुलना में मुनाफा कम दिख रहा है। जून तिमाही में रिलायंस का कुल रेवेन्यू सालाना आधार पर 24.5% यानी करीब 25 फीसदी बढ़कर 3.40 लाख करोड़ रुपये (3,40,257 करोड़ रुपये) हो गया। वहीं, कंसोलिडेटेड शुद्ध मुनाफा 22% घटकर 20,946 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का मुनाफा 26,994 करोड़ रुपये था। कंपनी का 10% बढ़कर 54,067 करोड़ रुपये रहा, जो मुख्य कारोबार में मजबूती को दर्शाता है। कंपनी के ऑयल-टू-





केमिकल्स (ह्र2ष्ट), डिजिटल सर्विसेज और रिटेल कारोबार ने अच्छी ग्रोथ दर्ज की। इनमें दोहरे अंकों की ग्रोथ देखने को मिली। कंपनी का रिकरिंग कंसोलिडेटेड (मुख्य कारोबार से कमाई) 10.1% बढ़कर 54,067 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। रिपोर्टेड में 6.8% की गिरावट दर्ज हुई। इसकी वजह यह रही कि पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी को सूचीबद्ध निवेश बेचने से 8,924 करोड़ रुपये का एकमुश्त मुनाफा हुआ था।

### टैक्स से पहले मुनाफा बढ़ा

कंपनी का टैक्स से पहले मुनाफा 8.5% बढ़कर 30,630 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, मुख्य कारोबार से होने वाला रिकरिंग (शुद्ध लाभ) 6.1% बढ़कर 23,196 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। हालांकि, रिपोर्टेड क्क्ष् में 24.6% की गिरावट रही। इसकी मुख्य वजह पिछले साल मिला एकमुश्त निवेश बिक्री का मुनाफा और इस साल 5त्र नेटवर्क में निवेश के कारण बढ़ी ब्याज लागत और मूल्यह्रास रही। कमोडिटी बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद कंपनी के सभी कारोबारों ने मजबूत प्रदर्शन किया है।

# हरियाणवी सिंगर-कंपोजर मासूम शर्मा के साथ काम करेंगी भोजपुरी क्वीन अक्षरा सिंह



अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की क्वीन हैं। अभिनय से लेकर सिंगिंग तक, हर क्षेत्र में उनका सिक्का चलता है। अक्षरा अब भोजपुरी सिनेमा से निकलकर दूसरी इंडस्ट्रीज में भी अपनी पहचान बना रही हैं। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' के 'घिस घिस घिस' गाने में वे अक्षय कुमार के साथ नजर आईं। उन्हें श्रद्धा कपूर की 'ईठा' में भी देखा जाएगा। इसके अलावा अब वे हरियाणवी सिंगर के साथ कोलैब करेंगी। भोजपुरी अभिनेत्री ने आज शनिवार को इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने आर्य मासूम शर्मा के साथ अपनी कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। तस्वीरों में दोनों हंसते-मुस्कुराते पोज दे रहे हैं। दोनों के बीच शानदार केमिस्ट्री देखी जा सकती है।

पोस्ट के साथ अक्षरा सिंह ने कैप्शन लिखा है, 'दो अलग मिट्टी का स्वैग, एक ही वाइब। तैयार हो इस कोलैब के लिए'? अक्षरा सिंह व्हाइट कलर के सूट में नजर आ रही हैं, जिस पर पिंक और ब्लू फ्लॉवर प्रिंट है। वहीं, मासूम शर्मा को डैनिम जींस और टी-शर्ट में देखा जा सकता है।

अक्षरा सिंह के इस पोस्ट पर नेटिजंस उत्साह जाहिर कर रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं- 'अरे वाह, दो फेवरेट सिंगर्स।' वहीं, एक यूजर ने लिखा, 'हम बहुत उत्साहित हैं और शुभकामनाएं भेज रहे हैं।' एक यूजर ने लिखा है, 'जरूर कुछ बवाल आने वाला है। हरियाणवी के साथ अपना भोजपुरी स्वैग देखने को मिलेगा'। बता दें कि




आर्य मासूम शर्मा जिन्हें मासूम शर्मा के नाम से जाना जाता है, वे हरियाणा के मशहूर गायक, गीतकार और संगीतकार हैं।

### 'ईठा' में नजर आएंगी अक्षरा

'वेलकम टू द जंगल' के बाद अब अक्षरा सिंह को श्रद्धा कपूर की आगामी फिल्म 'ईठा' में भी देखा जाएगा। हालांकि, अक्षरा ने 'ईठा' में अपने रोल के बारे में ज्यादा जानकारी साझा नहीं की है। मगर, फिल्म का हिस्सा बनने पर वे बेहद उत्साहित हैं।

बता दें कि लक्ष्मण उतेकर द्वारा निर्देशित 'ईठा' 28 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में श्रद्धा कपूर के अलावा रणदीप हुड्डा और जीशान अय्यूब भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।



## पंजाबी सिनेमा में डेब्यू करेंगे नवाजुद्दीन सोनम बाजवा के साथ बनेगी जोड़ी



नवाजुद्दीन सिद्दीकी इंडियन सिनेमा का एक बड़ा नाम हैं। उन्होंने अपने वर्सेटैलिटी से अपनी अलग पहचान बनाई है। लेकिन अब नवाजुद्दीन बॉलीवुड से इतर पंजाबी इंडस्ट्री में भी डेब्यू करने जा रहे हैं। खबरों के मुताबिक, वह पंजाबी भाषा की एक फिल्म से इंडस्ट्री में डेब्यू करने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री सोनम बाजवा के प्रमुख रूप में नजर आने की संभावना है।

### गिप्पी ग्रेवाल करेंगे नवाज की फिल्म का सपोर्ट?

वैरायटी इंडिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट को गिप्पी ग्रेवाल का सपोर्ट मिलने की बात कही जा रही है। हालांकि, नवाजुद्दीन का रीजनल सिनेमा में यह पहला कदम नहीं है। वह पहले तेलुगु फिल्म 'सैंधव' और तमिल फिल्म 'पेट्टा' का हिस्सा रह चुके हैं, जिनमें उन्होंने रजनीकांत के साथ विलेन का रोल निभाया था। इसके बाद 'तुम्बाड 2' आने वाली है, जो 2018 की ओरिजिनल फिल्म का सीक्वल है। रिपोर्ट की मानें तो अब नवाज जल्द ही पंजाबी सिनेमा में अपनी शुरुआत करने वाले हैं। हालांकि, अभी तक इसको लेकर ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है।

### सोनम बाजवा ने 2013 में पंजाबी फिल्म में किया अपना डेब्यू

सोनम बाजवा के करियर की बात करें तो उन्होंने 2013 में पंजाबी फिल्म 'बेस्ट ऑफ लक' से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद 'सरदारजी 2', 'सुपर सिंह' जैसी कई फिल्मों में काम किया। बाद में उन्हें 'हाउसफुल 5', 'बागी 4', 'एक दीवाने की दीवानियत' और 'बॉर्डर 2' जैसे हिंदी प्रोजेक्ट्स भी मिले। नवाजुद्दीन को आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई फिल्म 'मैं एक्टर नहीं हूं' में देखा गया था।

## यश आहूजा के डेब्यू पर बोले गोविंदा



अभिनेता गोविंदा करीब सात साल बाद सिल्वर स्क्रीन पर वापसी करने वाले हैं। वे फिल्म 'रूपा' में नजर आएंगे, जिसे प्रोड्यूस भी गोविंदा ही कर रहे हैं। इसका एलान हाल ही में गोविंदा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में किया। इसी दौरान उन्होंने अपने बेटे यश आहूजा के डेब्यू पर भी बात की और खुशी जताई। गोविंदा के बेटे यश जल्द डेब्यू करने वाले हैं। यह बात उनकी मां सुनीता आहूजा ने हाल ही में बताई थी। फिल्म को एकता कपूर प्रोड्यूस कर रही हैं। अब गोविंदा ने भी बेटे यश के डेब्यू पर बात करते हुए खुशी जाहिर की। एक्टर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि यश उनसे भी ज्यादा कामयाबी हासिल करेंगे। अपनी आगामी फिल्म 'रूपा' की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए गोविंदा ने अपने बेटे के प्रतिभा की तारीफ की।

गोविंदा ने यश को बेहद प्रतिभाशाली बताते हुए कहा कि वे टेक्निकली एक अलग ही लेवल पर हैं। चाहे एक्टिंग हो, डांस हो, एक्शन हो या बस उनकी ओवरऑल पर्सनैलिटी, उनमें बहुत कुछ है। मुझे सच में उम्मीद है कि वे मुझसे भी ज्यादा कामयाबी हासिल करेंगे।


## अंजलि आनंद ने बताई इंडस्ट्री की सच्चाई

अभिनेत्री अंजलि आनंद इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'धमाल 4' को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच हाल ही में एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे फिल्मों में प्लस-साइज एक्टर्स को अक्सर सिर्फ कॉमेडी करने या स्टीरियोटाइप को दिखाने के लिए कास्ट किया जाता है। उन्होंने कहा कि उन्हें अक्षय कुमार की फिल्म 'बेल बॉटम' में इसलिए कास्ट किया गया था क्योंकि वह मोटी हैं और ताकि एक टेररिस्ट उन पर गिर सके। उन्होंने कहा कि जब लोग इन चीजों का मजाक उड़ाते हैं तो उन्हें बुरा लगता है।

### उनके हिसाब से मैं तय मानकों पर खरी नहीं उतरती

स्क्रीन के साथ बातचीत में अंजलि आनंद ने अक्षय कुमार की फिल्म को लेकर कहा कि मैं 'बेल बॉटम' में सिर्फ इसलिए थी ताकि एक टेररिस्ट मुझ पर गिर सके और फिल्म में पकड़ा जा सके। मुझे ऐसे रोल इसलिए मिलते हैं क्योंकि मैं मोटी हूं। जब लोग सिर्फ इसका मजाक उड़ाने की कोशिश करते हैं तो बुरा लगता है। वे यह भी नहीं देखते कि मैं अच्छी एक्टर हूं या नहीं। वे बस मेरे शरीर को देखकर मुझे जज करते हैं। उनके हिसाब से मैं तय मानकों पर खरी नहीं उतरती, लेकिन उनके लिए तो दीपिका पादुकोण और ऐश्वर्या राय भी काफी नहीं हैं। शाहरुख खान और अमिताभ बच्चन को भी आलोचना का सामना करना पड़ा है। ये बस ऐसे लोग हैं जो सिर्फ इसलिए अपनी राय देना चाहते हैं क्योंकि वे ऐसा कर सकते हैं। उनकी सोच आपकी असलियत नहीं बदलेगी।





## कॉमेडी छोड़ अब एक्शन करते नजर आएंगे अपारशक्ति खुराना

एक्टर अपारशक्ति खुराना अपने करियर में अलग-अलग तरह के किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं। अब अपारशक्ति इमरान हाशमी की आने वाली फिल्म 'गनमास्टर जी9' में विलेन का रोल निभाते नजर आएंगे। हाल ही में सेट से उनकी पहली झलक सामने आई है, जिसमें एक नजर में उन्हें पहचानना तक मुश्किल हो रहा है।

### अपारशक्ति खुराना ने दिखाई अपने किरदार की झलक

अपारशक्ति ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म से अपने लुक की झलक साझा की है। उन्होंने जबरदस्त एक्शन सीन की कई तस्वीरें और क्लिप्स शेयर कीं। साथ ही विलेन के रफ लुक में अपनी तस्वीरों और सेट की एक झलक भी दिखाई। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'विलेन की तरह चिल कर रहा हूं। सच में...'

### आखिरी बार 'जब खुली किताब' में नजर आए थे अपारशक्ति

अपारशक्ति को आखिरी बार सौरभ शुक्ला की डायरेक्ट की गई रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'जब खुली किताब' में देखा गया था। यह फिल्म सौरभ शुक्ला के ही इसी नाम के स्टेज प्ले पर आधारित है। फिल्म में पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया एक बुजुर्ग जोड़े के रोल में हैं, जो शादी के 50 साल बाद तलाक लेने का फैसला करते हैं। इसके बाद वह नवजोत गुलाटी की डायरेक्ट की गई कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'बदतमीज गिल' में नजर आएंगे। इस फिल्म में वाणी कपूर, अपारशक्ति खुराना, परेश रावल, शीबा चड्ढा, रिचर्ड भक्ति क्लेन और मोनिका चौधरी जैसे कलाकार हैं।

### एक्शन अवतार में नजर आएंगे इमरान हाशमी

'गनमास्टर जी9' का निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है, जिन्होंने 'आशिक बनाया आपने' को डायरेक्ट किया था। आदित्य दत्त 'क्रैक', 'टेबल नंबर 21' और 'कमांडो' फ्रैंचाइजी के लिए जाने जाते हैं। फिल्म में इमरान हाशमी और अपारशक्ति खुराना के अलावा जेनेलिया डिसूजा और अभिषेक सिंह भी हैं। इस फिल्म में इमरान हाशमी एक ऐसे एक्शन अवतार में दिखेंगे जैसा पहले कभी नहीं देखा गया। इसमें शानदार विजुअल्स और इमोशनल कहानी होगी जो ज्यादातर दर्शकों को पसंद आएगी।





## किसी और की सलाह पर अपनी जिंदगी मत चलाइए सोशल मीडिया देख किसी रिश्ते को मत आंकिए

बाल कलाकार के रूप में अपने करियर का आगाज करने वाले कुणाल खेमू एक्टर, डायरेक्टर, लेखक और सिंगर के रूप में अपना हुनर दिखा चुके हैं, मगर इन दिनों वह चर्चा में हैं अपने एक नए रोल में और वो है रियलिटी शो 'अलायंस' के होस्ट के रूप में। ओटीटी पर आए इस नए शो को होस्ट करने वाले कुणाल खास खास मुलाकात में पत्नी सोहा, बेटी इनाया, अपने निर्देशन, बॉक्स ऑफिस आदि पर तो बात करते ही हैं, मगर साथ ही अपने पसंदीदा होस्ट के बारे में बताना नहीं भूलते। कुणा खेमू कहते हैं, 'हमारे यहां कपिल शर्मा ने इतने सालों तक शानदार होस्टिंग की है। लोग शो उनके लिए देखते हैं। अमिताभ बच्चन सर ने 'कौन बनेगा करोड़पति' को जिस गरिमा और आवाज के साथ होस्ट किया है, वह कमाल है। सच कहूं तो मुझे ऐसा कोई होस्ट याद नहीं आता जिसके बारे में कह सकूं कि वह अच्छा नहीं है। सभी अपने-अपने तरीके से अच्छा काम कर रहे हैं।'

### दिल से जुड़े रिश्तों को जाने न दें

सोहा अली के साथ कुणाल खेमू की शादी को 11 साल से भी ज्यादा हो गए हैं। अपनी खुशनुमा शादी पर जब उन्हें टिप्स देने को कहा जाता है, तो वह कहते हैं कि इस मामले में कोई टिप्स काम नहीं करते। बकौल कुणाल, 'मेरी सबसे बड़ी सलाह यही होगी कि किसी और की सलाह पर अपनी जिंदगी मत चलाइए। अपनी लाइफ अपने हिसाब से जिएं। उसमें कभी खट्टे पल होंगे, कभी मीठे। और सबसे जरूरी बात, सोशल मीडिया देखकर किसी रिश्ते को मत आंकिए। वहां कोई अपनी मुश्किलें नहीं दिखाता, हर किसी की जिंदगी अच्छी ही दिखाई देती है। हर रिश्ते में उतार-चढ़ाव आते हैं, हर अलायंस में भी आते हैं। लेकिन मैं हमेशा मानता हूं कि अगर कोई रिश्ता दिल से जुड़ा है, तो उसे इतनी आसानी से जाने नहीं देना चाहिए। हमारी बॉन्डिंग कोई एक दिन में नहीं बनी। एक-दूसरे को समझने, ट्यूनिंग बनाने और साथ बढ़ने में सालों लगते हैं। आजकल लोग रिश्तों को समय ही नहीं देते। सब कुछ बहुत जल्दी चाहिए।

### अच्छा पिता बनने की कोशिश कर रहा हूं

आठ साल की बेटी इनाया के पिता कुणाल एक आदर्श पिता कहलाने पर शरमा जाते हैं। वह कहते हैं, 'लोग जब कहते हैं कि मैं एक अच्छा पिता हूं। बेटी ने मुझे कितना बदला है? तो ऐसे सारे सवालों पर मैं थोड़ा झिझक जाता हूं। सच कहूं तो मैंने और सोहा ने कभी किसी की सलाह लेकर पैरेंटिंग नहीं की और न ही कोई किताब पढ़कर। हम बस वही करने की कोशिश करते हैं, जो हमें सही लगता है। लेकिन जब कोई मुझे अच्छा पिता कहता है तो मैं थोड़ा असहज हो जाता हूं, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि इसका कोई तय जवाब या फॉर्मूला है। मैं रोज सुबह उठकर यही सीखता हूं कि आज अपनी बेटी लिए बेहतर कैसे बन सकता हूं । अगर लोग मुझे अच्छा पिता कहते हैं, तो यह बहुत बड़ी बात है। मैं अभी उसके करीब पहुंचने की कोशिश ही कर रहा हूं।'

### निर्देशन में कंट्रोल आपके हाथ में होता है

एक्टर हो, निर्देशन या सिंगिंग या फिर होस्टिंग हो, कुणाल सबसे ज्यादा किस काम को एंजॉय करते हैं? इस पर वह कहते हैं, 'मैंने कभी भी कोई काम जरूरत के लिए नहीं किया। मुझे अगर अच्छा लगता है, मैं तभी करता हूं। हां, पहला प्यार मेरा हमेशा एक्टिंग ही रहेगा। अभिनय में मुझे बहुत ज्यादा मजा आया, मगर फिर निर्देशन और लेखन मेरे लिए काफी लिब्रेटिंग था। जब आप निर्देशन करते हैं, तो वहां कंट्रोल आपके हाथ में होता है। एक अभिनेता के तौर पर आपके हाथ में सिर्फ आपका किरदार और परफॉर्मेंस होती है। ये सब डायरेक्टर तय करता है। जब मैंने डायरेक्शन किया तो पहली बार वह कंट्रोल मेरे हाथ में था। होस्टिंग इसलिए दिलचस्प लगी क्योंकि यह मेरे लिए बिल्कुल नया क्षेत्र था। मैंने पहले कभी किया नहीं था। नया सीखने का मौका मिला।

### फिल्ममेकिंग का प्रॉसेस उल्टा हो गया है

निर्देशक के रूप में कुणाल की फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी, लेकिन पिछले कुछ समय से अच्छी फिल्में भी बॉक्स ऑफिस पर नहीं चल पा रही हैं। इस पर अपनी राय रखते हुए वह कहते हैं, 'मुझे लगता है कि कहीं न कहीं बैलेंस बिगड़ गया है। हम अक्सर यह सवाल तब पूछते हैं जब फिल्में नहीं चलतीं। जब फिल्में चलती हैं तो कोई यह नहीं पूछता कि ऐसा क्यों हुआ। असल में पिछले कुछ सालों में फिल्म बनाने का प्रोसेस थोड़ा उल्टा हो गया। पहले होना यह चाहिए कि आपके पास एक अच्छी कहानी हो और एक डायरेक्टर हो जो उस कहानी को पूरी ईमानदारी से कहना चाहता हो। उसके बाद कलाकार चुने जाएं। लेकिन कई जगह पहले स्टार तय हो जाता है, फिर बजट तय होता है और बाद में कहानी ढूंढी जाती है। यहीं गड़बड़ शुरू होती है।'



## चैंपियन टीम को पहली बार मिलेगी इतनी मोटी रकम

# 8395 करोड़ की इनामी राशि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 में कई ऐसे रिकॉर्ड बने जो पहली बार देखने को मिले। वहीं पहली बार टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 48 टीमे खेलीं, सबसे ज्यादा मैच हुए और सबसे लंबा फीफा वर्ल्ड कप भी यही रहा। इस टूर्नामेंट के लिए प्राइज मनी भी ऐतिहासिक है। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के इतिहास की सबसे बड़ी प्राइज मनी का इस बार ऐलान किया गया है।

इस बार टूर्नामेंट के लिए कुल 871 मिलियन डॉलर (करीब 8,395.65 करोड़ भारतीय रुपये) का रिकॉर्ड पुरस्कार पूल रखा गया है।



इस बार फीफा विश्व कप 2026 की प्राइज मनी कुल 871 मिलियन डॉलर की राशि में से 703 मिलियन डॉलर (करीब 6775.8 करोड़ भारतीय रुपये) प्रदर्शन के आधार पर बांटे जाएंगे। वहीं 168 मिलियन डॉलर (करीब 1619.2 करोड़ रुपये) सभी क्वालिफाई करने वाली टीमों को भागीदारी शुल्क और तैयारी करने के अनुदान के रूप में मिलेंगे। पिछले संस्करण की बात करें तो विजेता टीम को 348 करोड़ भारतीय रुपये (42 मिलियन डॉलर) मिले थे। रनर अप को 248 करोड़ की राशि दी गई थी। जबकि टूर्नामेंट में शामिल 32 टीमों में कुल 3600 करोड़ रुपए से ज्यादा की इनामी राशि बांटी गई थी।

इस बार फीफा वर्ल्ड कप में क्वालिफाई करने वाली हर टीम को करीब 12.5 मिलियन डॉलर (करीब 120.4 करोड़ रुपये) की राशि मिलेगी। वहीं फीफा द्वारा यह ऐलान भी किया गया है कि इस बार विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को एक खास गोल्डन रिंग भी दी जाएगी।

### 2026 की प्राइज मनी

- **चैंपियन टीम :** 51 मिलियन डॉलर (490 करोड़ भारतीय रुपये)
- **रनर अप :** 33 मिलियन डॉलर (317 करोड़ भारतीय रुपये)
- **तीसरे स्थान :** 29 मिलियन डॉलर (279 करोड़ भारतीय रुपये)
- **चौथे स्थान :** 27 मिलियन डॉलर (259 करोड़ भारतीय रुपये)
- **5वें-8वें स्थान :** 182 करोड़ रुपये प्रत्येक टीम
- **9वें-16वें स्थान :** 144 करोड़ रुपये प्रत्येक टीम
- **17वें-32वें स्थान :** 105 करोड़ रुपये प्रत्येक टीम
- **33वें-48वें स्थान :** 86 करोड़ रुपये प्रत्येक टीम

### अर्जेंटीना और स्पेन के बीच होगा फाइनल

दूसरी ओर, मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बना ली। इंग्लैंड ने पहले हाफ में बढ़त बनाई थी, लेकिन दूसरे हाफ में एंजो फर्नांडीज ने बराबरी का गोल दागा। इसके बाद इंजरी टाइम में लाउतारो मार्टिनेज ने विजयी गोल कर अर्जेंटीना को फाइनल का टिकट दिला दिया। इस हार के साथ इंग्लैंड का 1966 के बाद पहली बार विश्व कप फाइनल खेलने का सपना टूट गया। वहीं स्पेन ने फ्रांस को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। 2010 में विश्व कप जीतने के बाद यह पहला मौका है जब स्पेन की टीम विश्व कप के फाइनल में पहुंची है।


## 28314 रन, 1043 विकेट

# नहीं रहे महान ऑलराउंडर गैरी सोबर्स

### बर्थडे से 11 दिन पहले ली अंतिम सांस

**नई दिल्ली (एजेंसी)** वेस्टइंडीज ही नहीं क्रिकेट जगत के महान ऑलराउंडर गैरफील्ड सोबर्स का शुक्रवार 17 जुलाई को निधन हो गया। 89 साल की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। इसी महीने 28 जुलाई को वह 90 साल के पूरे हो जाते। मगर अब क्रिकेट इतिहास का यह अनोखा सितारा दुनिया को अलविदा कह गया। सर गैरी सोबर्स के नाम रेड बॉल क्रिकेट में 28 हजार से ज्यादा रन और 1043 विकेट दर्ज हैं। उनके बेटे डैनियल सोबर्स ने इस खबर की पुष्टि की।

गैरी सोबर्स का नाम क्रिकेट जगत के महान



ऑलराउंडर्स में गिना जाता है। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 28314 रन बनाए हैं जिसमें से 8032 रन 160 पारियों में उन्होंने वेस्टइंडीज के लिए बनाए। वहीं गेंदबाजी में उनके नाम रेड बॉल क्रिकेट में 1043 विकेट दर्ज हैं और वेस्टइंडीज के लिए भी उन्होंने 159 पारियों में 235 विकेट झटके थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा भी गैरी सोबर्स के निधन पर दुख जताया गया है। बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट करते हुए शोक व्यक्त किया और खास मैसेज भी लिखा। बीसीसीआई ने लिखा, 'बीसीसीआई सर गैरफील्ड सोबर्स के निधन पर शोक जताता है। वह खेल के एक रियल आइकन थे और क्रिकेट जगत के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर थे। उनकी उपलब्धियां कैरेबियन क्रिकेट के लिए हमेशा यादों का हिस्सा रहेंगी। उनके परिवार, दोस्तों और सभी खेल प्रेमियों के लिए सांत्वना।'

# तीसरे वनडे से पहले भारत को झटका

- मैच विनर खिलाड़ी बाहर आज राहुल-इशान दोनों को मिल सकता मौका!



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज का तीसरा मुकाबला 19 जुलाई को लॉर्ड्स में खेला जाएगा। दूसरे वनडे मैच में टीम इंडिया के ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर चोटिल हो गए थे। बल्लेबाजी के दौरान ही उनके पैर में दिक्कत थी और उपचार के तुरंत बाद अगली ही गेंद पर वह आउट भी हो गए थे। इसके बाद ना वह फील्डिंग करने उतरे और एक भी ओवर गेंदबाजी नहीं की। अब तीसरे वनडे से पहले उनके बाहर होने की जानकारी सामने आ रही है। वाशिंगटन सुंदर को लेकर क्रिकइंफो ने रिपोर्ट दी है कि भारतीय ऑलराउंडर तीसरे वनडे से बाहर हो सकता है। सुंदर के बाहर होने पर कुलदीप यादव को टीम में एंट्री मिल सकती है।

सुंदर ने पहले मैच में नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली थी और छक्का लगाते हुए भारत को जीत तक पहुंचाया था। ऐसे में उनका बाहर होना तीसरे व निर्णायक मैच से पहले टीम इंडिया के लिए एक झटका हो सकता है।

### वाशिंगटन सुंदर के बाहर होने से क्यों बढ़ेगी परेशानी?

दरअसल वाशिंगटन सुंदर ने पहले वनडे में मैच विनिंग अर्धशतकीय पारी खेलते हुए इस बात की उम्मीद फैंस व टीम को दे दी थी कि वह निचले क्रम पर अहम मैच विनिंग पारी बल्ले से खेल सकते हैं। वहीं अक्षर, सुंदर और दुबे तीनों मिलकर 20 ओवर गेंदबाजी का भी कोटा पूरा कर सकते हैं। ऐसे में अब भारत के लिए समस्या यह है कि अगर सुंदर की जगह कुलदीप को मौका मिलता है तब भारत का एक बल्लेबाज कम हो जाएगा। ऐसे में उन्हें एक स्पेशलिस्ट बल्लेबाज अतिरिक्त खिलाना पड़ सकता है। ऐसा करने पर टीम में पांच स्पेशलिस्ट गेंदबाज ही रहे जाएंगे।


# तीसरे ODI का बदलेगा समय

**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का अंतिम और निर्णायक मुकाबला 19 जुलाई को लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर खेला जाएगा। इस मुकाबले में फैंस के मन में अब नई उत्सुकता होगी अपने पसंदीदा स्टार रोहित शर्मा को देखने की। आपको बता दें कि भारत और इंग्लैंड के बीच कार्डिफ में खेला गया दूसरा वनडे मैच भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे शुरू हुआ था। इस मुकाबले का टॉस शाम 5 बजे हुआ था। जबकि पहला वनडे मैच बर्मिंघम में दोपहर 3.30 बजे से खेला गया था। अब तीसरे वनडे मुकाबले का समय भी बदल चुका है। तीसरा वनडे मैच भी पहले वनडे के समय पर ही खेला जाएगा। अटकलें ऐसी हैं कि रोहित का यह आखिरी मैच भी हो सकता है।

### कितने बजे शुरू होगा लॉर्ड्स वनडे?

लॉर्ड्स में खेला जाने वाला तीसरा वनडे मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। इस मैच का टॉस दोपहर 3 बजे होगा। सीरीज का यह मुकाबला निर्णायक भी होने वाला है। पहला मैच भारत ने जीता था और दूसरा मुकाबला इंग्लैंड ने जीतते हुए सीरीज को 1-1 की बराबरी पर ला दिया था। अब लॉर्ड्स में होने वाला मुकाबला सीरीज का डिसाइडर मैच होगा।

### लॉर्ड्स में कितने बजे शुरू होगा मुकाबला?



# सचिन-गांगुली टॉप पर, रोहित-विराट नंबर सिक्स

- वनडे में सबसे ज्यादा 50+ साझेदारी करने वाले शीर्ष 6 बल्लेबाजों की जोड़ी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में रोहित शर्मा बड़ा स्कोर तो नहीं कर पाए थे, लेकिन विराट कोहली अर्धशतकीय पारी खेलने में सफल रहे थे। इस मैच में रोहित शर्मा और विराट कोहली ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए भारत के लिए अर्धशतकीय साझेदारी की थी और वनडे प्रारूप में दोनों के बीच ये 38वीं 50 प्लस साझेदारी थी। इस साझेदारी के बाद रोहित और कोहली वनडे में सबसे ज्यादा बार 50 प्लस रन की अर्धशतकीय साझेदारी करने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में सातवें नंबर पर आ गए।



**रोहित-कोहली के बीच हुई 38वीं बार 50 प्लस रन की साझेदारी-** रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में 26 रन की पारी खेली जबकि विराट कोहली ने 65 रन बनाए। इस मुकाबले में शुभमन गिल जब 31 रन बनाकर आउट हो गए तब तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए कोहली और ओपन कर रहे रोहित शर्मा के बीच दूसरे विकेट के लिए लॉर्ड्स में 61 गेंदों पर 60 रन की अच्छी पार्टनरशिप हुई। इसके बाद रोहित शर्मा आउट हो गए और ये साझेदारी टूट गई।

# 'सिर पर तलवार लटकी हो तो कोई अच्छा प्रदर्शन नहीं करेगा'

## रोहित को सपोर्ट करते हुए भारतीय खिलाड़ी सदागोपन रमेश ने सेलेक्टर्स को लताड़ा



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर सदागोपन रमेश ने रोहित शर्मा की रिटायरमेंट की खबरों के बीच भारतीय सेलेक्टर्स को जमकर लताड़ा है। रोहित शर्मा का बल्ला इंग्लैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में नहीं चला और कहा जा रहा है कि लॉर्ड्स वनडे उनके करियर का आखिरी मैच साबित हो सकता है। रोहित शर्मा को लेकर अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए पूर्व क्रिकेटर रमेश ने कहा कि अगर हर मैच के साथ आपके सिर पर तलवार लटकी हो तो कोई भी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाएगा। क्या सेलेक्टर और कोच इस बात को मानेंगे कि उनकी भूमिका हर सीरीज जीतने पर ही टिकी हो, नहीं इसीलिए उन्हें सीधे दो या तीन साल का कॉन्ट्रैक्ट दिया जाता है। इसलिए जब दिग्गजों की बात हो तो सिर्फ एक या दो मैचों के आधार पर कोई फैसला लेना गलत है।

### रोहित शर्मा पर है दवाब

रमेश ने आगे कहा कि मुझे समझ नहीं आता कि टीम मैनेजमेंट को सुपरस्टार्स से क्या दिक्कत है। कोई भी रातों-रात सुपरस्टार नहीं बनता। सुपरस्टार वही बनते हैं जो लगातार 15 सालों तक अच्छा प्रदर्शन करते हैं। इसलिए उन्हें उचित सम्मान और वैसा ही बर्ताव मिलना चाहिए।

### साउथ अफ्रीका में रोहित की होगी जरूरत

सदागोपन रमेश ने आगे कहा कि अगला वनडे वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका में हो रहा है जहां पिच पर उछाल (बाउंस) होगा। ऐसे में रोहित का चयन फायदेमंद ही साबित होगा क्योंकि उछाल वाली गेंदों को खेलने में वे माहिर हैं। अगर भारत रोहित के बिना वर्ल्ड कप खेलता है तो यह न सिर्फ उनके लिए बल्कि टीम इंडिया के लिए भी नुकसानदेह होगा।

## रोहित को रिटायर होने के बाद मिलेंगे इतने हजार रुपये प्रति माह!

### जानिए क्या है BCCI की सालाना पेंशन स्लैब



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान व स्टार ओपनर रोहित शर्मा टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही रिटायर हो चुके हैं। वो भारत के लिए अब सिर्फ वनडे प्रारूप में ही खेलते हैं और इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में होने वाला तीसरा वनडे उनके करियर का आखिरी मैच हो सकता है। हालांकि ये रोहित पर निर्भर करता है कि वो इस मैच के बाद रिटायर होंगे या नहीं, लेकिन अगर वो रिटायर हो जाते हैं तो उन्हें बीसीसीआई की तरफ से पेंशन के रूप में हर महीने कितने रूपये मिलेंगे ये जानते हैं।

**रोहित को मिलेंगे 70 हजार रुपये प्रति माह-** बीसीसीआई पूर्व भारतीय खिलाड़ियों को पेंशन देता है और उसके लिए जो स्लैब फिलहाल है उसके मुताबिक जिन पुरुष क्रिकेटर्स ने 25 से ज्यादा टेस्ट मैच खेले हैं उन्हें 70 हजार रुपये प्रति महीने दिए जाते हैं।

# रोहित नंबर 1, गिल-मिचेल मार्श 5वें स्थान पर

- वनडे में साल 2023 से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टॉप-5 बल्लेबाज

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा ने साल 2023 ले लेकर अब तक कुल 51 पारियां वनडे क्रिकेट में खेले हैं जिसमें उन्होंने 2303 रन बनाए हैं और इसमें उनके बल्ले से 246 छक्के और 108 छक्के निकले हैं। 51 पारियों में 108 छक्के लगाकर वो साल 2023 से अब तक सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दुनिया के टॉप-5 बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। इन 51 पारियों में रोहित ने 4 शतक और 16 अर्धशतक भी लगाए हैं।

साल 2023 से लेकर अब तक सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर मुहम्मद वसीम हैं जिन्होंने 46 पारियों में कुल 68 छक्के लगाए हैं जबकि तीसरे नंबर पर मौजूद डेरिल मिचेल ने भी 46 पारियों में कुल 65 सिक्स जड़े हैं।

# 'रोहित-विराट को सम्मान मिलना चाहिए'

### चयनकर्ताओं पर भड़का दिग्गज, कोहली को भी दे डाली चेतावनी

**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा को वनडे वर्ल्ड कप 2027 के प्लान में नहीं शामिल करने वाली रिपोर्ट पर भारतीय दिग्गज रविचंद्रन अश्विन का गुस्सा फूटा है। उन्होंने साफतौर पर कहा है कि रोहित और विराट जैसे खिलाड़ियों को सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि अगर आप रोहित को वर्ल्ड कप के प्लान नें नहीं देख रहे थे तो फैसला पहले लेना चाहिए था। अब 12-15 महीने जब वर्ल्ड कप में बचे हैं तो यह फैसला सही नहीं है। साथ ही अश्विन ने विराट कोहली को भी चेतावनी दी है।

रोहित शर्मा के आखिरी इंटरनेशनल मैच की अटकलें लगने लगी हैं। इंडियन एक्सप्रेस की एक्सक्लूसिव रिपोर्ट के बाद खेल जगत में हलचल मच गई है। ज्यादातर लोग इस फैसले की रिपोर्ट से हैरान हैं। सभी ने रोहित शर्मा के समर्थन में कहा है कि वह फिट हैं और उनका फॉर्म भी खराब नहीं है। आंकड़े भी रोहित के पक्ष में ही हैं। वर्ल्ड कप 2023 के बाद से वह सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी हैं। इन्हीं सब बातों को देखते हुए यह खबर किसी को पच नहीं रही है।



### विराट कोहली को क्यों अश्विन ने चेताया?

पूर्व स्पिनर ने आगे विराट कोहली पर भी बात की और कहा, 'रोहित और विराट जैसे खिलाड़ियों को सम्मान मिलना चाहिए। विराट कोहली बेहतरीन फॉर्म में हैं। रोहित भी ठीकठाक खेल रहे थे। फिर हमने ऐसा करने के लिए अगस्त 2026 तक आने का इंतजार क्यों किया, जब विश्व कप में सिर्फ 10-12-15 महीने बाकी हैं। आपने इस मामले को यहां तक क्यों खींचा, यह मेरा सवाल है? जिस तरह से यह चल रहा है विराट को भी अपने टॉप फॉर्म में रहना होगा। वरना पता नहीं क्या हो जाएगा। रोहित भी खराब फॉर्म में नहीं हैं।'

### रविचंद्रन अश्विन ने क्या कहा?

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने भी इस पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने सबसे पहले कहा, 'यशस्वी जायसवाल को आपको मौका देना है, ठीक है, मगर बतौर कोच, सेलेक्टर और कप्तान यह फैसला किसका होगा? अगर आपने पहले ही अपने दिमाग में बिठा लिया है कि यह खिलाड़ी आप 2027 वर्ल्ड कप में नहीं ले जाएंगे और आपको उनकी जरूरत नहीं है, तो इसको चैंपियंस ट्रॉफी के बाद ही उन्हें बताना चाहिए था। मुझे पता है कि यह दो धारी तलवार की तरह है।' अश्विन ने आगे कहा, 'वहीं अगर आप खिलाड़ियों से जाकर यह कहेंगे कि आप अब उनसे आगे बढ़कर देखना चाहते हैं तो यह किसी भी खिलाड़ी को अच्छा नहीं लगेगा। अगर मेरे साथ भी ऑस्ट्रेलिया में कोच या चयनकर्ताओं ने ऐसा किया होता तो मुझे भी बुरा लगता।

# 27 से सावन स्पेशल कांवरिया ट्रेनों में बढ़ेंगी कोचों की संख्या

## राहत : 14 कोच से बढ़ाकर की जाएंगी 20 कोचें

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हजारीबाग।** ओम आरोहण संस्था के विगत तीन वर्षों के सतत प्रयासों के फलस्वरूप सावन मास में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले कांवरिया श्रद्धालुओं के अनुरोध पर रांची-भागलपुर-रांची (वाया हजारीबाग) विशेष कांवरिया सावन स्पेशल ट्रेन का संचालन जारी है। जनहितकारी पहल की स्वीकृति के लिए ओम आरोहण संस्था की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं रेल प्रबंधक का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त की। संस्था द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा एवं जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन से विशेष कांवरिया रेलगाड़ी के संचालन का अनुरोध किया गया था, जिस पर सकारात्मक पहल करते हुए ट्रेन संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई। इससे झारखंड, बिहार एवं आसपास के राज्यों के हजारों श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा।

इस वर्ष श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रेन के कोचों की संख्या 14 से बढ़ाकर 20 कर दी गई है, जिससे यात्रा और अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक होगी। सावन स्पेशल ट्रेन रांची, मुरी, बरकाकाना, हजारीबाग, तिलैया, कोडरमा, गया होते हुए सुल्तानगंज, भागलपुर सहित प्रमुख स्टेशनों से होकर संचालित होगी। प्रत्येक सोमवार को रांची से खुलकर मंगलवार को सुल्तानगंज सुबह-सुबह पहुंचेगी और शुक्रवार को इसी प्रकार यथावत रहेगी तथा भागलपुर से प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को इसका परिचालन किया जाएगा। इसकी शुरुआत 27 जुलाई से होगी। साथ ही ओम आरोहण संस्था ने इस रेल सेवा को सावन मास में स्थायी रूप से संचालित करने की मांग भी की है, जिस पर ओम आरोहण संस्था को सकारात्मक आश्वासन प्राप्त हुआ है। ताकि प्रत्येक वर्ष सावन मास में पहल करने की जरूरत न हो। ओम आरोहण संस्था की संस्थापिका सह भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने कहा कि सावन माह आस्था, श्रद्धा और भक्ति का पर्व है। इस दौरान लाखों श्रद्धालु सुल्तानगंज से पवित्र गंगाजल लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। विशेष कांवरिया ट्रेन के संचालन एवं कोचों की संख्या में वृद्धि से श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुलभ यात्रा की बेहतर सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि ओम आरोहण संस्था सदैव जनहित एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर सक्रिय रही है और आगे भी समाजहित के कार्यों के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### भजन संध्या का आयोजन

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पैनापुर स्थित पोखरेश्वर नाथ मन्दिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन रूबन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ सत्यजीत सिंह, पटना उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायधीश जस्टिस मान्धाता सिंह, पालीगंज एसडीएम चन्दन कुमार, डीसीएलआर जनक कुमार, डीएसपी-2 पंकज कुमार शर्मा एवं कुसुमराज ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशंस के निदेशक डॉ अमरेंद्र कुमार अमरेश ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर मौजूद जस्टिस राजेन्द्र प्रसाद, आईजीआईएमएस पटना के चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनीष मंडल आदि उपस्थित थे।

# अधूरे निर्माण, खराब डायवर्सन और सुरक्षा उपायों की कमी से वाहन चालक परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही (हजारीबाग)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-20 (पूर्ववर्ती एनएच-31) पर बरही-पटना मार्ग स्थित ओवरब्रिज के समीप अर्धनिर्मित सड़क और वर्षा के कारण बने गड्ढे दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहे हैं। जलभराव और खराब डायवर्सन के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिन पूर्व एक निजी कार जलजमाव के कारण सड़क से नीचे उतरकर फंस गई थी, जिसे काफी प्रयास के बाद बाहर निकाला गया। वहीं बरही चौक से जवाहर घाटी तक राष्ट्रीय राजमार्ग-20 (पूर्ववर्ती एनएच-31) पर भी दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी है। जवाहर घाट स्थित तीखा मोड़ और अपर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था वाहन चालकों के लिए खतरा बन गई है। बीती रात इसी क्षेत्र में एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया, जिसमें चालक की मौत होने की सूचना है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-20 मार्ग पर निर्माण कार्य में तेजी, गड्ढों की मरम्मत, सुरक्षित डायवर्सन, चेतावनी बोर्ड, रिफ्लेक्टर और क्रैश बैरियर की तत्काल आवश्यकता है। लोगों का आरोप है कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं के बावजूद संबंधित एजेंसियों द्वारा प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। विभाग भी गंभीर नहीं दिख रहा है। संबंधित मामले में विभागीय अधिकारियों से संपर्क नहीं होने के कारण उनके पक्ष नहीं लिए जा सके है। उनके पक्ष मिलने पर उसे भी प्राथमिकता से प्रकाशित किया जाएगा।

# टूथपेस्ट बांटकर स्वास्थ्य के प्रति किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** स्वच्छता को बढ़ावा देने और बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से भगवानपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय तेलन में शनिवार को सुरक्षित शनिवार के तहत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार और एकता शक्ति फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से 110 छात्रों, शिक्षकों और शिक्षा समिति के सदस्यों के बीच टूथपेस्ट का वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फोकल शिक्षक पवन दास ने की। उन्होंने बच्चों को गंदगी से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से बताया और उनसे बचाव के उपाय भी समझाए। उन्होंने कहा कि हाथ धोना, दांतों की सफाई और साफ-सफाई अपनाकर हम कई बीमारियों को दूर रख सकते हैं। एकता शक्ति फाउंडेशन के प्रबंधक विक्रमादित्य कुमार ने कहा कि सिर्फ सफाई ही नहीं, बल्कि साफ भोजन और साफ पानी का सेवन भी स्वस्थ जीवन के लिए जरूरी है। उन्होंने बच्चों से प्रतिदिन ब्रश करने और आसपास स्वच्छता रखने का संकल्प दिलाया। विद्यालय के प्रधान शिक्षक विकास मिश्रा ने कहा कि इस तरह के आयोजन से विद्यालय का माहौल खुशनुमा होता है और बच्चों में स्वच्छता की आदतें विकसित होती हैं। इसी कड़ी में सभी छात्रों को एक वृक्ष माँ के नाम लगाने का संकल्प भी दिलाया गया। टूथपेस्ट पाकर मीनाक्षी, प्रियम, सुशील, अम्बिका, अंकित, शिवम, अमृता, कृष्ण, नेहा, स्वाति, संदीप, सुहानी सहित सभी बच्चे काफी उत्साहित और प्रसन्न नजर आए। इस अवसर पर एकता शक्ति फाउंडेशन के विद्यालय समन्वयक अमन कुमार, शिक्षक रामानन्द पासवान, अनिशा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, नूतन, अनिता, चंदन सदा और शिक्षा समिति की सचिव रूपम देवी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित थे। अंत में विद्यालय परिवार की ओर से प्रबंधक विक्रमादित्य कुमार को आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# अपार आइडी बनाने में लापरवाही बरतना पड़ेगा भारी

## कुटुंबा, गोह और मदनपुर प्रखंड सबसे पीछे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** जिले में छात्र-छात्राओं की अपार आईडी निर्माण की धीमी प्रगति पर शिक्षा विभाग ने सख्ती दिखाई है। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (प्रारंभिक एवं समग्र शिक्षा) संतोष कुमार ने सभी सरकारी, सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को 20 जुलाई तक शत-प्रतिशत अपार आईडी तैयार करने का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी दी गई है कि समय सीमा के भीतर लक्ष्य पूरा नहीं होने पर संबंधित प्रधानाध्यापक के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी। 17 जुलाई की समीक्षा में निजी विद्यालयों का प्रदर्शन बेहद कमजोर पाया गया। जिले के 388 निजी विद्यालयों में नामांकित 73,106 विद्यार्थियों में अब तक केवल 28,436 (38.9 प्रतिशत) की ही अपार आईडी बन सकी है। प्रखंडवार समीक्षा में औरंगाबाद 48.8 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है, जबकि गोह (23.1 प्रतिशत), मदनपुर (25.9 प्रतिशत) और कुटुंबा (31.3 प्रतिशत) सबसे पीछे हैं। सरकारी विद्यालयों की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर है। जिले के 2,300 सरकारी विद्यालयों में नामांकित 3.77 लाख से अधिक विद्यार्थियों में 73 प्रतिशत की अपार आईडी बन चुकी है। देव प्रखंड 84 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है जबकि गोह 64 प्रतिशत के साथ सबसे पीछे है। कुटुंबा और मदनपुर में 76-76 प्रतिशत तथा औरंगाबाद में भी 76 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की गई है। डीपीओ ने निर्देश दिया है कि जिन विद्यार्थियों का आधार सत्यापित है उनकी अपार आईडी 20 जुलाई तक हर हाल में तैयार की जाए। जिनका आधार सत्यापित नहीं है या आधार में त्रुटि है, उनका सत्यापन एवं अपडेट कराकर 30 जुलाई तक विशेष अभियान के तहत अपार आईडी बनाई जाए। इसके लिए सभी विद्यालयों में आधार सेचुरेशन कैंप आयोजित कर अभिभावकों को जागरूक करने और प्रतिदिन प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया है।

# 25 लाख के इनामी माओवादी 'टाइगर' की गिरफ्तारी से नक्सल नेटवर्क को बड़ा झटका

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में गिरिडीह पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक हासिल की है। गिरिडीह पुलिस एवं सीआरपीएफ की कोबरा-209 बटालियन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित भाकपा (माओवादी) संगठन के स्पेशल एरिया कमेटी एसएसी सदस्य तथा 25 लाख रुपये के इनामी कुख्यात माओवादी अजय महतो उर्फ मोछू उर्फ अंजन दा उर्फ टाइगर उर्फ बासुदेव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक उसकी गिरफ्तारी से पारसनाथ जोन में सक्रिय माओवादी नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 17 जुलाई को खुखरा थाना क्षेत्र के हरलाडीह ओपी अंतर्गत जंगलों में नक्सलियों की गतिविधि की सटीक गुप्त सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस महानिरीक्षक अभियान झारखंड तथा सीआरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार और कोबरा-209 बटालियन के अधिकारियों ने संयुक्त ऑपरेशन की योजना बनाई। अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अभियान) सुरजीत कुमार एवं कोबरा-209 के अधिकारियों ने किया। घने जंगल की घेराबंदी कर की गई। सुरक्षा बलों ने ग्राम पिपराडीह (टोला-खवासटांड़) के घने जंगल को चारों ओर से घेराबंदी कर दी। कार्रवाई के दौरान अजय महतो जंगल से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन सुरक्षा बलों ने उसे चारों ओर से घेरकर बिना किसी नुकसान के गिरफ्तार कर लिया।

**2005 से नक्सल संगठन में था सक्रिय**

पुलिस के अनुसार अजय महतो करीब वर्ष 2005 से माओवादी संगठन से जुड़ा था। शुरुआत में वह दस्ता सदस्य के रूप में कार्य करता था, लेकिन संगठन में लगातार सक्रिय रहने के कारण उसे बड़ी जिम्मेदारियां मिलती गईं। लेवी वसूली, हथियार एवं विस्फोटक जुटाने, पुलिस पर हमले की रणनीति बनाने तथा संगठन को मजबूत करने में उसकी अहम भूमिका रही। बाद में वह पारसनाथ क्षेत्र का प्रभावशाली कमांडर बन गया और कई बड़ी नक्सली घटनाओं का मुख्य साजिशकर्ता रहा सुरक्षाबलों और

**आम लोगों पर हमलों का रहा लंबा इतिहास**

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अजय महतो पर पुलिस मुखबिर होने के संदेह में ग्रामीणों की हत्या, सुरक्षाबलों पर घात लगाकर हमला, आईईडी विस्फोट, पंचायत भवन एवं सरकारी संपत्तियों को उड़ाना, सड़क निर्माण में लगी मशीनों को जलाना तथा रंगदारी वसूली जैसे कई गंभीर आरोप हैं। उसके खिलाफ गिरिडीह, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा), बोकारो, धनबाद, रामगढ़, सरायकेला, हजारीबाग समेत विभिन्न जिलों में 240 से अधिक मामले दर्ज हैं। इनमें अकेले गिरिडीह जिले में 68 आपराधिक मामले शामिल हैं। पुलिस दस्तावेजों में वर्ष 2008 से 2018 के बीच हुई कई बड़ी नक्सली घटनाओं का उल्लेख है, जिनमें सीआरपीएफ जवानों की हत्या, पुलिस दलों पर आईईडी हमले, पंचायत भवनों को विस्फोट से उड़ाना, रेलवे ट्रैक को क्षतिग्रस्त करना तथा आम नागरिकों की निर्मम हत्या जैसी घटनाएं शामिल हैं। इन अधिकांश मामलों में अजय महतो की संलिप्तता दर्ज है पुलिस बोली नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक सफलता गिरिडीह पुलिस ने इसे पारसनाथ क्षेत्र सहित पूरे झारखंड में नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक सफलता बताया है। पुलिस का कहना है कि इस गिरफ्तारी से माओवादी संगठन की गतिविधियों पर प्रभाव पड़ेगा और क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलेगी।

**नक्सलियों से की आत्मसमर्पण की अपील**

पुलिस ने कहा कि गिरिडीह में लगातार नक्सल विरोधी अभियान जारी रहेगा। वर्ष 2024 में कई इनामी नक्सलियों के आत्मसमर्पण के बाद यह गिरफ्तारी एक और बड़ी उपलब्धि है। पुलिस ने नक्सली संगठनों से जुड़े लोगों से हिंसा का रास्ता छोड़कर राज्य सरकार की 'नई दिशा एक नई पहल' आत्मसमर्पण नीति का लाभ उठाने और मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की है।

# राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग।** स्थानीय डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, हजारीबाग में भारतीय शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित शिक्षा दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय था– राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका एवं नागरिक कर्तव्यों का महत्व। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, जिम्मेदार नागरिकता, नैतिक मूल्यों तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत विभिन्न शिक्षाविदों एवं विशेषज्ञों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. ललिता राणा ने कार्यक्रम की विषय-वस्तु का परिचय देते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्य शक्ति बताया। वहीं डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने मौलिक कर्तव्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्रों और शिक्षकों से मौलिक कर्तव्यों का वाचन करवाकर नैतिक मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया। डॉ. सरोज रंजन ने छात्रों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर चर्चा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेन्द्र सिंह ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि राष्ट्र का भविष्य उसके जागरूक, शिक्षित एवं जिम्मेदार युवाओं पर निर्भर करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान में वर्णित नागरिक कर्तव्यों का पालन करने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। इसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. रजनीश कुमार ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, जिम्मेदारी तथा सामाजिक चेतना का विकास करने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संपूर्ण वातावरण देशभक्ति, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा।

# बिक्रम पार्वती विद्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मदन धारी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में 'युवा संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत संवाद का मुख्य विषय 'स्व का बोध' एवं 'नागरिक कर्तव्य' रहा, जिसमें क्षेत्र के प्रबुद्ध शिक्षाविदों, शिक्षकों और सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, पटना विभाग के सह विभाग कार्यवाह अभिमन्यु शर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ''स्वामी विवेकानंद जी ने जिस ओजस्वी, साहसी और चरित्रवान युवा की संकल्पना की थी, आज देश को उसी युवा शक्ति की आवश्यकता है। स्कूल के प्रधानाध्यापक डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नागरिक बोध जगाना है। वहीं, मदन धारी बालिका उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे वैचारिक संवाद युवाओं को भटकाव से बचाकर सही दिशा देने में मील का पत्थर साबित होते हैं। कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## दतियाना विद्यालय में बच्चों ने किया पौधारोपण

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'ग्रीन विलेज मुहिम' के तहत बिक्रम प्रखंड के मध्य विद्यालय दतियाना में स्कूली बच्चों ने मिलकर 100 पौधे लगाए। यह मुहिम सुमित कुमार और अमित कुमार के नेतृत्व में लगातार चलाई जा रही है, जिसके तहत मुफ्त पौधा वितरण और पौधरोपण का कार्य किया जा रहा है। दतियाना में 100 पौधा लगाने का कार्य किया गया जिसमें 20 अमरूद, 20 कटहल, 20 आंवला, 5 गुलमोहर, 5 कचनार, 5 आम, 10 नींबू, 5 महोगनी, एवं 10 सागवान का पौधा लगाया गया। सुमित कुमार ने इस अवसर पर कहा कि पर्यावरण को बेहतर बनाने में वृक्ष ही हमारे सबसे बड़े मददगार हैं। पेड़ों से ही हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन मिलती है, साथ ही ये भूजल को भी संरक्षित करते हैं। लोगों ने बच्चों द्वारा किये जा रहे कार्य को सराहा और कहा कि इस तरह केक कार्यक्रम होना चाहिए ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। मौके पर विद्यालय प्रधान चंचला कुमारी, शिक्षक रवीश कुमार, निखिल श्रीमाली, सोनिया, नेहा सिंह आदि उपस्थित थीं।

# जनसमस्याओं को लेकर निकाला गया आक्रोश मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** नगर परिषद की जनसमस्याओं को लेकर आक्रोश मार्च निकाला गया। इसके उपरांत नगर परिषद कार्यालय परिसर में धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना का नेतृत्व वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थायी समिति सदस्य अविनाश कुमार ने किया। प्रदर्शन के दौरान नगर परिषद क्षेत्र में सड़क, नाला, जलजमाव, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्ट्रीट लाइट, नल-जल, जाम की समस्या सहित अन्य जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। धरना स्थल पर कार्यपालक पदाधिकारी अनीशा कुमारी स्वयं पहुंचीं और आंदोलनकारियों से वार्ता की। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से मांग-पत्र स्वीकार करते हुए सभी मांगों पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। आश्वासन मिलने के बाद धरना-प्रदर्शन शांतिपूर्वक समाप्त कर दिया। इस अवसर पर राजकुमार प्रसाद ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र की जनता लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं के अभाव में परेशान है। कई बार प्रशासन को लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया गया, लेकिन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। तो जनता के साथ मिलकर और बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद करण कुमार, अमित कुमार, सैफ आलम, विकास कुमार, शिव नारायण शर्मा तथा सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार प्रसाद, नीतीश कुमार, पियूष कुमार, निरंजन कुमार, आफाक आलम, बलमंत कुमार गांधी, मिथलेश कुमार, बिट्टू कुमार, कुणाल कुमार, जयंत कुमार, अमित कुमार, निशाल कुमार, इरशाद, विक्की, आमिर, धीरज, आयुष एवं देवव्रत सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

## तीन हजार से अधिक श्रद्धालु हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) औरंगाबाद द्वारा शनिवार को भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलदेव एवं देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। बाइपास स्थित पंचदेव धाम मंदिर से शुरू हुई इस रथयात्रा में लगभग तीन हजार श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मार्ग में श्रद्धालु हरे कृष्ण महामंत्र का संकीर्तन करते हुए नृत्य-गान के साथ आगे बढ़े, जिससे पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। रथयात्रा का शुभारंभ परम पूज्य भक्ति विलक्षण आत्मा रामानंद कृष्ण चैतन्य स्वामी महाराज के मंगल आशीर्वचन एवं करकमलों से हुआ। इस अवसर पर इस्कॉन गया के अध्यक्ष जगदीश श्याम प्रभु, रेड क्रॉस के अध्यक्ष एवं समाजसेवी सतीश सिंह, चैंबर ऑफ कॉमर्स के मुकेश कुमार सहित कई गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रथयात्रा पंचदेव धाम मंदिर से निकलकर रमेश चौक, धर्मशाला मोड़, नगर थाना, सिन्हा कॉलेज मोड़ होते हुए फार्म मोड़ स्थित इस्कॉन मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान श्रद्धालु मृदंग, करताल और हरिनाम संकीर्तन के साथ झूमते रहे। ''हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण, हरे हरे... हरे राम, हरे राम, राम राम, हरे हरे...'' महामंत्र की गूंज से पूरा नगर भक्तिरस में डूबा रहा। यात्रा मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन कर पुष्पवर्षा से रथयात्रा का स्वागत किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने रथ की पवित्र रस्सी खींचकर स्वयं को सौभाग्यशाली माना। वैदिक परंपरा के अनुसार भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होना और रथ की रस्सी खींचना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। रथयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बीच भगवान श्री जगन्नाथ का महाप्रसाद वितरित किया गया। समापन के बाद फार्म मोड़ स्थित इस्कॉन मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इस्कॉन औरंगाबाद के भक्तों, स्वयंसेवकों, विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रशासन और नगरवासियों का उल्लेखनीय सहयोग रहा। इस संबंध में जानकारी इस्कॉन औरंगाबाद के अध्यक्ष अभय अच्युत दास एवं जनसंपर्क प्रमुख युगनायक दास ने दी।

# सुपर सकर मशीन से शहर के प्रमुख नालों की हो रही सफाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** मानसून के दौरान जलजमाव की समस्या को प्रभावी ढंग से रोकने एवं शहर की जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर परिषद, औरंगाबाद द्वारा सुपर सकर मशीन के माध्यम से विशेष नाला सफाई अभियान प्रारंभ किया गया। शहर के प्रमुख नालों एवं जल निकासी मार्गों की गहन सफाई कराई जा रही है। सुपर सकर मशीन के माध्यम से नालों में वर्षों से जमी गाद, कचरा एवं अन्य अवरोधों को वैज्ञानिक एवं प्रभावी तरीके से हटाया जा रहा है जिससे वर्षा के दौरान जल निकासी सुचारु रूप से हो सके और जलजमाव की स्थिति उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील एवं जलजमाव संभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए नियमित रूप से नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण की जाएं। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सफाई अभियान की सतत निगरानी की जाए तथा आवश्यकतानुसार सुपर सकर मशीन का उपयोग अन्य क्षेत्रों में भी किया जाए, ताकि शहर की जल निकासी व्यवस्था प्रभावी बनी रहे। जिला प्रशासन नागरिकों से भी अपील करता है कि वे नालों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरा न फेंके तथा स्वच्छ एवं जलजमाव मुक्त शहर के निर्माण में प्रशासन का सहयोग करें।

# हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की निःशुल्क सर्जरी के लिए चलाया जा रहा अभियान : एनएचएम मिशन निदेशक

## आयोजित स्क्रीनिंग शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने की बच्चों की जांच, जरूरतमंद बच्चों का होगा कोच्चि में निःशुल्क उपचार

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के मिशन निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि जन्मजात हृदय रोग (सीएचडी) से पीड़ित बच्चों की पहचान कर उन्हें समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार विशेष अभियान चला रही है। इसके तहत 18 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग कर जरूरतमंद बच्चों की कोच्चि स्थित विशेषज्ञ अस्पताल में निःशुल्क सर्जरी कराई जाएगी। शनिवार को शिशु सोरेन स्मृति भवन (टाउन हॉल) में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि शिविर में कोच्चि से आए विशेषज्ञ कार्डियक सर्जनों द्वारा बच्चों की जांच की जा रही है। अब तक लगभग 120 बच्चों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है तथा जांच का कार्य जारी है। चिकित्सकीय जांच के आधार पर जिन बच्चों को सर्जरी की आवश्यकता होगी, उन्हें उपचार के लिए चयनित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर एक वर्ष में लगभग 1,000 बच्चों की स्क्रीनिंग एवं सर्जरी कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।





**समय पर पहचान और उपचार है जरूरी**

मिशन निदेशक ने कहा कि सभी बच्चों को सर्जरी की आवश्यकता नहीं होती। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच के बाद ही यह तय किया जाता है कि किस बच्चे का तत्काल ऑपरेशन आवश्यक है, किसे कुछ समय बाद उपचार की जरूरत होगी तथा किन बच्चों का इलाज दवा से संभव है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि किसी बच्चे में जन्मजात हृदय रोग के लक्षण दिखाई दें तो बिना विलंब चिकित्सकीय परामर्श लें। आरबीएसके (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) की टीमों के माध्यम से ऐसे बच्चों की पहचान और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

**स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ बनाने पर सरकार का फोकस**

मिशन निदेशक ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य अवसंरचना, चिकित्सकीय सुविधाओं और स्वास्थ्य प्रबंधन को लगातार सशक्त किया जा रहा है। डॉक्टरों की नियुक्ति, आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता तथा अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य हो रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में स्वास्थ्य सेवाओं में और व्यापक सुधार दिखाई देगा।

**सदर अस्पताल एवं स्वास्थ्य संस्थानों में बढ़ीं सुविधाएं**

उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में मरीजों के लिए कई नई सुविधाएं विकसित की गई हैं। चिकित्सकों की नियमित उपलब्धता, साफ-सफाई, मरीजों एवं परिजनों के लिए बेहतर व्यवस्था तथा शिकायतों के त्वरित समाधान पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को भी इतना सक्षम बनाया जाए कि अधिक से अधिक मरीजों का उपचार स्थानीय स्तर पर ही हो सके।

**मलेरिया नियंत्रण के लिए विशेष अभियान जारी**

मिशन निदेशक ने कहा कि राज्य में मलेरिया नियंत्रण को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क है।संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित जांच, पर्याप्त मात्रा में टेस्ट किट की उपलब्धता, दवा का छिड़काव तथा साप्ताहिक निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार के कारण संक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो रहा है। प्रेस वार्ता में उपायुक्त अजय नाथ झा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, सिविल सर्जन डॉ ए बी प्रसाद, डीपीआरओ रवि कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# झारखंड के उप निर्वाचन पदाधिकारी ने झरिया विधानसभा का किया दौरा



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड के उप निर्वाचन पदाधिकारी देवदास दत्ता ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर आज झरिया विधानसभा का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के विशेष गहन पुनरीक्षण में खराब प्रदर्शन करने वाले मतदान केन्द्रों में गणना प्रपत्र के वितरण, संचयन एवं डीजीटाईजेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, वोलेंटियर्स तथा सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। झरिया विधानसभा के दौरे के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी ने भागा चौक के कई घरों के मतदाताओं से गणना प्रपत्र वितरण, संचयन एवं डीजीटाईजेशन से संबंधित वातालॉप किया। तत्पश्चात उन्होंने झरिया अंचल कार्यालय में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर 2026) के कार्यों का तथा कार्यालय में डीजीटाईजेशन के लिए जिला से प्रतिनियुक्त 12 कनीय अभियंताओं द्वारा किये जा रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डिजिटाईजेशन कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उप निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर 2026) में बेहतर कार्य करने वाली मतदान केन्द्र संख्या 136 एवं 74 की बीएलओ के कार्यों की प्रशंसा की। वहीं शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा करने के लिए बूथ संख्या 136 की बीएलओ आरती कुमारी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के मिशन निदेशक शशि प्रकाश झा ने बोकारो परिसदन में सिविल सर्जन सहित जिले के विभिन्न चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सदर अस्पताल में बर्थ वेटिंग रूम की व्यवस्था करने, प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा को 48 घंटे तक चिकित्सकीय निगरानी में रखने तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही मरीजों के परिजनों के लिए अटेंडेंट बेड की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिले के ट्रॉमा सेंटर को अनुमंडलीय अस्पताल में स्थानांतरित कर संचालित करने, बर्न यूनिट एवं पंचकर्म इकाई को शुरू करने तथा योग आधारित स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने का निर्देश दिया। इसके अलावा ममता वाहन एवं 108 एंबुलेंस सेवा को एकीकृत (इंटीग्रेटेड) व्यवस्था के तहत संचालित कर सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर बल दिया। बरसात के मौसम को देखते हुए उन्होंने मलेरिया की सघन जांच अभियान चलाने तथा ओआरएस का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों तक सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।




### डॉक्टर श्यामा प्रसाद यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने केज में मछली पालन के संबंध में ली जानकारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ श्यामा प्रसाद यूनिवर्सिटी, रांची के प्रोफेसर एवं छात्र-छात्राएं कोनार जलाशय में लगे हुए केज कलचर में मछली पालन देखने एवं सीखने के लिए आए। समिति के अध्यक्ष धीरज कुमार लहेरी ने छात्र छात्राओं को बताया कि केज कलचर से कैसे मछली पाला जाता है। किस सीड स्टॉकिंग फीडिंग, मार्केटिंग, हार्वेस्टिंग, किस तरह से किया जाता है। सभी तरह के केज में मछली पालन एवं बीमारी से लेकर इलाज, तकनीकी मार्केटिंग सारा चीज बताया गया। मछली का पलायन कैसे रोका जा सकता है, जिससे समिति के सदस्यों को रोजगार मिल रहा है। केज फिश फार्मिंग से छात्र-छात्राएं बहुत प्रभावित हुए। समिति के सदस्य अशोक महतो तपेश्वर महतो महावीर महतो वेस्ट महतो नीरज लहरी देवेंद्र महतो जमुना महतो निरंजन महतो प्रेमचंद महतो काली महतो भी मौजूद रहे। डॉ श्यामा प्रसाद का प्रोफेसर पूजा मैडम भी इसे प्रभावित हुए धीरज कु लहेरी एवं अशोक महतो को मछली पालन से अभी जानकारी छात्र छात्र-छात्रा को दिए इसके लिए मैडम ने धन्यवाद दिए।



### टुंडी के नवादा जंगल में मिली लाश, हत्या की आशंका

**टुंडी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद जिले के टुंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत नवादा जंगल में शनिवार की सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। शव खून से सना हुआ है। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह मशरूम चुनने गए ग्रामीणों ने जंगल में शव देखा। इसके बाद इसकी सूचना नवादा गांव के मुखिया को दी गई। मुखिया ने तुरंत मनियाडीह थाना पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है। आशंका जताई जा रही है कि हत्या कहीं और कर शव को छिपाने के उद्देश्य से जंगल में फेंका गया होगा। फिलहाल शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक जांच टीम को भी बुलाया है। पुलिस आसपास के थानों से गुमशुदा लोगों की जानकारी जुटा रही है और मामले के उद्भेदन में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि शव की पहचान के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है।



# पुलिस लाइन मैदान में कोयला क्षेत्रीय पुलिस खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

## पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया उद्घाटन, उपायुक्त अजय नाथ झा हुए शामिल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-12 स्थित पुलिस लाइन मैदान में शनिवार को कोयला क्षेत्रीय पुलिस खेल-कूद प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ पुलिस महानिरीक्षक, उत्तरी छोटानागपुर प्रक्षेत्र, शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा शामिल हुए। प्रतियोगिता की शुरूआत आतिशबाजी के साथ हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पुलिस पदाधिकारी, जवान एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम से पूर्व, पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, उपायुक्त अजय नाथ झा, पुलिस अधीक्षक श्री नाथू सिंह मीणा तथा अन्य पदाधिकारियों ने शहीद स्थल पर पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत सभी अतिथियों ने विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।






**खेल परंपरा आपसी समन्वय और टीम भावना को करती है मजबूत : आईजी**

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिन्हा ने कहा कि इस खेल प्रतियोगिता की परंपरा वर्षों पूर्व वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा शुरू की गई एक सराहनीय पहल है। यह आयोजन केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि आपसी मेल-जोल, समन्वय और टीम भावना को सुदृढ़ करने का प्रभावी मंच है। उन्होंने कहा कि आज भले ही मनोरंजन के अनेक आधुनिक साधन उपलब्ध हैं, लेकिन जब इस प्रतियोगिता की शुरूआत हुई थी, तब ऐसे संसाधन सीमित थे। ऐसे समय में खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन करना दूरदर्शी सोच का परिचायक था। उन्होंने कहा कि खेल पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ टीम भावना विकसित करते हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखने, किसी ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने अथवा चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने में टीमवर्क सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और खेल हमें यही सीख देते हैं।

**सफलता के लिए समर्पण और मेहनत आवश्यक**

पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि एक समय था जब खेलों को पढ़ाई की तुलना में कम महत्व दिया जाता था, लेकिन आज परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल चुकी हैं। खेलों में सम्मान, पहचान और उज्ज्वल भविष्य की अपार संभावनाएँ हैं। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी देश का गौरव बढ़ा रहे हैं तथा खेलों के माध्यम से रोजगार और सरकारी सेवाओं में भी अवसर प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण यह नहीं है कि कोई व्यक्ति किस क्षेत्र का चयन करता है, बल्कि यह है कि वह अपने चुने हुए क्षेत्र में कितनी मेहनत, लगन और ईमानदारी से कार्य करता है। स्पष्ट लक्ष्य, निरंतर अभ्यास और समर्पण सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

**पुलिसकर्मियों की फिटनेस और मानसिक सुदृढ़ता के लिए आयोजित होती है प्रतियोगिता : एसपी**

इससे पूर्व,पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा ने स्वागत भाषण में कहा कि पुलिस की ड्यूटी अत्यंत चुनौतीपूर्ण एवं कठिन होती है। ऐसे में पुलिसकर्मियों की शारीरिक फिटनेस, मानसिक सुदृढ़ता, आपसी समन्वय एवं अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक वर्ष इस खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। खेल हमारे शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं तथा नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सामूहिक कार्य संस्कृति को मजबूत बनाते हैं।

**क्रिकेट से लेकर एथलेटिक्स तक अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन**

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि प्रतियोगिता में क्रिकेट, खो-खो, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, फुटबॉल, हॉकी, कबड्डी तथा एथलेटिक्स की विभिन्न स्पधाओं का आयोजन किया जा रहा है। एथलेटिक्स में 100, 200, 400, 800, 1500 एवं 5000 मीटर दौड़ (महिला एवं पुरुष), 4100 एवं 4400 मीटर रिले, लंबी कूद, ऊँची कूद, ट्रिपल जंप, शॉट पुट, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो तथा डिस्कस थ्रो की प्रतियोगिताएं शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में धनबाद जिला पुलिस के 139 तथा बोकारो जिला पुलिस के 115 खिलाड़ियों सहित कुल 254 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के सफल एवं विवादरहित संचालन के लिए दोनों जिलों की पुलिस टीमों में टीम कप्तानों की नियुक्ति की गई है। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी, चास प्रांजल ढांडा, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, सिटी डीएसपी राजीव रंजन, मुख्यालय डीएसपी पवन कुमार, एपीआरओ अविनाश कुमार सिंह,ग्रामीण पुलिस अधीक्षक धनबाद सहित दोनों जिलों के पुलिस पदाधिकारी एवं जवान उपस्थित थे।

# बीएसएल के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा सघन एंटी लार्वा निरीक्षण एवं जन जागरूकता अभियान आरम्भ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल के जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा मानसून के दौरान मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम हेतु एक व्यापक टाउनशिप-व्यापी अभियान प्रारंभ किया गया है। इस पहल के दौरान विभाग द्वारा टाउनशिप के सभी सेक्टरों में विशेष निरीक्षण एवं एंटी-लार्वा उपचार अभियान का संचालन किया जा रहा है। प्रशिक्षित टीमें विभिन्न आवासीय परिसरों का गहन निरीक्षण कर रही हैं, जहाँ मच्छरों के प्रजनन के संभावित स्रोतों की पहचान की जा रही है, स्थिर व जल-जमाव वाले पानी को हटाया जा रहा है तथा आवश्यकतानुसार एंटी-लार्वा उपचार सुनिश्चित किया जा रहा है। यह निवारक एवं स्वास्थ्य संवर्धन पहल मच्छरों के पनपने की प्रक्रिया को मूल स्रोत पर ही नियंत्रित करने तथा डेंगू, चिकनगुनिया एवं मलेरिया जैसी बीमारियों के प्रसार को रोकने की दिशा में एक अहम कदम है। इस पहल को व्यवस्थित और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा 6 विशेष टीमों के माध्यम से एक विस्तृत अभियान की रुपरेखा तैयार कर ली गई है ताकि संपूर्ण टाउनशिप का कवरेज प्रभावी तरीके से किया जा सके। साथ ही जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा निवासियों से स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के अंतर्गत कुछ आवश्यक नियमों का पालन करने का अनुरोध किया गया है। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों में लगे कूलरों, फूलदानों, बाल्टियों या किसी भी अन्य बर्तनों में पानी को जमा न होने दें और कूलरों के पानी को सप्ताह में कम से कम एक बार अनिवार्य रूप से खाली कर उनकी सफाई करें। इसके अलावा घरों में जल भंडारण के लिए उपयोग होने वाले सभी टैंकों, ड्रमों और कंटेनरों को हमेशा उचित तरीके से ढककर रखना सुनिश्चित करें। इसके अलावा छतों या आसपास के खुले क्षेत्रों में पुराने टायर, नारियल के छिलके, खाली बोतलें, कबाड़ या ऐसी कोई भी अनुपयोगी सामग्री जमा नहीं करनी चाहिए जिसमें बारिश का पानी इकट्ठा हो सके। खुले स्थानों में ऐसा कोई भी कचरा फेंकने से पूरी तरह बचें जो जल-जमाव का कारण बन सकता हो। यदि किसी को बुखार, बदन दर्द या डेंगू व मलेरिया के संदिग्ध लक्षण महसूस हों, तो उन्हें कतई नजरअंदाज न करें और तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लें। निवासियों से यह भी आग्रह किया गया है कि वे अधिकृत जन स्वास्थ्य विभाग की निरीक्षण टीमों को अपने परिसरों की जांच करने की अनुमति दें तथा एंटी-लार्वा उपचार के दौरान उनका सहयोग करें।



# आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से तीन महिलाओं का लाख-लाख रुपए तक का उपचार निःशुल्क

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सदर अस्पताल में एक बार फिर आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उच्च गुणवत्ता की विशेषज्ञ चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई गई। इस संबंध में उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद ने बताया कि आज परमिला देवी, आशा देवी एवं राखी देवी को सफल उपचार के उपरांत पूर्णतः स्वस्थ होकर अस्पताल से डिस्चार्ज किया गया। बताया कि परमिला देवी एवं आशा देवी लंबे समय से अत्यधिक मासिक धर्म एवं अत्यधिक रक्तस्राव से पीड़ित थीं। लगातार रक्तस्राव के कारण दोनों महिलाओं में गंभीर रक्ताल्पता (एनीमिया) हो गई थी, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा था। सदर अस्पताल आने पर दोनों की आवश्यक जांच कराई गई तथा रक्त की कमी को रक्त चढ़ाकर एवं आवश्यक उपचार करके दूर किया गया। इसके बाद डॉ. संजीव कुमार प्रसाद के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम द्वारा दोनों मरीजों का सफल हिस्टेरेक्टॉमी ऑपरेशन किया गया।



वर्तमान में दोनों मरीज पूर्णतः स्वस्थ हैं तथा प्रसन्नतापूर्वक अपने घर लौट रही हैं।वहीं राखी देवी को लगभग 10 वर्ष पूर्व कॉपर-टी लगाया गया था। समय पूरा होने के बाद भी कई स्थानों पर प्रयास करने के बावजूद कॉपर-टी नहीं निकाला जा सका। अंततः उन्होंने सदर अस्पताल, धनबाद का रुख किया। यहां आवश्यक जांच के उपरांत डॉ. संजीव कुमार प्रसाद द्वारा सफलतापूर्वक कॉपर-टी निकाल दिया गया। उपचार के बाद राखी देवी ने राहत व्यक्त करते हुए सदर अस्पताल प्रशासन एवं चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इन तीनों मरीजों के उपचार पर निजी अस्पतालों में लगभग ₹90,000 से ₹1,00,000 तक का खर्च आ सकता था। किंतु आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत इन सभी का उपचार पूर्णतः निःशुल्क किया गया, जिससे मरीजों एवं उनके परिवारों पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं पड़ा। डिस्चार्ज के अवसर पर तीनों मरीजों ने झारखंड सरकार, स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान भारत योजना, जिला प्रशासन तथा सदर अस्पताल के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी आर्थिक चिंता के उत्कृष्ट चिकित्सा सुविधा प्राप्त हुई।

# बीसीसीएल सीएमडी मनोज अग्रवाल ने किया फेस्टिवल काला हीरा का उद्घाटन

## श्रेष्ठ दिव्यांग बाल श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त रूपांजन सेन ने शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोहा

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 10 वां ऑल इंडिया मल्टीलिंगुअल ड्रामा, डांस, ड्राइंग एंड म्यूजिक कंपटीशन फेस्टिवल काला हीरा का उद्घाटन स्टील गेट स्थित कम्युनिटी हॉल सीसीडब्लूओ में मुख्य अतिथि बीसीसीएल सीएमडी मनोज कुमार अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि जीएम एडमिनिस्ट्रेशन मनीष मिश्रा संयुक्त रूप से ने किया। अतिथियों को अंग वस्त्र ओढाकर, पुष्पगुच्छ देकर एवं काला हीरा का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीसीसीएल सीएमडी ने काला हीरा में अपनी प्रतिभा दिखाने पहुंचे देश के विभिन्न राज्यों से आए सभी कलाकारों और नाट्य मंच कर्मियों को बधाई दी और काला हीरा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद को कलाकारों को धनबाद में एकजुट -एकत्रित कर इस शानदार कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए प्रशंसा की। सीएमडी ने कहा, बीसीसीएल हमेशा काला हीरा कार्यक्रम को स्थानीय कलाकारों के उत्थान के लिए हमेशा साथ है और भविष्य में मदद करता रहेगा।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर की गई तत्पश्चात गणेश वंदना की प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। चार दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन शनिवार को 18 जुलाई को प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत पश्चिम बंगाल के कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक नृत्य एवं गायन कार्यक्रमों की दनेशनल कल्चरल प्रोग्रामर विधान चंद्र द दास के नेतृत्व में रविंद्र संगीत, फोल्क क्लासिकल, सेमी क्लासिकल, भरतनाट्यम, पेट्रियोटिक, योगा मॉडर्न, वेस्टर्न, नजरुल, क्रिएटिव, कथक, वोकल, नृत्य,मोनो एक्ट की दमदार व एक से बढ़कर एक दर्शनीयजीवंत प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। उनके समृद्ध सांस्कृतिक नृत्य मधुर संगीत और अभिनय में दर्शकों का मन मोह लिया यह कला और संस्कृति का बेहतरीन संगम था। जिसे दर्शकों ने हर परफॉर्मेंस के बाद तालियां बजा,हौसला अफजाई कर खूब स्वागत किया। और सबसे खास स्वागत अभिनंदन रूपांजन सेन का डांस, योगा और इंस्ट्रूमेंट परफॉर्मेंस के लिए किया गया। रूपांजन को वर्ष 2023 के लिए श्रेष्ठ दिव्यांग बाल/बालिका' श्रेणी में राष्ट्रीय पुरस्कार से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए यह पुरस्कार प्रदान किया गया था। पश्चिम बंगाल के कोलकाता के रहने वाले एक प्रतिभाशाली बहु-कलाकार (डांसर और कीबोर्ड वादक) हैं। बता दें डाउन सिंड्रोम से प्रभावित होने के बावजूद, उन्होंने नृत्य और संगीत के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की है। इन सभी कार्यक्रमों के उपरांत काला हीरा के मंच पर गुरु सम्मान समारोह में बिधान चंद्र को दास आर्ट एंड कल्चर, सास्वती सेन को कत्थक, संगीता चटराज को फोल्क, अपूर्व कुमार बगची को रिसीटेशन, शुभम सखा डेनरी को फोल्क,आलोक भादूड़ी को आर्ट एंड कल्चर, अनूप घोष को भरतनाट्यम, अनिर्बन साहा को सेट एंड ड्रॉ, ओइनड्रिला दत्ता को भरतनाट्यम में कलाकारों को विशेष मार्गदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिन रविवार को स्थानीय कलाकारों के द्वारा नृत्य गीत संगीत व ड्राइंग पेंटिंग प्रस्तुत की जाएगी जिसकी उपरांत निर्णायक मंडली द्वारा घोषित विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में को सफल बनाने में काला हीरा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, मिताली मुखर्जी,सचिव हेमंत कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष नरेश राय, महेंद्र गिरी, संजय भारद्वाज, संतोष रजक सक्रिय थे।




### परीक्षाओं में कथित धांधली के खिलाफ भाजपा में उबाल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय जनता युवा मोर्चा, बोकारो जिला की बैठक बोकारो परिसदन में जिलाध्यक्ष विनोद कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 22 जुलाई को जेपीएससी कार्यालय घेराव तथा पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकालने की योजना बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा बोकारो जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र राज ने कहा- हेमंत सोरेन की सरकार जे पी एस सी की परीक्षाओं में लगातार धांधली करते हुए युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। राज्य के अंदर प्रत्येक क्षेत्र में अराजकता का माहौल है। बैठक को संबोधित करते हुए भाजयुमो जिलाध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा, झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार से युवा वर्ग त्रस्त है। इस सरकार ने युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने का कुचक्र रचा है। माय माटी और मानुष के नाम व झारखंडी युवाओं को रोजगार का झूठा झांसा देकर हेमंत सोरेन सरकार ने हर मोर्चे पर राज्य के छात्रों- युवाओं को ठगने का कार्य किया है। बैठक का संचालन भाजयुमो जिला मंत्री मनोज पाण्डेय ने किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com